सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 23 मई, 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 139, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 645 अंकों की गिरावट

कमजोरी के संकेतों से पैदा हुए बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स 645 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 204 अंकों की गिरावट रही। } 14

टकराव समाप्त करने को लेकर भारत-पाक के बीच बनी सहमति

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष समाप्त करने को लेकर सहमति दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी है। } 16

यूपी एटीएस ने दो पाकिस्तानी जासूसों को दबोचा

पाक उच्चायोग में नियुक्त कर्मचारी मुजम्मल हुसैन के सम्पर्क में था हारून

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पाकिस्तान प्रायोजित राष्ट्रविरोधी संगठन से जुड़कर भारत के विरुद्ध कार्य करने व पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोपी मो० हारुन को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान प्रायोजित राष्ट्रविरोधी संगठन से जुड़कर भारत के विरुद्ध कार्य करने व पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले आरोपी तुफैल अहमद को यूपी एटीएस नें वाराणसी के आदमपुर से गिरफ्तार किया है।

तुफैल

मो0 हारून

यूपी एटीएस नें बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति मो० हारुन पुत्र अतीकुरर्हमान, निवासी-सीलमपुर, दिल्ली जो स्क्रैप का काम करता है। पाकिस्तान उच्चायोग मे नियुक्त कर्मचारी मुजम्मल हुसैन के साथ मिलकर पाकिस्तान का वीजा दिलवाने के नाम पर अवैध धन वसूली कर रहा है तथा उसके साथ राष्ट्र हित से जुडी सुरक्षा सम्बन्धित सूचना साझा कर देश-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है। इस पर कार्रवाई शुरू की गईं तो प्रकाश में आया कि कि मो० हारुन काफी दिनों से मुजम्मल हुसैन नाम के व्यक्ति के संपर्क में है, जो पाकिस्तान का रहने वाला है और पाकिस्तानी उच्चायोग, नई दिल्ली में काम करता है। यूपी एटीएस नें बताया कि मो० हारुन की पाकिस्तान में रिश्तेदारी है जिस कारण पाकिस्तान जाने आने के कारण पाकिस्तान उच्चायोग आने जाने से यह मुजम्मल हुसैन के सम्पर्क में आया। मुजम्मल हुसैन के साथ मिलकर मो० हारुन ने वीजा दिलाने के नाम पर अलग-अलग खातों में कई लोगों से पैसे जमा करवाए। मो० हारुन ने यह जानते हुए कि मुजम्मल पाकिस्तानी नागरिक है और पाकिस्तान उच्चायोग में काम करता है। उसके साथ लगातार सम्पर्क रखते हुए भारत की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की। जिनका उपयोग कर मुजम्मल हुसैन ने भारत को अस्थिर करने और इसकी आंतरिक सुरक्षा को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया।

यूपी एटीएस के मुताबिक जानकारी मिली थी कि वाराणसी उत्तर प्रदेश का रहने वाला तुफैल व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़कर पाकिस्तान द्वारा प्रयोजित राष्ट्रविरोधी संगठन बनाकर भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को छति पहुंचाने की नीयत से कार्य किया जा रहा है। यह व्यक्ति भारत की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ पाकिस्तान के नंबरो पर साझा कर रहा है। इस पर एटीएस फील्ड यूनिट वाराणसी नें जाँच ...शेष पृष्ठ 14 पर

राहत कार्यों में तेजी लायें अफसर : योगी

यूपी में आंधी-तूफान से 15 लोगों की मौत, फसलों को हुआ नुकसान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के विभिन्न जिलों में बुधवार-बृहस्पतिवार की दरम्यानी रात तेज आंधी और बारिश के कारण पेड़ उखड़ने तथा दीवार और खम्बे गिरने की घटनाओं में एक सिपाही समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी तथा अनेक अन्य जख्मी हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश और ओलावृष्टि के मद्देनजर सम्बन्धित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, एटा में आंधी-तूफान के कारण हुई दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई तथा 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तूफान के कारण कई इमारतें भी ढह गईं। उनके मुताबिक, जलेसर कोतवाली क्षेत्र के महानमई गांव में तीन बच्चों और तीन महिलाओं समेत एक ही परिवार के छह सदस्य एक दीवार और टिन शेड के ढहने से मलबे

में दब गये। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नगला लोढ़ा में एक चिलर प्लांट का एक हिस्सा आंधी-तूफान के बीच अचानक ढह गया और उसके मलबे में दबने से विवेक (35) और पुष्पेंद्र (45) नामक व्यक्तियों की मौत हो गयी। उनके अनुसार, इसके अलावा उदयपुरा गांव में तेज आंधी की वजह से कंक्रीट की दीवार ढह गयी और उसके मलबे में दबने से सुरेंद्र (45) की मौत हो गई। जिरासमी गांव के महाराज सिंह (59) की भी टिन की चादर से गम्भीर चोट लगने से मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उनके मुताबिक, बुलंदशहर जिले में भी आंधी-तूफान के कारण हुई दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। अहमदगढ़ के मुरादपुर गांव में खलील (35) नामक व्यक्ति की अपने घर की दीवार गिरने से मलबे में दबकर मौत हो गई और उसकी पत्नी फूल बानो घायल हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि डिबाई के कुमारोआ गांव के प्रकाश उर्फ भूपेंद्र (30) की तेज हवाओं के दौरान छत से सोलर प्लेट हटाने का प्रयास करते समय नीचे गिरने से मौत हो गयी जबकि अनूपशहर क्षेत्र में रवि (16) की मौत उस समय हो गई, जब वह अपने दो साथियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारतीय सेना के आगे पाकिस्तान ने टेके घुटने

प्रधानमंत्री मोदी ने अमृत भारत स्टेशनों का डिजिटल माध्यम से किया उद्घाटन

एजेंसी

बीकानेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के दुश्मनों ने देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। प्रधानमंत्री ने भारत के सशस्त्र बलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। पीएम मोदी ने गुवाहाटी के पुनर्विकसित हयबरगांव रेलवे स्टेशन का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। नगांव जिले के इस छोटे रेलवे स्टेशन को 15.85 करोड़ रुपये की लागत से नया रूप दिया गया है और यह देश भर के उन 103 अमृत भारत स्टेशन का हिस्सा है जिनका

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया। झारखंड में गोविंदपुर रोड, राजमहल और शंकरपुर रेलवे स्टेशन का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। गुजरात में केंद्र सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए गए इन 18 स्टेशनों में सीहोर, उटारन, डाकोर, देरोल, हापा, जामजोधपुर, जामवंतली, कनालुस, करमसद, कोसांबा, लिंबडी, महुवा, मीठापुर, मोरबी, ओखा, पालिताना, राजुला और सामख्याली और उत्तर प्रदेश के बलरामपुर, बरेली सिटी, बिजनौर, फतेहाबाद, गोला गोकर्णनाथ, गोवर्धन, गोविंदपुरी, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा, इज्जतनगर, करछना, मैलानी, पुखरायां, रामघाट हॉल्ट, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सुरेमनपुर, स्वामिनारायण छपिया और उझानी स्टेशन शामिल हैं। मोदी ने यहां पलाना देशनोक में जनसभा को संबोधित किया। यह भारतीय सशस्त्र

बलों के ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनका राजस्थान में पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिए। पाकिस्तान की सीमा से सटे इस इलाके में उन्होंने कहा, दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। उन्होंने कहा मोदी का दिमाग ठंडा रहता है लेकिन मोदी का लहू गर्म होता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं गर्म सिंदूर बह रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, अब भारत ने दो टूक साफ कर दिया है, हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। और ये कीमत, पाकिस्तान की सेना चुकाएगी, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया प्रतिशोध का खेल नहीं बल्कि न्याय ...शेष पृष्ठ 14 पर

गति व गौरव के प्रतीक हैं अमृत स्टेशन : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश के 19 रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प हुआ है। यह भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए इसे शगति और गौरव के उत्तम समन्वय का नया प्रतीकश बताया है। उन्होंने कहा कि अमृत स्टेशन नये भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं। बता दें कि अमृत भारत स्टेशन न केवल आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा देंगे। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर, बरेली सिटी, बिजनौर, फतेहाबाद, गोला गोकर्णनाथ, गोवर्धन, गोविंदपुरी, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा, इज्जतनगर, करछना, मैलानी, पुखरायां, रामघाट हॉल्ट, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सुरेमनपुर, स्वामिनारायण छपिया और उझानी स्टेशनों को ...शेष पृष्ठ 14 पर

एक मतदान केंद्र पर 1200 मतदाताओं की सीमा तय

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा तय की है जिससे भीड़भाड़ से बचा जा सके। उच्च-आवासीय इमारतों और कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए मृत्यु पंजीकरण का डेटा रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से सीधे प्राप्त किया जाएगा और सत्यापन के बाद अपडेट किया जाएगा। मतदाता जानकारी पर्चियों में मतदाता की श्रृंखला संख्या और भाग संख्या को अब अधिक स्पष्टता से दर्शाया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, समावेशी और सुलभ बनाने के लिए 18 नई पहल की है, जो मतदाताओं से लेकर राजनीतिक दलों, निर्वाचन कर्मचारियों और तकनीकी सुधारों तक सभी को ध्यान में रखती हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में मतदाताओं के लिए निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम और आसान बनाने के कदम उठाए गए हैं। देशभर में सीईओ, डीईओ और ईआरओ स्तर पर 4719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

विनय शंकर तिवारी को हाईकोर्ट से जमानत

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गुरूवार को मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत आरोपी बनाए गए सपा नेता विनय शंकर तिवारी की जमानत याचिका को मंजूर कर लिया है। उक्त मामले में विनय शंकर तिवारी व अन्य अभियुक्तों पर बैंकों के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी करने का आरोप है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने विनय शंकर तिवारी की जमानत याचिका पर पारित किया। इसके पूर्व 9 मई को सीबीआई की विशेष अदालत ने विनय शंकर की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली। मामला बैंकों के कंसोर्टियम से करोड़ों की धोखाधड़ी से सम्बंधित है। उक्त मामले में गंगोत्री इंटरप्राइजेज लिमिटेड व इसके निदेशक अजीत पांडेय, विनय शंकर तिवारी तथा रीता तिवारी के विरुद्ध सीबीआई की चार्ज शीट पर भी समन जारी करने का आदेश हो चुका है। इस मामले में कंसोर्टियम के केनरा बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक, ओरिएटंल

अनियमितता में 20 शिक्षक बर्खास्त

कुशीनगर। जिले में आवेदन के दौरान गलत जानकारी देकर नियुक्ति हासिल करने के आरोप में 20 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि जांच में इन शिक्षकों की मेधा सूची और शैक्षणिक कट-ऑफ अंकों में विसंगतियां सामने आई हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र तिवारी के निर्देश पर साल 2021 से कुशीनगर जिले में तैनात 20 ऐसे शिक्षकों की पहचान की गई है जिनकी मेधा सूची और शैक्षणिक कट-ऑफ अंकों में विसंगतियां हैं। इन शिक्षकों को बाद में भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएं पूरी न करने के कारण बर्खास्त कर दिया गया है।

आतंकवाद के खिलाफ यूएई का सख्त रुख

श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा यूएई

एजेंसी

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में अपनी ओर से भारत के लिए अटूट समर्थन की बृहस्पतिवार को पुष्टि की। यूएई के एक सांसद ने आतंकवाद कौ वैश्विक खतरौ औरै पूरी मानवता के लिए बुराईं करार दिया।

आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक संपर्क के तहत शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक बैठक के बाद संघीय राष्ट्रीय परिषद की रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष अली राशिद अल नुएमी ने यह टिप्पणी की। अल नुएमी ने कहा,ै आतंकवाद केवल

एक राष्ट्र या क्षेत्र के लिए ही खतरा नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक खतरा है। हमारा मानना है कि हमें, एक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रूप में एक साथ आकर पूरी मानवता के लिए बेहतर भविष्य बनाने का प्रयास करना चाहिए। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने अंताराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की ...शेष पृष्ठ 14 पर

ट्रांसफॉर्मर की चिंगारी से लगी आग, 200 घर राख

बदायूं। जिले के सहसवान क्षेत्र के टप्पा जामनी गांव में बुधवार देर रात को आंधी के चलते ट्रांसफॉर्मर से उठी चिंगारी ने देखते ही देखते पूरे गांव के लगभग 200 घरों को अपने चपेट में ले लिया और पूरा गांव राख के ढेर में तब्दील हो गया।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक गांव के लोगों ने भाग कर अपनी जान बचा ली लेकिन एक व्यक्ति आग में झुलस कर घायल हो गया और सैकड़ों की संख्या में पालतू पशु जलकर मर गए। झुलसे व्यक्ति को उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कर शुरू कराया। हालांकि, दमकल की गाड़ियां जब तक गांव पहुंचीं तब तक पूरा गांव राख में तब्दील हो चुका था।

श्री हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना

आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम : धामी

प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश (उत्तराखंड)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि.) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में श्री हेमकुण्ड साहिब यात्रा के प्रथम जत्थे को रवाना किया। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी यात्रा के सुगम और सुरक्षित संपन्न होने की कामना की।

राज्यपाल ने कहा कि श्री हेमकुण्ड साहिब की यात्रा आस्था, भक्ति और विश्वास की प्रतीक है। समुद्र तल से 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित इस तीर्थ स्थल की लगभग 18 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा हर श्रद्धालु की

धैर्य, साहस और श्रद्धा की परीक्षा है। उन्होंने सिख गुरुओं के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि स्वाभिमान, साहस, बलिदान, परिश्रम और सेवा सिख परंपरा के मूल स्तंभ हैं। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी की वाणी निश्चय कर अपनी जीत करौं को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। राज्यपाल ने बताया कि राज्य सरकार इस यात्रा को सरल, सुगम और सुरक्षित...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 43.06 डिसे.
न्यूनतम : 29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- 2027 तक यूपी को बाल श्रम मुक्त किये जाने का लक्ष्य (पृष्ठ-02)
- जमीयत खटखटायेगी अदालत का दरवाजा (पृष्ठ-02)
- सोना 200 रुपये मजबूत, चांदी 2,040 रुपये चढ़ी (पृष्ठ-14)
- ओएनजीसी का शुद्ध लाभ में 35 प्रतिशत घटा (पृष्ठ-14)
- भारत तेल मांग में चीन को पीछे छोड़ देगा (पृष्ठ-14)

विशेष खबर ज्योति की यात्राओं का पैटर्न समझने में जुटी जांच एजेंसी, बैंक खातों पर भी चल रही कार्रवाई

पाकिस्तानी दूतावास से अनुमति लेकर वीडियो डालती थी ज्योति

एजेंसी

नई दिल्ली। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ में सामने आया है कि पाकिस्तान से जुड़े वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने से पहले इन्हें पाकिस्तान दूतावास के अधिकारी दानिश के पास भेजा जाता था। इस पर दानिश उन वीडियो को देखता और ज्योति को कुछ निर्देश देता था। इसके बाद ज्योति वीडियो को निदेर्शानुसार एडिट करती और फिर सोशल मीडिया पर अपलोड करती थी। माना जा रहा है कि दानिश वीडियो से पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले सीन डिलीट कराता था। वह जांच करता कि पाकिस्तान की सुरक्षा से जुड़ा कोई गोपनीय अंश वीडियो में न जाए। ज्योति के मोबाइल से इस तरह के वीडियो भेजे जाने के साक्ष्य पुलिस को मिले हैं।

ज्योति के चार अलग-अलग बैंकों में खाते हैं। इनकी जांच चल रही है। पुलिस ने बैंक खातों के लेन-देन के बारे में अभी किसी तरह की टिप्पणी से इन्कार किया है। जानकारी के अनुसार बैंक खातों में बड़ी रकम नहीं मिली है। ज्योति की ओर से अभी तक केस लड़ने के लिए कोई वकील नियुक्त नहीं किया गया है। ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि मेरे पास वकील करने के लिए पैसे नहीं हैं। मुझे पता नहीं कि वकील कैसे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दिन से मीडिया और पुलिस के अलावा मेरे घर कोई नहीं आ रहा। पड़ोसी और रिश्तेदारों ने दूरी बना ली है। पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियां ज्योति की यात्राओं के पैटर्न को समझने का प्रयास कर रही रही हैं, जिसमें ज्योति की यात्रा के बाद डाले गए वहां के वीडियो व उन एरिया में हुई आतंक की घटनाओं के लिंक को जोड़ने की कोशिश की जा रही है। ज्योति जिन एरिया में गई, वहां कोई संदिग्ध आतंकी पकड़े गए या वहां पर कोई घटना तो नहीं हुई। ज्योति की किस-किस यात्रा को किसकी स्पांसरशिप मिली, इस तथ्य को भी जुटाया जा रहा है। पुलिस की एक टीम ज्योति मल्होत्रा पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) लगाने पर भी कानूनी राय ले रही है। देश की सुरक्षा से जुड़े साक्ष्य पाकिस्तान के लोगों तक पहुंचाने के सबूत मिलने पर यूएपीए लगाया जा सकता है। अगर ज्योति पर यूएपीए लगा तो काफी कठोर सजा का प्रावधान है।

मिट्टी का टीला ढहने से सात लोगों की मौत

जिला संवाददाता

प्रतापगढ़/ गोंडा। प्रतापगढ़ और गोंडा जिले में मिट्टी ढहने से चार बच्चियों समेत सात लोगों की मौत हो गई। प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर थाना कोतवाली कुंडा क्षेत्र में बकुलाही नदी में बृहस्पतिवार की सुबह 11 बजे नदी से मिट्टी निकलने गई तीन सगी बहनों सहित चार बालिकाओं की डूबने से मौत हो गई।

प्रतापगढ़ व गोंडा जिले में हुए हादसे

प्रतापगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने बताया कि डिहवा जलालपुर गांव के जीतलाल की तीन बेटियां स्वाति (13), संध्या (11), चांदनी (6), और पड़ोसी पृथ्वीपाल की बेटी प्रियांशी (7) चूल्हा और दीवारों पर लेप के लिए मिट्टी निकालने गई थीं। चारों बच्चियां अचानक गहरे पानी में जाने से डूबने लगीं। साथ गई बच्चियों ने शोर गुल मचाया तो लोग पहुंचे और चारों बच्चियों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और चारों की मौके पर मौत हो गई। वहीं , गोंडा जिले में एक मजार के पास टीले की खुदाई के दौरान मिट्टी धंस जाने से उसमें दब कर तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बृहस्पतिवार ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

शासन के लिए किसानों का हित सर्वोपरि : सीएस

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शासन के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। किसानों की आय में वृद्धि के लिए शासन स्तर से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। विगत वर्षों में प्रदेश में गन्ना भुगतान की स्थिति बेहतर हुई है। एमएसपी के तहत गेहूं और धान के खरीद की पारदर्शी व्यवस्था और समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है। मुख्य सचिव गुरुवार को विभिन्न किसान यूनियन के पदाधिकारियों से भेंट कर रहे थे। उन्होंने किसान यूनियन द्वारा किसानों की बिजली, सिंचाई, राजस्व, खनन आदि से संबंधित समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंश निर्धारण के मामलों का विशेष कैंप लगाकर निस्तारित किया जाये, ताकि किसानों को अनावश्यक न्यायालयों के चक्कर न लगाना पड़े। बैठक में एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी, जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी आदि उपस्थित थे।

अदालत का दरवाजा खटखटायेगी जमीयत

लखनऊ। प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद उत्तर प्रदेश में सरकार द्वारा गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को कथित रूप से जबरन बंद कराये जाने के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटायेगा।जमीयत उलेमा-ए-हिंद (अरशद मदनी) की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बृहस्पतिवार को लखनऊ में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। संगठन के वरिष्ठ सदस्य और विधिक सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने बताया कि जमीयत की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष मौलाना अशहद रशीदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश के कई जिलों, खासकर नेपाल से सटे बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, महराजगंज तथा कुछ अन्य जनपदों में हाल में प्रशासन द्वारा गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को जबरन बंद कराये जाने की कार्रवाई को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती देने का निर्णय लिया गया है।

योग से मिलेंगे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर

बीबीडीयू 90.8 एफ.एम. सामुदायिक रेडियो स्टेशन के कार्यक्रम योग बंधन का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय द्वारा आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय- योग फॉर वन अर्थ वन हेल्थ के अंतर्गत बी.बी.डी.यू. 90.8 एफ.एम. सामुदायिक रेडियो स्टेशन के द्वारा 21 मई से 21 जून 2025 तक चलाए जा रहे योग पर विशेष कार्यक्रम 'योग बंधन ' का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य जन मानस मे योग के प्रति जागरूकता का प्रसार करना है ताकि एक स्वस्थ भारत का निर्माण किया जा सके। इस संकल्प के अंतर्गत कार्यक्रम योग बंधन का शुभारंभ आचार्य डॉ यश पराशर एवं डॉ मालविका बाजपेई के संग रेडियो साक्षात्कार के माध्यम से हुआ। इस अवसर पर युवाओं मे योग के प्रति जागरूकता और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओ के निराकरण मे योग का प्रभावी योगदान एवं साथ ही साथ योग का सभी उम्र के व्यक्तियों के जीवन शैली मे सकारात्मक स्थान , योग से युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के अवसर, जैसे विशेष बिन्दुओं पर आर.जे. निहारिका और आर.जे. अभिषेक द्वारा विशेष अतिथि आचार्य डॉ यश पाराशर एवं डॉ मालविका बाजपेई के संग चर्चा की गई। इसके उपरांत बी.बी.डी.यू. विश्वविद्यालय के प्रो. वॉइस चांसलर प्रो. (डॉ) सतीश चन्द्र शर्मा एवं डीन स्टूडेंट वेल फेयर प्रो. (डॉ) सैयद कामिल रिजवी के द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिह्न दे कर सम्मानित किया गया।

बी.बी.डी.यू. 90.8 एफ एम सामुदायिक रेडियो स्टेशन द्वारा सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक प्रसारित किए जा रहे 21 मई से 21 जून 2025 तक योग पर आधारित विशेष कार्यक्रम योग बंधन को सुनने के लिए आज ही डाउनलोड करे बी.बी.डी. 90.8 एफ.एम. की रेडियो एप जो की एंडरोइड और आईएसओ दोनों प्लैटफार्म पर उपलब्ध है ।

यूपी के हालात की जानकारी लेंगे नोडल अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शासन द्वारा विकास कार्यों की हकीकत तथा जनता का फीडबैक जानने के लिए सभी जिलों के लिए नोडल अधिकारी नामित करने का निर्णय लिया गया है। यह अधिकारी 24 व 25 मई को जनपद भ्रमण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मुख्य सचिव गुरुवार को जनपद भ्रमण के लिए नामित नोडल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर रहे थे। उन्होंने नोडल अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह जल जीवन मिशन से संबंधित परियोजनाओं, गौ-आश्रय स्थलों तथा बडी और प्रमुख निर्माण परियोजनाओं का रैंडम निरीक्षण करें। जल जीवन मिशन के तहत घरों में नल से जल आपूर्ति, ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस, कनेक्शन शुल्क की वसूली, ओवरहेड टैंक का निर्माण तथा रोड कटिंग के उपरांत निर्माण की स्थिति का जायजा लिया जाये। साथ ही, ग्राम वासियों से योजना के बारे में फीडबैक लिया जाये और सोलर उपकरण के रखरखाव और स्वच्छता व्यवस्था की जांच की जाये। गौ-आश्रय स्थलों के संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि इनके संचालन, शासन द्वारा आवंटित धनराशि के उपयोग तथा भूसा बैंक की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जाये। निःशुल्क गाय प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का भी फीडबैक लिया जाये। इसी प्रकार बड़ी अथवा प्रमुख निर्माण परियोजनाओं का निरीक्षण कर यथास्थिति का आकलन किया जाये। उन्होंने जोर देकर कहा कि नोडल अधिकारी निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निरीक्षण करें ताकि विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का सटीक मूल्यांकन हो सके।

- **मुख्य सचिव ने जिलों में भ्रमण के लिए नामित नोडल अधिकारियों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक**

जैव विविधता का महत्व भारत से अधिक कोई देश नहीं समझ सकता : योगी

मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर 'प्रकृति तथा सतत विकास के साथ सामंजस्य' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी-2025 का किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे वैदिक ऋषि सृष्टि के संरक्षण के लिए हमसे आश्वासन चाहते हैं कि हम मनुष्य के अस्तित्व को बनाये रखने के लिए सम्पूर्ण चराचर जगत के विषय में विचार करें। हम सभी को मनुष्यों, जीव-जन्तुओं, पेड़-पौधों आदि को सम्मिलित करते हुए जैव विविधता के पूरे चक्र का संरक्षण करना पड़ेगा। इसीलिए अर्थववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता और हम सब इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते हम अपनी जिम्मेदारियों का कितना निर्वहन कर रहे हैं, यह एक ज्वलन्त प्रश्न है।

- **प्रदेश के वन विभाग ने विगत 8 वर्षों में 210 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण का कार्यक्रम आगे बढ़ाया**

मुख्यमंत्री गुरुवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर 'प्रकृति तथा सतत विकास के साथ सामंजस्य' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी-2025 का उद्घाटन करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्रीन बजट और जैव विविधता पर पुस्तिकाओं का विमोचन किया। जैव विविधता आधारित चित्रकला, निबन्ध लेखन व वाद.विवाद प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत तथा कॉर्बन क्रेडिट के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले पर्यावरणविदों को सम्मानित किया। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री ने विविध पर्यावरण उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैव विविधता का महत्व भारत से अधिक कोई अन्य देश नहीं समझ सकता। सनातन धर्मावलम्बी के घर में मांगलिक कार्यों पर शान्ति पाठ आयोजित किया जाता है। यह शान्ति पाठ केवल वहां रहने वाले व्यक्तियों के कल्याण के लिए नहीं होता, बल्कि इसकी शुरूआत द्यौ शान्तिः, अन्तरिक्ष शान्तिः, पृथ्वी शान्तिः, आपः शान्ति, वनस्पतयः शान्तिः आदि से होती है। अर्थात सम्पूर्ण चराचर जगत के कल्याण की कामना के साथ मांगलिक अनुष्ठान प्रारम्भ होता है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता संरक्षण के विषय में वर्ष 1992 में वैश्विक पटल पर चर्चा की गयी। जब पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक प्रयास आगे बढ़ेंगे, तो उसके अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। जो व्यक्ति प्रकृति के जितना अधिक नजदीक रहेगा, वह स्वयं को उतना ही अधिक स्वस्थ महसूस करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के बॉयोडायवर्सिटी बोर्ड ने जैव विविधता संरक्षण के लिए अभियान को आगे बढ़ाया है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन इसी क्रम में किया गया है। पर्यावरण प्रकृति और मानव का समन्वित रूप है। प्रकृति और मानव के समन्वय के बिना पर्यावरण संरक्षण की कल्पना नहीं की जा सकती। पहले लोग खेतों में आग नहीं लगाते थे। फसल कटने के बाद पराली का व्यवस्थित प्रबन्धन किया जाता था। गांवों का सॉलिड वेस्ट खाद के गड्ढे में डाला जाता था तथा कम्पोस्ट तैयार होने पर खेतों में उर्वरक के रूप में उसका उपयोग किया जाता था। गांवों के तालाबों में नालियों का पानी नहीं जाता था। तालाब स्वच्छता के प्रतीक होते थे। लोग प्रकृति तथा जलस्रोत की पूजा करते थे। हर उस पवित्र कार्य को आराधना से जोड़ा गया था, जो मनुष्य के जीवन तथा जीव सृष्टि के लिए उपयुक्त था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में जीव-जन्तुओं के अचानक परिवर्तित व्यवहार को देखकर आश्चर्य होता है। कोई जंगली जानवर बिना किसी कारण के हिंसक नहीं होता है। इन कारणों पर हमें विचार करना पड़ेगा। पहले घर में चींटियां निकलने के स्थान पर हमारे बड़े-बुजुर्ग आटा और चीनी डालने को कहते थे। चींटियां यह सामग्री लेकर वापस चली जाती थीं। अब चींटियां निकलने पर लोग कीटनाशक स्प्रे कर उन्हें मार देते हैं। माता जानकी की रक्षा करने वाले जटायु रामायण के पहले बलिदानी माने जाते हैं। आज जटायु के संरक्षण के लिए केन्द्र बनाने पड़ रहे हैं। केमिकल, फर्टिलाइजर और पशुओं के लिए प्रयुक्त होने वाली दवाओं के अत्यधिक प्रयोग से इनके जीवन पर संकट उत्पन्न हो रहा है। प्रकृति के शोधन का काम करने वाला गिद्ध आज अपने अस्तित्व के लिए जूझ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संगोष्ठी में इन सभी विषयों पर विचार करने की आवश्यकता है। अलग-अलग सेक्टर को चिन्हित करने की आवश्यकता है। यह सृष्टि केवल मनुष्य के लिए नहीं है। यदि मनुष्य को अपना अस्तित्व बचाना है, तो उसे जीव-जन्तुओं, जलस्रोतों, पर्यावरण आदि के संरक्षण की दिशा में कार्य करना पड़ेगा। साथ ही, पर्यावरण के समन्वित रूप के विषय में गहन चिन्तन की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के वन विभाग ने विगत 8 वर्षों में 210 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण का कार्यक्रम आगे बढ़ाया है। इसके माध्यम से प्रदेश के फॉरेस्ट कवर को बढ़ाने में मदद मिली है। यह पर्यावरण और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता का उदाहरण है। वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किये हैं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि के लिए जैव विविधता अत्यन्त आवश्यक है।

नौकरी और रोजगार भाजपा सरकार के एजेंडे में नहीं : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार भाजपा सरकार के एजेंडे में नहीं है। जिस तरह से नौकरियों के बारे में की गयी पोस्ट डिलीट कर दी गयी है, वैसे ही नौकरियां भी उत्तर प्रदेश से डिलीट कर दी गयीं हैं। प्रदेश सरकार का 1,93,000 शिक्षक भर्तियों के जुमलाई विज्ञापन से जन्मा आक्रोश 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार का राजनीतिक गणित है।

उन्होंने कहा कि मान लिया जाए कि एक पद के लिए कम से कम 75 अभ्यर्थी होते तो यह संख्या होती है 1,44,75,000 और एक अभ्यर्थी के साथ यदि केवल उनके अभिभावक जोड़ लिए जाएं तो कुल मिलाकर 3 लोग इससे प्रभावित होंगे अर्थात ये संख्या बैठेगी 4,34,25,000। ये सभी व्यस्क होंगे अतः इन्हें 4,34,25,000 मतदाता मानकर अगर उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों से विभाजित कर दें तो ये आंकड़ा लगभग 1,08,000 वोट प्रति सीट का आयेगा और अगर इनका

आधा भी भाजपा का वोटर मान लें चूंकि भाजपा 50 फीसदी वोटर्स की जुमलाई बात करती आयी है, तो लगभग 1,08,000 का आधा मतलब हर सीट पर 54,000 मतों का नुकसान भाजपा को होना तय है। भाजपा 2027 के विधानसभा चुनावों में दहाई सीटों पर ही सिमट जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस भर्ती के मामले में भर्तियों का ये गणित भाजपा को उत्तर प्रदेश में लगभग आधी सीटों पर हारने में सफल भी रहा है, ऐसे आंकड़ों को अब सब गंभीरता से लेने लगे हैं। अब ये मानसिक दबाव का नहीं वरन सियासी सच्चाई का आंकड़ा बन चुका है। उन्होंने कहा कि जैसे ही ये आंकड़ा प्रकाशित होगा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले भाजपाई प्रत्याशियों के बीच जाएगा वैसे ही उनका राजनीतिक गुणा-गणित टूट कर बिखर जाएगा और विधायक बनने का उनका सपना भी। इससे भाजपा में एक तरह से भगदड़ मच जाएगी। ऐसे में भाजपा को मतदाता ही नहीं बल्कि प्रत्याशियों के भी लाले पड़ जाएंगे। भाजपा सरकार के विरोध में प्रदेश की जनता पूरी तरह आक्रोशित है। जनता 2027 के चुनाव में भाजपा को बुरी तरह से हराने और हटाने के लिए कमर कसकर पूरी तरह तैयार है।

स्थानीय स्तर पर गो जनित उत्पादों की मांग को बढ़ावा दें : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल की अध्यक्षता में आज यहां विधानभवन स्थित कार्यालय कक्ष में गोसेवा आयोग द्वारा विभिन्न जनपदों के भ्रमण के दौरान गोसंवर्धन एवं गोशालाओं के निरीक्षण तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाए जाने के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में आयोग द्वारा समस्त जनपदों की विभिन्न वृहद् गो संरक्षण केन्द्रों, अस्थाई गो आश्रय स्थलों, कान्हा गोशाला एवं पंजीकृत गोशालाओं में आयोग के पदाधिकारीगण एवं अधिकारीगण द्वारा भ्रमण व निरीक्षण की विस्तृत जानकारी एवं सुझाव दिए गए।

- **पशुधन मंत्री ने गोसेवा आयोग द्वारा प्रदेश के जनपदों में गोआश्रय स्थलों की समीक्षा की**
- **गाय हमारी आस्था और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा : श्याम बिहारी गुप्त**

बैठक में पशुधन मंत्री ने गोसेवा आयोग पदाधिकारियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि गोरखपुर मंडल, अयोध्या मंडल, वाराणसी मंडल, लखनऊ मंडल, झांसी मंडल, बरेली मंडल, आगरा मंडल तथा चित्रकूट के मंडल मुख्यालय से एक-एक गोशाला को पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाया जाए। इस हेतु महिला सहायता स्वयं समूह, एनजीओ का सहयोग लिया जाए। गोकाष्ठ दण्डिका बनाने के लिए गोकाष्ठ मशीन की व्यवस्था की जाए। गोबर से कम्प्रेस्ड बायो गैस और पाइप लाइन बायो गैस बनाई जाए। स्थानीय स्तर पर गो जनित उत्पादों की मांग को बढ़ावा दिया जाए।

श्री सिंह ने कहा कि पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों जैसे चित्रकूट, अयोध्या, गोरखनाथ पीठ, बृजभूमि आदि स्थानों पर गो जन्य उत्पादों के बिक्री की व्यवस्था की जाए। प्राकृतिक एव जैविक खेती हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने

अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोग द्वारा गोआश्रय स्थलों के निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई गई है, उन्हें त्वरित गति से निस्तारित किया जाए। हरे चारे हेतु नेपियर घास की बुआई को प्राथमिकता दी जाए। प्रदेश की समस्त गोशालाओं में गोबर व गोमूत्र का संचय एवं उपयोग कर पचगव्य उत्पाद यथा साबुन, अगरबत्ती, धूपबत्ती, गोकाष्ठ, गोनाइल, घनवटी, गोअर्क एवं अन्य औषधियों का निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे गोशालाएं स्वाबलबी बन सकेंगी।

बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने कहा कि गाय केवल आस्था का विषय नही है बल्कि हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। गो सेवा आयोग अब कृषि को व्यवसाय से और गाय को उपयोगिता के साथ जोड़ने की दिशा में नए आयाम की ओर अग्रसर है। विभिन्न गोशालाओं में पर्याप्त भूमि है जिस पर हरे चारे का उत्पादन किया जा सकता है, जिससे गोशालाओं में संरक्षित गोवंश को हरे चारे की उपलब्धता हो सकेगी।श्री गुप्त ने गोशालाओं के निरीक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गोआधारित प्राकृतिक कृषि कर रहे लगभग 100 कृषकों के खेतों पर भ्रमण किया गया। गोआधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने से गोबर एवं गोमूत्र की उपयोगिता को बढ़ाया जा सकता है। आयोग द्वारा सुझाव दिया गया कि मनरेगा के अन्तर्गत गोशालाओं में पक्का कैटिल शेड, यूरिन टैंक एवं नांद का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है जिससे कि गोमूत्र आदि का संग्रह कर गोआधारित प्राकृतिक कृषि हेतु उपयोग में लाया जा सके। गोवंश के उन्नत नस्ल सवर्धन हेतु गोशालाओं में स्वस्थ नर की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है।

कांग्रेसी नेता ने ली रालोद की सदस्यता

लखनऊ। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर कांग्रेस के नेता एवं श्रावस्ती जनपद की ग्राम पंचायत पतिझिया के प्रधान ओमप्रकाश सोनकर उर्फ जुग्गीलाल एवं कांग्रेसी नेता नफीस अहमद को उनके साथियों सहित रालोद की सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक एवं श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष राजकुमार ओझा मुख्य रूप से मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने के बाद लोगों ने भारत रत्न एवं किसान मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह की नीतियों तथा पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

2027 तक यूपी को बाल श्रम मुक्त किये जाने का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी को आगामी वर्षों में 2027 तक बाल श्रम मुक्त कराने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा तैयार की गयी राज्य कार्य योजना के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, श्रम एम. के सुन्दरम की अध्यक्षता में बैठक में निर्णय लिया गया कि विभिन्न विभागों के समन्वय व सहयोग से ही 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त किये जाने का लक्ष्य प्राप्त हो सकता है।

बाल श्रम उन्मूलन व पुनर्वासन में विभिन्न विभागों की भूमिका व वृहद जनजागरण के लिए 12 जून को अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस के अवसर पर लखनऊ में एक कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में श्रमायुक्त, मार्कण्डेय शाही द्वारा प्रदेश में बाल श्रम की स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए विभिन्न विभागों की भूमिका के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया। शाही के द्वारा बताया गया कि वर्तमान सरकार का यह संकल्प है कि यूपी को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त कराना है। इसमें श्रम विभाग के साथ शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज्य, गृह, स्वास्थ, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास विभाग, शहरी विकास व व्यवसायिक शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने प्रस्तुतिकरण में बताया कि ऐसे बच्चों को विद्यालयों में नामांकित है परन्तु विद्यालय नहीं आते, वो सम्भावित बाल श्रम की श्रेणी में रहते है। और उनका विद्यालय में ठहराव एक बड़ी चुनौती है। सचिव महिला कल्याण बी. चन्द्रकला ने महिला कल्याण विभाग की बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सहित चाइल्ड हेल्पलाईन के सम्बन्ध में बताया गया। बैठक की चर्चा में यह भी अवगत कराया गया कि बाल श्रम से सम्बन्धित डाटा, 2011 की जनगणना के बाद उपलब्ध न होने के कारण बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रमों के संचालन में समस्या आती है। इस सम्बन्ध में बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तर पर बाल श्रमिकों व कामकाजी बच्चों का पता करने के लिए पंचायती राज विभाग के माध्यम से कामकाजी बच्चों का डाटा एकत्रित कर श्रम व शिक्षा विभाग के साथ साझा किया गया। नया सवेरा योजना पर चर्चा में यूनिसेफ अधिकारी, सैयद मंसूर कादरी द्वारा सुझाव दिया गया कि नया सवेरा का एक गुणात्मक मूल्यांकन कराकर उसे पुनः लागू करने पर विचार किया जा सकता है। बैठक में प्रमुख सचिव, श्रम एम. के. सुन्दरम ने कहा कि शीघ्र ही सभी जनपदों में जिला टास्क फोर्स गठन करा लिया जाए एवं ग्राम स्तर पर पंचायत विभाग के सहयोग से डाटा संकलित कर श्रम विभाग के साथ साझा किया जाए। शीघ्र ही यूनिसेफ के साथ मिलकर विभिन्न विभागों की सभी योजनाओं को संकलित कर बुकलेट तैयार की जाएगी जिसमें बाल श्रमिक व उनके परिवारों को लाभान्वित कराया जा सकें। सुन्दरम ने बाल श्रम से सम्बन्धित कार्यक्रमों में गैर सरकारी संगठनों सहित नियोक्ताओं व श्रमिक संगठनों से भी सहयोग किये जाने की आवश्यकताओं पर बल दिया। इस अवसर पर बैठक में श्रमायुक्त मार्कण्डेय शाही, महिला कल्याण की सचिव बी. चन्द्रकला, यूनिसेफ के बाल अधिकार संरक्षण विशेषज्ञ मंसूर कादरी, शिक्षा के विभाग के निदेशक गणेश कुमार, विशेष सचिव, अवधेश कुमार तिवारी, उप श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी, पंकज राणा, राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली सहित सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

- **12 जून को अर्न्तराष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस पर मौजूद रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

ग्रामीण आजीविका में कार्यरत ब्लॉक मिशन मैनेजरों को मिला प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ में विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी विभाग/संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब द्वारा 19 से 22 मई की अवधि में महानिदेशक संस्थान एल. वेंकटेश्वर लू. के संरक्षण एवं संस्थान के अपर निदेशक (प्र.) सुबोध दीक्षित के मार्ग निर्देशन में ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 'एफएनएचडब्ल्यू फ्लिप बुक मॉडयूल-1 एवं एमआईएस लोकोस ट्रांजैक्शन' विषयक 4 दिवसीय राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लॉक मिशन मैनेजर (बीएमएम) के लिए आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण के प्रथम दो दिवसों में विभिन्न विषयों यथा प्रदेश में माताओं, किशोरियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति तथा यूपीएसआरएलएम की भूमिका पर चर्चा, फ्लिप बुक मॉडूयल-1 पर परिचय एवं उपयोग पर चर्चा, जीवन के प्रथम एक हजार दिनों में निवेश, सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संचार की अवधारणा सिद्धांत एवं रणनीति पर चर्चा, जेण्डर का खाद्य पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के संबंध पर चर्चा व परिचर्चा, स्वास्थ्य पोषण और स्वच्छता से आपसी सम्बन्ध स्तनपान व माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन तथा महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार के विषयों पर समझ बनाना का प्रशिक्षण दिया गया।

नदी में समाने से चार मासूम बच्चियों की मौत

- राजा भइया ने प्रभावित परिवारों की मदद को बढ़ाया हाथ

प्रतापगढ़। जिले के कुण्डा कोतवाली क्षेत्र में बकुलाही नदी में समा जाने से चार मासूमो की दर्दनाक मौत हो गयी। एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत से परिवार पर दुख का पहाड टूट पड़ा है। मासूमो की मौत की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन मे हडकंप मच गया। वही घटना की जानकारी होते ही कुण्डा विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया भी क्षेत्रीय विधायक विनोद सरोज के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। राजा भइया ने घटना पर दुख जताते हुए प्रत्येक मृतक बच्चियों के लिए एक एक लाख रुपए पार्टी की ओर से दिये जाने की घोषणा की। महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर गांव से पांच बच्चियां घर के चूल्हे के लिए मिटटी का लेप लाने के लिए कुण्डा कोतवाली के चेती का पुरवा गांव के समीप बकुलाही नदी पहुंची। इन बच्चियों के घर से घटनास्थल की दूरी लगभग डेढ़ किलोमीटर है। डिहवा जलालपुर निवासी जीतलाल की पुत्री स्वाती 13 व संध्या 11 एवं चांदनी 06 तथा बगल के पृथ्वीपाल की पुत्री प्रियांशी 07 की नदी के गहरे पानी में समा जाने से मौत हो गयी। वहीं साथ गयी पांचवी बच्ची सृष्टि इन्हें नदी में डूबता देख शोर मचाते गांव पहुंची। गांव से निकली बच्चियां नदी से मिटटी निकाल रही थी। बुधवार की रात अचानक बारिश हुई थी। इससे नदी के किनारे फिसलन बढ़ गयी थी। ग्रामीणों का कहना है कि नदी में मिटटी की जेसीबी द्वारा खुदाई होने से जगह जगह बारह से चौदह फिट के खडढे बन गये हैं। मिटटी निकालते समय अचानक एक बच्ची पानी में डूबने लगी। उसकी चीख सुनकर एक एक कर बच्चियां एक दूसरे को बचाने में नदी में समा गयी। वहीं पांचवी बच्ची सृष्टि ने हादसा देख चीखते चिल्लाते गांव की तरफ दौड़ पड़ी। घटना की जानकारी होते ही आननफानन में आसपास के ग्रामीण वहां पहुंच गये। ग्रामीणों ने नदी में समायी बच्चियों को बाहर निकलवाया। हालांकि तब तक इन चारों की सांसे थम चुकी थीं। गुरूवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने पर जिले के पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार तथा एडीएम आदित्य प्रजापति भी मौके पर पहुंचे। वही एसडीएम कुण्डा देशदीपक व सीओ सदर करिश्मा गुप्ता भी प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर आ डटे। इधर घटना की जानकारी मिलने पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विनोद सरोज के साथ पीड़ितो से मिलकर गहरी संवेदना जतायी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया ने मृतक बच्चियों के परिजनों को पार्टी की ओर से एक एक लाख रुपए त्वरित सहायता प्रदान करने की घोषणा की। वहीं जिला प्रशासन की ओर से मृतक बच्चियों के परिजनों को चार चार लाख रुपए अहेतुक शासकीय सहायता धनराशि की संस्तुति की गयी है।

..मासूमों की मौत पर भर आयीं राजा भइया की आँखें

प्रतापगढ़। पड़ोसी बाबागंज विधानसभा क्षेत्र में चार बच्चियों की दर्दनाक मौत को लेकर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने पीडित परिजनो को ढांढ़स बंधाया। परिजनो से मुलाकात के समय इस दर्दनाक हादसे को लेकर राजा भइया की भी आंखे भर आयी दिखीं। उन्होने क्षेत्रीय विधायक विनोद सरोज को सभी मृतक बच्चियों के अंतिम संस्कार कराये जाने को लेकर आवश्यक प्रबन्ध पार्टी की ओर से किये जाने के भी निर्देश दिये।

संक्षेप

प्रमोद तिवारी व मोना ने मासूम बच्चियों की मौत पर जताया दुःख

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कुण्डा क्षेत्र के चैती का पुरवा में बकुलाही नदी में डूबने से चार मासूम बच्चियों की आकस्मिक मौत पर गहरी संवेदना प्रकट की है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा सीएलपी नेता मोना ने मासूम बच्चियों की हृदयविदारक मौत को लेकर पीडित परिवारीजनों के प्रति सहानुभूति जतायी है। नेताद्वय ने मृतक बच्चियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना व शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की भी प्रार्थना की है। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना का बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

रंजिश में हुई मारपीट

प्रतापगढ़। मारपीट व जानलेवा धमकी को लेकर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के कुसौली गांव निवासी सुशील यादव पुत्र रामटहल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर बीती इक्कीस मई की शाम करीब साढे आठ बजे राजापुर पूरे विजई निवासी आशीष विश्वकर्मा अपने साथी राजा पाण्डेय पुत्र अनिल पाण्डेय, रवि गुप्ता, नीरज विश्वकर्मा व पूरे बक्शी निवासी निखिल सिंह पुत्र मनोज सिंह के साथ उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के पिता व पीड़ित को मारापीटा। शोर सुनकर परिवार के लोगों को आते देख आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। एसओ राधेश्याम का कहना है कि जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

रंजिश में महिला समेत परिवारीजनों को पीटा, केस दर्ज

प्रतापगढ़। महिला व परिवार के लोगों के साथ हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के लोहंगराय गंगा कटरा गांव की यशोदा पत्नी रामसुंदर यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्कीस मई की सुबह गांव के प्यारे लाल शर्मा अपनी पत्नी पियराईन व पुत्र संदीप शर्मा के साथ अपने निमार्णाधीन मकान में पानी डाल रहे थे। पीड़िता के घर में पानी आने से उसने मना किया तो आरोपियों ने पीड़िता व उसके पति रामसुन्दर यादव तथा पुत्री आरती को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

घर में घुसकर की मारपीट

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे बल्दू गोड़वा गांव की मुकेश कुमारी पत्नी फूलचंद्र सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर बीती अटठाईस अप्रैल की सुबह करीब नौ बजे गांव के ओमप्रकाश पुत्र रामआसरे, विमलेश व इंगलेश पुत्रगण नागेश्वर, मिथुन पुत्र अवधेश तथा सुनीता पत्नी विमलेश एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा। बचाव में पहुंचे पीड़िता के पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा घरेलू सामानों में तोडफोड करते चले गये। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- बाँसी कोतवाली पुलिस ने बलात्कार के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। बांसी थाना पुलिस ने गुरुवार को मुकदमा संख्या 75/2025 धारा 69, 351(3) के तहत वांछित अभियुक्त सुनील निषाद को रतनसेन डिग्री कॉलेज के सामने बांसी-इटवा मार्ग से गिरफ्तार किया। आरोपी सुभाषनगर (बेलबनवा) का रहने वाला है। गिरफ्तारी में उप निरीक्षक शम्स जावेद खान के नेतृत्व में कांस्टेबल पन्नेलाल गुप्ता और कांस्टेबल पवन कुमार की टीम शामिल रही। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी बांसी पवीन प्रकाश के निर्देशन में की गई।

दुष्कर्म के मामलों में तीन दोषियों को 20-20 साल की कैद

बहराइच/श्रावस्ती। बहराइच और श्रावस्ती जिलों की विशेष अदालतों ने दुष्कर्म के अलग-अलग मामलों में आरोपी तीन लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें 20-20 साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। बहराइच जिले में विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता (पाक्सो अधिनियम) संत प्रताप सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि 19 जनवरी 2018 को कैसरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय बालिका को लाले उर्फ राकेश यादव तथा कल्लू उर्फ रामराज यादव बहला फुसलाकर ले गए और कई दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि बुधवार को विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) दीप कांत मणि की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद लाले व कल्लू को 20-20 साल की कैद और 60-60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। उधर, श्रावस्ती जिले में ऐसे ही एक मामले में पांच वर्ष पूर्व 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के एक आरोपी को दोषी ठहराते हुए पाक्सो अदालत ने बुधवार को 20 साल कैद व 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के. पी. सिंह ने बताया कि इकौना थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी के साथ थाना क्षेत्र के सौरूपुर गांव के निवासी ओमकार पासवान ने 29 जुलाई 2020 की रात दुष्कर्म किया था। इस घटना से क्षुब्ध पीड़िता ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने बताया कि पीड़िता (मृतका) की मां की तहरीर पर 30 जुलाई 2020 को इकौना थाने में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था।

समर कैम्प में लुत्फ उठा रहे नौनिहाल

प्रतापगढ़। गर्मी की छुटटी के बाद परिषदीय विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन चल रहा है। तहसील अन्तर्गत चार ब्लाकों लालगंज, सांगीपुर, रामपुर संग्रामगढ़ व लक्ष्मणपुर के अन्तर्गत एक सौ अटठावन परिषदीय विद्यालयों में चल रहे समर कैम्प में गुरूवार को बच्चों ने खेल कूद के साथ योग भी सीखा। वही शिक्षकों ने बच्चों को चित्रकारी, क्रिकेट आदि के भी गुर सिखाये। खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज सुरेश सिंह, रामपुर संग्रामगढ़ के रविशंकर उपाध्याय व सांगीपुर के जंगीलाल तथा लक्ष्मणपुर के सुरेश सरोज ने कहा कि ग्रीष्म अवकाश में उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश के दौरान समर कैम्प का आयोजन बच्चों में रचनात्मक वातावरण का सृजन करने में सहायक सिद्ध होगा। बच्चे समर कैम्प में मौज मस्ती के साथ विभिन्न गतिविधियों चित्रकला, नृत्य आदि में भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं।

हरि संकीर्तन के साथ निकली भव्य कलश यात्रा, हुई पुष्पवर्षा

प्रतापगढ़। श्रीमदभागवत कथा को लेकर गुरूवार को यहां भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। भागवतभूषण पं. विनय कुमार शुक्ल की अगुवाई में निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व भक्त शामिल हुए। भगवान के भजन संकीर्तन के साथ कथास्थली कहारन का पुरवा से कलश यात्रा घुइसरनाथ रोड होते हुए छोटी नहर से जंगली वीर बाबा धाम पहुंची। राजेन्द्र नगर चौराहे होते हुए कलश यात्रा रायबरेली रोड स्थित हरिहरमंदिरम पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान के समक्ष मत्था टेका। कलश यात्रा में नगर के व्यापारियों के द्वारा पुष्पवर्षा भी हुई दिखी। इसके बाद कलश यात्रा लालगंज चौक होते हुए कथास्थली पहुंची। भागवतभूषण पं. विनय शुक्ल ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के नाम जाप में जीवन का समस्त सुख स्वतः निहित है। उन्होने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान के प्रति समर्पण श्रद्धा के साथ होने पर भगवान स्वयं भक्त एवं भक्ति की रक्षा किया करते हैं। संयोजक जितेन्द्र बाबा तथा केवला देवी ने श्रद्धालुओं का तिलक अभिषेक किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, मनीष कुमार शुक्ल, राघवेन्द्र पाण्डेय, हीरालाल, नीरज कुमार, प्रभावती, फूलमती, रज्जो देवी व श्यामा देवी आदि रहे।

पीएचसी जोकाहिया का औचक निरीक्षण

डीएम ने पीएचसी वाई पर मरीजों की कम संख्या पर जताई नाराजगी

बलरामपुर। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को जन सामान्य के लिए प्रभावी , सुलभ और संवेदनशील बनाने के लिए डीएम पवन अग्रवाल द्वारा निरंतर सरकारी चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में डीएम द्वारा विकासखंड बलरामपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकाहिया का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया, उन्होंने पैरामेडिकल स्टाफ का निर्धारित ड्रेस कोड में न होने पर कड़ी फटकार लगाते हुए निर्धारित ड्रेस कोड पहनने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने फार्मासिस्ट कक्ष , पैथोलॉजी लैब, ऑपरेशन थियेटर , वार्ड , परिवार कल्याण केंद्र , टीकाकरण कक्ष आदि का जायजा लिया । स्वास्थ्य केंद्र पर पर्याप्त चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति होने के बावजूद भी ओपीडी / आईपीडी में कोई मरीज न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की , उन्होंने निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाओं में सुधार लाते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराते हुए मरीजों की संख्या बढ़ाया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की संख्या भार के अनुपात में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ तैनात जाए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था , शीतल पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की समुचित साफ सफाई का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

पहलगाम हमले के आतंकवादियों को सबक सिखाये भारतः प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पहलगाम मे आतंकवादियो द्वारा छब्बीस निर्दोष भारतीय नागरिको की निर्मम हत्या को लेकर आतंकवादियों को पनाह देने वाली नापाक ताकतों को कड़ा सबक सिखाने पर जोर दिया है। उन्होने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियो के क्रूर हमले के एक महीने पूरा होने पर देश जल्द से जल्द आतंकवादियो को ढूंढ ढूंढ कर इन्हें जहन्नुम पहुंचाये जाने की पुरजोर मांग पर अडिग है। उन्होनें कहा कि देश के वीर जवानों ने पूरे पराक्रम के साथ आतंकवादियों के ठिकानो पर हमला बोला और पाकिस्तान के बहुत से आतंकवादी सेना के शौर्य के चलते मारे गये वहीं कई आतंकी ठिकाने नष्ट भी हुए हैं। उन्होने कहा कि इस क्रूर हमले के एक महीने होने पर सवाल यह है कि मुम्बई हमले का दोषी कुख्यात आतंकी हाफिज सईद अभी तक कहां है। उन्होने कहा कि सरकार ने सर्वदलीय बैठक में इस हमले को लेकर खुफिया एजेन्सी की विफलता स्वीकार की है तब उसे आपरेशन सिन्दूर के जरिए आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। उन्होने कहा कि सबसे ज्यादा दुखद यह है कि केन्द्रीय विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को सेना की कार्रवाई की पहले ही सूचना दे दी थी।

पुलिस ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन में ऑपरेशन कवच के अन्तर्गत इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे हुए गाँवों में संदिग्ध/अवैध गतिविधियों को रोकथाम हेतु ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ की गई जागरूकता बैठक हुई। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर व थाना पुलिस टीम द्वारा जनपद में शांति सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिगत इंडो नेपाल बॉर्डर के गांव में किया गया पैदल गस्तकिया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृजनन्दन राय, प्रभारी थाना दुर्विजय सिंह व थाना पचपेड़वा पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन कवच के अन्तर्गत इण्डो- नेपाल बार्डर से सटे हुए थाना पचपेड़वा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुकुरभुकवा व कोहरगड्डी के ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों, ग्राम प्रधान, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों, कोटेदार, रोजगार सेवक आदि की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में अपराधिक एवं अवैध गतिविधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रोकथाम हेतु बैठक की गई। इस बैठक में ग्राम सुरक्षा समिति, सम्भ्रान्त व्यक्तियों को नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु सीमा से सटे गाँवों में मादक पदार्थों की तस्करी ,मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें हेतु अपील की गई, जिससे पुलिस द्वारा तत्काल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। तत्पश्चात पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से बॉर्डर से सटे गांव में फुट पेट्रोलिंग कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग सुनिश्चित करायें : डीएम

श्रावस्ती ।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर जनपद के विकास कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले विभागाध्यक्षों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे कार्यों में तेजी लाएं तथा अपने अधीनस्थों की निगरानी रखते हुए शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग सुनिश्चित कराएं।

समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि माह अप्रैल, 2025 में जनपद श्रावस्ती की विकास एवं राजस्व कार्यों में संयुक्त रैंक 18 रही। 88 कार्यक्रमों में से 49 में ए+ व ए ग्रेड, 4 में बी, 3-3 कार्यक्रमों में सी, डी व ई श्रेणी प्राप्त हुई, जबकि 26 कार्यक्रम श्रेणी में रहे। ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, दुग्ध विकास, पंचायतीराज, पर्यावरण, पशुधन, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई आदि विभागों के कार्यों को ए+ व ए ग्रेड मिला। वहीं ग्राम्य विकास, नमामि गंगे, प्राथमिक शिक्षा, पर्यटन, टरटए और लोक निर्माण विभागों के कार्यक्रमों की रैंकिंग अपेक्षाकृत कमजोर रही। जिलाधिकारी ने इन विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य की पूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि रैंकिंग सुधारना सभी की जिम्मेदारी है। समीक्षा में यह भी बताया गया कि अप्रैल माह में राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत एवं सड़कों के अनुरक्षण योजना में जनपद प्रदेश में टॉप-5 में रहा, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं डउ्ढढ वित्त पोषण योजना में श्रावस्ती अंतिम 5 जनपदों में शामिल रहा।

किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें

श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण किया जाए, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने किसानों को खेती के साथ पशुपालन और मत्स्य पालन को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में खरीफ वर्ष 2025-26 की तैयारी, किसानों को समय से खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने, मक्का की खेती के क्षेत्रफल को बढ़ाने, दलहनी व तिलहनी फसलों के उत्पादन में वृद्धि और प्राकृतिक खेती के लिए सिरसिया एवं जमुनहा ब्लॉक में चयनित 10-10 क्लस्टरों पर चर्चा हुई। जैविक एवं रासायनिक विधियों से बीज शोधन कर गुणवत्तापूर्ण फसल उत्पादन पर भी प्रकाश डाला गया। इस मौके पर उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चौधरी, जिला कृषि अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मानव सहित अन्य अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं जन समस्याएं

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने शनिवार को अपने कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 04 भूमि विवाद, 05 मारपीट, 01 लेनदेन तथा 04 अन्य मामलों से संबंधित शिकायती पत्र शामिल थे। एसपी चौरसिया ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

स्वर्ण व्यवसायी के साथ हुई लूट का खुलासा

सोने -चांदी के आभूषण व नगदी बरामद ,अभियुक्त गिरफ्तार

सिद्धार्थ नगर। जनपदीय एसओजी/सर्विलांस व थाना उसका बाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उसका बजार थानाक्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी के साथ हुई लूट की घटना का किया गया सफल अनावरण, लूट का सामान व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद। 14.मई की रात को उसका बाजार थाना क्षेत्र के स्वर्ण व्यापारी से सोने चांदी के जेवरात महदेवा गांव के पास लूट के सम्बन्ध में थाना उसका बाजार पर मु0अ0सं0 75/2025 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया। डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना के अनावरण हेतु विशेष पुलिस टीम (थाना उसका बाजार पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम) का गठन किया गया था । अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में गठित टीम द्वारा 21/22-04-2025 की रात्रि में पकड़ी चौराहे पर चेकिंग की जा रही थी कि जरिए मुखबिर सूचना मिली कि उक्त लूट में शामिल अभियुक्तगण सफेद रंग की स्वीफ्ट कार नंबर ढइ10 खऊ7373 द्वारा धानी से उसका बाजार होते हुये नौगढ़ की तरफ आ रहे है । इस सूचना पर विश्वास करके सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण अपनी गाड़ियो पर सवार होकर उसका बाजार की तरफ चल दिये कि महेन्द्रा एजेंसी से पहले बहद ग्राम दुमदुमवा मोड़ पकड़ी अर्ध निर्मित पुलिया के बगल से अस्थाई/वैकल्पिक सड़क के किनारे अपनी अपनी गाड़ी खड़ी कर सड़क के दोनो तरफ खड़े होकर गाड़ी के आने के इन्तजार/चेकिंग करने लगे कि उसका बाजार की तरफ से एक कार आती हुयी दिखाई दिया ।

रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना में शामिल,पीएम ने किया वर्चुअल उद्घाटन

सिद्धार्थनगर- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर से अमृत भारत योजना के अंतर्गत देशभर के 103 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसमें सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन भी शामिल रहा। इसका सीधा प्रसारण स्टेशन परिसर में लगाए गए एलईडी स्क्रीन पर किया गया, जिसे सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक श्यामधनी राही और भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान समेत बड़ी संख्या में लोगों ने देखा। उद्घाटन के बाद सांसद, विधायक और जिलाध्यक्ष ने स्टेशन पर शिलापट का अनावरण किया। इस मौके पर सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि सिद्धार्थनगर स्टेशन का नाम उन सौभाग्यशाली स्टेशनों में शामिल हुआ है, जिन्हें अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकसित किया जा रहा है। अब स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। यह स्टेशन गौतम बुद्ध की धरती का प्रतीक है और इसका आधुनिकरण जिले के लिए गौरव की बात है। विधायक श्यामधनी राही ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से छोटे और मिडिल लेवल के रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प होगा।

कांशीराम आवास योजना का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर । जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने बांसी तहसील कस्बा परिक्षेत्र स्थित काशीराम आवास का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 ने काशीराम आवास बांसी में कराये जा रहे मरम्मत कार्य को देखा गया। मरम्मत कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी ने मैन पावर बढ़ाकर 15 जून 2025 तक कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 15 जून 2025 तक कार्य पूर्ण न होने पर सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पानी की सप्लाई का कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय, अधिशासी अभियन्ता आवास विकास परिषद सुरेन्द्र प्रसाद, सहायक अभियन्ता आवास विकास सतीश कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

किशोरी का नहाते समय वीडियो बनाया, दो आरोपी गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के एक गाँव में नाबालिग किशोरी के नहाते समय एक युवक ने मोबाइल से चोरी-छिपे फोटो व वीडियो बनाने का मामला प्रकाश में आने पर पुलिस ने आरोपी को गुरुवार की सुबह बस स्टैंड चैराहे से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने उक्त फोटो-वीडियो अन्य लड़कों के मोबाइल पर भेज दिये थे किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने व आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था जिसमें किशोरी के पिता ने बताया कि जब किशोरी ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे गंभीर अंजाम की धमकी दी। मानसिक रूप से परेशान होकर किशोरी ने घर में फांसी लगाने का प्रयास किया। परिजनों की सतर्कता से समय रहते उसे नीचे उतारकर तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया, जहां इलाज के बाद उसकी जान बचाई जा सकी। इंस्पेक्टर क्राइम नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि आरोपी पंकज व उदयवीर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बस स्टैंड चैराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

तेज आंधी संग बारिश का कहर

इकदिल, इटावा। तेज आंधी के साथ बुधवार देर रात आई बारिश ने तबाही मचा दी। तमाम होर्डिंग्स, टीनशेड उड़कर जमीन पर आ गिरे। पेड़ों की शाखाएं टूटकर सड़कों पर बिखर गई। वहीं, कई जगहों से बिजली के पोल टूटकर गिरने के कारण कस्बा समेत 100 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। तेज आंधी और बारिश ने कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से ठप कर दिया। बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे आचानक मौसम का मिजाज बिगड़ने से बिजली गुल हुई बिजली गुरुवार को सुबह 3 बजे तक भी सुचारु नहीं हो सकी। क्षेत्र में गांव रायपुरा में राम सेवक के खेत के पास मुख्य मार्ग पर खड़ा आम का पेड़ उखड़ने से रास्ता बन्द हो गया। इसी क्षेत्र में एक पेड स्टेशन रोड पर गिरा, और गांव कल्यानपुर, बीलमपुर के साथ खेड़ा महराजपुर के पास नीम का पेड़ गिरने से दो विद्युत पोल टूट कर जमीन पर गिरने से रास्ता बन्द होने से लोगों को समस्या से झूझना पड़ा। इस उमस भरी भीषण गर्मी में बिजली तार और पोल टूटने से लोग बिलबिला उठे पूरे दिन गर्मी में लोग बेहाल हो गए लोगों के घरों में लगे इनवर्टर भी जबाब दे गए। जिसमें 15 घंटे से बिजली सप्लाई ठप है। ऐसे में पेयजल संकट समेत विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कल रात 11 बजे मौसम में हुए बदलाव और तेज आंधी और तूफान आने से शहर में बने कुलदीप मोटर्स नेक्सा कार शोरूम के कांच के चार गेट टूट गए।

सूचना

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स सं. UP32 20150015522 में त्रुटिवश मेरा नाम दिनेश कुमारजी गुप्ता (DINESH KUMARG GUPTA) दर्ज है जबकि मेरे पैन कार्ड व पासपोर्ट में मेरा सही नाम दिनेश कुमार गुप्ता (DINESH KUMAR GUPTA) दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा सही नाम ही दर्ज किया जावे। दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. रामचार्य गुप्ता नि.- 2/423 विवेक खण्ड-2 गोमती नगर, लखनऊ।

न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय उन्नाव
समन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं.-348/24
धारा 9 हि.वि.अधि.
पि. पेशी-03.04.2025
पेशी-03.07.2025
हरिशचन्द्र बनाम रोशनी
हरिशचन्द्र पुत्र स्व. ललतू निवासी मेथीटीकुर पोस्ट अटवा थाना माखी जिला उन्नाव।
रोशनी पुत्री हरिशचन्द्र पत्नी हरिशचन्द्र धना खेड़ा थाना अचलगंज जिला उन्नाव।
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03 माह 07 सन 25 ई. वक्त बजे दिन के अमालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्सही की जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें जिस पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हो।
आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूह फैसला होगा।
बसब्बत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 03 माह 07 सन 2025 ई. जारी किया गया।
जज

गोला में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा

भारत माता की जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए लोग

गोला, गोरखपुर। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उपनगर गोला में विशाल शौर्य तिरंगा यात्रा निकाल सेना के अदम्य साहस व शौर्य को सलाम किया। हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। उपनगर स्थित कसौधन मैरेज हाल से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकली। तिरंगा यात्रा जिधर से गुजरी उधर लोग स्व स्फूर्त यात्रा में शामिल होकर भारत माता की जयकारे लगाते हुए देश की सेना के अदम्य साहब व शौर्य को सलाम करते दिखे। यात्रा उपनगर के मुख्य चौक से निकलकर शारदा सिनेमा, गौशाला होते हुए पश्चिमी चौराहे पर पहुंची। जहां एक सभा के बाद यात्रा का समापन हुआ। इस मौके पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन व भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद पर एक कड़ा प्रहार है। सेना के पराक्रम के आगे आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान मात्र दो दिन में घुटने टेक दिया। पूरे विश्व ने भारतीय सेना के पराक्रम को जान लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की जनता सेना के साथ खड़ी है। आने वाले समय में किसी भी प्रकार की आतंकवादी घटना होने पर पाकिस्तान पर फिर कड़ी से कड़ी कार्यवाई होगी तिरंगा यात्रा के दौरान सभासद सच्चितानंद राय, डॉ राजेश जायसवाल, श्रीकान्त, समाजसेवी उमेश कुमार यादव, आईटी सेल प्रभारी आलोक पांडेय अंकुर, सह जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार हिंदुस्तानी, देवेश निषाद, डॉ बृजभूषण मिश्र, सुदर्शन कसौधन, दीनानाथ कसौधन, ऋषि साहनी, इमरान अन्सारी, विद्याधर पाण्डेय, आलोक तिवारी, अजय राजभर, श्रवण गुप्ता, सुरेन्द्र यादव, महेन्द्र सोनकर, संजय मद्धेशिया, जगदीश निगम, बबलू सोनकर, दीपक जायसवाल, निखिल राय, संतोष गौतम, आकाश जायसवाल, अर्जुन सोनकर, विनय पांडेय व अनिल कुमार सहित आदि शामिल रहे।

बेमौसम बारिश में ही पिपरौली में हुआ भारी जलभराव

भारी जलभराव ने खोली जल निकासी व्यवस्था की पोल

पिपरौली, गोरखपुर। पिपरौली कस्बा बाजार में गुरुवार की सुबह अचानक हुए बेमौसम बरसात ने कस्बे की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल के रख दी। बारिश के बाद कस्बेका नालियां चोक हो गई और कस्बों की सड़कों पर भारी जलभराव हो गया। जिससे नागरिकों एवं राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। नागरिकों ने जिम्मेदारों पर लापरवाही व उदासीनता का आरोप लगाया। मई महिन की इस बेमौसमी बारिश से कस्बा पिपरौली बाजार में जगह-जगह जल भराव देखने को मिला। यही नहीं कई जगह तो बारिश का पानी लोगों के घरों में भी घूस गया। आलम यह है कि बाजार में नाली निर्माण न होने तथा जहां नाली बनी भी है वहां जल निकासी का कोई प्रबंध न होने से पहली बारिश में ही बंदोबस्त कि कलई खुल गई ऐसी दुर्व्यवस्था पर कस्बेवासियों में आक्रोश भी देखने को मिला। कस्बे के सूर्यभान मौर्य, नसीम, शकिल, अरविंद कुमार गुप्ता, जावेद, अफरोज अहमद, सोनू मद्धेशिया, आलम, नईम, राजेश, रामदयाल, राधा कृष्ण गुप्ता इत्यादि ने इस समस्या से निजात कि मांग कि है।

बेकाबू कार ने बुजुर्ग महिला को रौंदा हुई मौत

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाइवे पर गांव खेड़ा महाराज के सामने बेकाबू कार की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि उसकी नातिन घायल हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। थाना बढ़पुरा के गांव रजपुरा में रहने वाली राम बेटी (62) पत्नी उदय सिंह गुरुवार दोपहर बाद अपनी नातिनों को बेटी रिंकी के घर ऑटो में बैठकर उन्हें छोड़ने थाना इकदिल गांव बीलमपुर में आ रही थी, तभी ऑटो से उतरने के बाद बुजुर्ग महिला अपनी नातिनों का हाथ पकड़ कर हाइवे रोड पैदल पार कर रही थी। तभी इटावा के तरफ से आ रही तेज रफ्तार बेकाबू कार ने उसे टक्कर मार घायल कर दिया। हादसे के बाद कार ड्राइवर मौके से कार लेकर भाग गया। बड़ी नातिन के गोद मे घायल पड़ी नानी को रोते बिलखते बोल रही एक बार नानी बोलदे नानी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़ी बुजुर्ग महिला को अपनी सरकारी कार से जिला अस्पताल भिजवाया, वहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला के दो बेटे जयदयाल, और पहलाद व एक बेटी है। जिसमें बेटी की शादी गांव बीलमपुर में दामाद भुवनेश उर्फ बबलू के साथ कि थी। नातिन पूजा, और अर्पित अपनी नानी के घर थी। मृतक महिला के बेटे पहलाद ने बताया मां दोनों भांजियों को बहन के घर छोड़ने गई थी तभी हादसे की शिकार हो गई। बुजुर्ग महिला की मौत के बाद दोनो बेटे और बेटी रिंकी, नातिनों के साथ परिजनों का रोरोकर हाल बेहाल हैं।

पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को दबोचा

इटावा। थाना वैदपुरा पुलिस लूट की योजना बना रहे चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन तमंचा, आधा दर्जन जिन्दा कारतूस, एक अवैध चाकू, एक टॉर्च तथा एक ईको स्पोर्ट कार बरामद की। प्रभारी थाना वैदपुरा संजय कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत खेडा नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग कर रहे थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ईको स्पोर्ट कार में सवार चार व्यक्ति खेडा नहर तिराहे से केन्द्रीय कारागार महोला जाने वाले मार्ग पर बने रेलवे अन्डर पास के नीचे लूटपाट की घटना कारित करने की फिराक में खडे है जिनके पास अवैध असलहा भी है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना वैदपुरा पुलिस टीम ने ईको स्पोर्ट कार में बैठे चार व्यक्तियो अंकित उर्फ शिवम पुत्र वीरेन्द्र दुबे निवासी गम्भीरा थाना करहल जनपद मैनपुरी, आशीष यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी नगला बिहारी थाना करहल जनपद मैनपुरी, अभिषेक उर्फ गोलू पुत्र सत्यवीर निवासी बहादुरपुर थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी, कुलदीप उर्फ मोनू पुत्र विनोद यादव निवासी नगला दयाल थाना करहल जनपद मैनपुरी को आवश्यक बल प्रयोग कर रेलवे अन्डर पास के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि आज हम लोग मिलकर यहां पर लूट की योजना बना रहे थे तथा बड़ी लूट करने की फिराक मे थे। सीओ सैफई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म के अपराधी है जिनके विरुद्ध पूर्व मे भी हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट एवं गैंग्सटर एक्ट के विभिन्न अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि आशीष पर 15, अंकित पर 6, कुलदीप पर 6 और अभिषेक पर 7 मुकदमे पंजीकृत हैं।

पूर्व विधायक चिल्लूपार को मिली जमानत, समर्थकों में खुशी

गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को उच्च न्यायालय से राहत मिल गई है। ईडी द्वारा दर्ज एक मामले में जेल में निरुद्ध चल रहे पूर्व विधायक को गुरुवार को जमानत मिल गई है। इसकी जानकारी होते ही चिल्लूपार के कार्यकताओं ने जमकर जश्न मनाया। खूब पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाई। चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ईडी द्वारा दर्ज किए गए एक मामले में पिछले सात अप्रैल से जेल में निरुद्ध चल रहे थे। उन्होंने हाईकोर्ट की लखनऊ खण्ड पीठ में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। गुरुवार को उनकी जमानत स्वीकार कर ली गई। चिल्लूपार में इसकी जानकारी होते ही कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। ढोल-ताशे के साथ जश्न मनाया। जमकर पटाखे फोड़े। बड़हलगंज के पूर्व राजबहादुर सिंह व जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन रामदरश विद्यार्थी ने कहा कि सत्ता के इशारे पर जो खेल हो रहा था वह बेनकाब हो चुका है। उच्च न्यायालय ने इंसाफ कर सत्तासीन नेताओं के मुंह पर तमाचा मारा है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष अमरजीत यादव, चन्द्रभान मिश्र, भुवनेश्वर चतुर्वेदी, गदाधर दुबे, नित्या नन्द दीक्षित, लल्लन तिवारी, मकरध्वज निषाद, रिंकू तिवारी, अमीर यादव, बबलू यादव, श्यामू चौबे, सुभाष तिवारी, गौरव दुबे, सौरभ दुबे, चंद्रमौली दुबे आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर पंचायत प्रशासन ने अभियान चलाकर हटाया अतिक्रमण

गोला, गोरखपुर। आदर्श नगर पंचायत गोला में सड़क किनारे बनी पटरियों पर हुए अतिक्रमण के कारण हो रही परेशानी के मद्देनजर नगर प्रशासन के द्वारा अभियान चलाकर हटाया गया अतिक्रमण। और चेतावनी दी गई। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही। गुरूवार को अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी के निदेर्शों के बावजूद पटरियों पर अतिक्रमण कर कब्जा जमाये हुए लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की गयी। अतिक्रमण की कार्यवाई बेवरी चौराहे से शुरू हो कर मुख्य बाजार से होते हुए पश्चिम चौराहे तक की गयी। पटरियों पर दुकान व ठेला लगाकर बैठे लोगों तथा अपनी ही दुकान के सामने पटरियों पर भी कब्जा जमाकर बैठे दुकानदारों को अधिशासी अधिकारी के द्वारा कब्जा न करने की सख्त चेतावनी दी गयी।

नव निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण

गोरखपुर। बड़हलगंज ब्लाक के ग्राम पंचायत मकरंदपुर में बने नव निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह तथा विधायक राजेश त्रिपाठी ने किया। यह सड़क उनकी विधान मंडल निधि से 24.38 लाख रुपये की लागत से बनाई गई है।

कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्राम प्रधान स्वतंत्र सिंह की सराहना करते हुए कहा कि अधिकतर योजनाएं ब्लॉक स्तर पर हैं। इन योजनाओं को गांव तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रधानों की है। विधायक चिल्लूपार राजेश त्रिपाठी ने डॉ. धर्मेंद्र सिंह का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि डॉ. साहब चिल्लूपार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। विधायक ने विकास कार्यों को गंगा की धारा से जोड़ते हुए कहा कि विकास की यह गंगा चिल्लूपार में बह रही है और हर गांव तक पहुंचेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बड़हलगंज दुर्गेश मिश्र ने की। इस अवसर पर किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रत्नेश पांडेय, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बीरू सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

किसान नेताओं ने अन्हैया व पुरहा नदी की सफाई

इटावा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रतिनिधिमंडल ने अन्हैया व पुरहा नदी की साफ सफाई व खुदाई को लेकर अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड इटावा रमेश चन्द्र को ज्ञापन दिया। युवा जिला अध्यक्ष संजेश कुमार व प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड इटावा को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि 30 मई तक अन्हैया व पुरहा नदियों की खुदाई प्रारंभ नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन हर बार आश्वासन देता है लेकिन समय से खुदाई सफाई नहीं कराता जिससे हजारों एकड़ जमीन बेकार हो जाती है। किसानो की फसले बर्बाद हो जाती है किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच चुका है। अब किसान झूठे वादों में नहीं आने वाला हर हालत में नदियों की खुदाई होनी चाहिए। किसान नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी औरैया और इटावा को दिया गया था जनपद औरैया में दोनो नदियों में खुदाई प्रारंभ हो चुकी है लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि इटावा में अभी अन्हेंया व पुरहा नदी पर कहीं भी खुदाई का कार्य शुरू नहीं किया गया है जो की बहुत ही दुखदाई है आने वाले समय में जल्दी ही बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा फिर खुदाई व सफाई संभव नहीं होगी ऐसे ही हर साल होता है जिससे हजारों एकड़ जमीन जालमग्न हो जाती है फसले खराब हो जाती हैं धान की फसल तो जाती ही है साथ में गेहूं की फसल भी चली जाती है इन दोनों नदियों से प्रभावित क्षेत्र के किसान अपने बच्चों की फीस आदि भी नहीं भर पा रहे भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। ज्ञापन देने वालों में साधू सिंह जितेंद्र.राजू अमित कुमार उदयराज जगराम सिंह संतोष कुमार बल्ले सत्तराम दीपक पाल रविंद्र यादव करता कृष्ण सर्वेश कुमार सौरभ कुमार देवेंद्र कुमार मनोज कुमार रामकुमार अनूप कुमार शिवम शोभाराम आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के वार्ड नंबर 12 भीटी में स्थित शारदा भवन पर गुरुवार को शारदा जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा नगर पंचायत गोला के 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी आनंद दुबे व शारदा जन कल्याण सेवा संस्थान अध्यक्ष व कार्यक्रम आयोजक सोमनाथ गुप्ता ने सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को माल्यार्पण कर और मेडल मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। तथा कहा कि शैक्षणिक जीवन की तपस्या व सफलता ही जीवन के समग्र विकास की मजबूत नींव बनती है। उन्होने मेधावियों के लिए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं ज्ञापित की। समारोह के संयोजक अजय गुप्ता व सभासद निर्मला गुप्ता ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सभासद विनय सैनी, सीताराम जायसवाल, डॉ राजेश जायसवाल, विजय जायसवाल, पन्नेलाल यादव, डॉ बी के चौरसिया, लाल बहादुर, सुमित, शुभम गुप्ता, शोभित गुप्ता, रामजनम यादव, डॉ विनोद शर्मा, रामकिशुन यादव, स्वपन राय, संदीप श्रीवास्तव, राजकुमार कसौधन, सौरभ नायक व मिथुन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र छात्राएं दिव्या यादव, अभिषेक मौर्या, अर्पिता सैनी, पूजा पांडेय, सुमन कसौधन, ऋतिमा मौर्या, सोनी मौर्या, तनु मौर्या, लक्ष्मी मौर्या, रेशम मौर्या, अस्तिमा मौर्या, अंशिका चौरसिया, पवन सोनकर, नेहा कुमारी, विशाल ममद्धेशिया, आदर्श कुमार, अनामिका जायसवाल, प्रियंका कुमारी मझवार, प्रीति मझवार को सम्मानित किया गया।

बाढ़ के खतरे से मुक्त होगा राम जानकी महामार्ग, बनेंगे रेगुलेटर

- ग्रामीणों की चिन्ता के समाधान को अधिकारियों के साथ विधायक ने किया स्थलीय निरीक्षण
- विधायक राजेश त्रिपाठी ने कार्यदायी संस्था के इंचार्ज को लगाई फटकार

गोरखपुर। चिल्लूपार के दक्षिणांचल स्थित सैकड़ों ग्रामवासियों की जीवनरेखा राम जानकी मार्ग के उच्चीकरण और चौड़ीकरण के तेजी से चल रहे कार्य के बीच मार्ग के निर्माण की तकनीकिक चिंताओं के समाधान के लिये चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने एन एच आई, सिंचाई विभाग और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

बुधवार को चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने अधिकारियों के साथ निमार्णाधीन अयोध्या जनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 227अ (राम जानकी मार्ग) के निरीक्षण के दौरान मार्ग के निर्माण से सम्बन्धित शंकाओं पर चर्चा किया और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बता दें कि चिल्लूपार के दक्षिणांचल में ग्रामीणों को बाढ़ और आवागमन के साथ अन्य समस्याओं के समाधान हेतु राप्ती नदी के किनारे आच्छीडीह से सराय तक करीब 06 किमी के क्षेत्र में तटबंध प्रस्तावित है। इसी क्रम में एनएचआई के अधिकारियों से ज्ञात हुआ कि निमार्णाधीन राम जानकी मार्ग पर खड़ेसरी से पटना गांव के बीच 16 किमी सड़क के बीच 02 मीटर चौड़ा और 02 मीटर ऊंचा 11 कलवर्ट (पुलिया) बनाई जाएगी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों ने चिन्ता जताई कि इस कलवर्ट के बनने से आच्छीडीह सरया तटबंध को खतरा उत्पन्न हो जायेगा और ग्रामीणों को बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ेगा। ग्रामवासियों की इस समस्या को जानकार विधायक राजेश त्रिपाठी ने भारत सरकार को पत्र लिख कर जानकारी दी और संभावित खतरों से अवगत कराते हुये, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी इसकी जानकारी दिया। जिसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और विधायक से वस्तुस्थिति की जानकारी ली। विधायक श्री त्रिपाठी ने स्थानीय परिस्थितियों का समझे बिना मार्ग का डीपीआर तैयार करने के लिए अधिकारियों को लताड़ भी लगाया, उन्होंने कहा कि राम जानकी मार्ग वस्तुतः ग्रामीणों को बाढ़ से बचाने के लिए बना बंधा है, जिसमें निर्माण के समय से आज तक कही भी पुलिया नहीं बनी वर्तमान डीपीआर में बनी पुलिया क्षेत्र को बाढ़ के संकट में डाल देगी।

तेज आंधी में दो की मौत, दंपत्ति सहित आठ घायल

इटावा। बुधवार रात तेज आंधी कहर बनकर आई। जिसमें एक बालक सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दंपति सहित आठ लोग घायल हो गए।

बसरेहर के गांव आशानन्दपुर गांव में तेज आंधी के दौरान छत पर सो रहा 8 वर्षीय बालक अभिनव उर्फ सिद्धू हादसे का शिकार हो गया। आंधी तेज होने पर पिता मुरली मोहन अपने बेटे को छत से नीचे उतारने लगा था। जैसे ही वह बेटे को लेकर सीढ़ियों से नीचे उतर रहा था, तभी पास में ही लगा टीन शेड उड़कर आया और मुरली मोहन के पैर में जा लगा जिससे उसका पैर बुरी तरह फट गया। तभी बच्चा अभिनय उर्फ सिद्दू हाथ से छूट गया वह बुरी तरह टीन शेड के चपेट में आ गए। बच्चा सीढ़ियों से नीचे गिर पड़ा। जैसे ही आवाज सुनते ही मां सीमा देवी बच्चे को बचाने गई तो वह भी चोटिल हो गई, लेकिन अपने मासूम बच्चे व पति की हालत देख उसके होश उड़ गए। पिता व मासूम पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, धमाके की आवाज सुनते ही परिजन दोनों घायलों को तत्काल निजी अस्पताल लेकर गए, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही 8 वर्षीय अभिनय उर्फ सिद्धू ने दम तोड़ दिया।

ट्रक में कार टकराने से महिला सहित तीन लोग जख्मी

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर मानिकपुर मोड़ के पास श्रद्धालुओं की कार ट्रेक से टकराने ने महिलाएं सहित तीन लोग घायल हो गए। कानपुर क्षेत्र में केशवपुरम के रहने वाले सुशील कुमार उपाध्याय अपनी पत्नी वंदना उपाध्याय उम्र 40 वर्ष व सास मंजू दुबे पत्नी घनश्याम दुबे उम्र करीब 58 वर्ष निवासी मुम्बई व तीन बच्चों सहित छह लोगों के साथ कार से मथुरा वृंदावन दर्शन करने के बाद अपने घर कानपुर के लिए जा रहे थे। गुरुवार की सुबह उपरोक्त स्थान पर खड़े ट्रक में तेज रफ्तार कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनो जबरदस्त थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे तीन लोग जख्मी हो गए। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन को लेकर मौके से भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़े घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

स्कूटी व स्कॉर्पियो की भिड़ंत में युवती व युवक की मौत

- मृतक युवती के पिता झांसी में दरोगा के पद पर तैनात है

बकेवर, इटावा। कानपुर आगरा नेशनल हाइवे पर बिजौली के पास गुरुवार दोपहर एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने सड़क किनारे स्कूटी खड़ी कर बातें कर रहे दो ग्रामीण पोस्टमैन व उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीररूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँची डायल 112 पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दोनों ने दम तोड़ दिया। उनका तीसरा साथी पोस्टमैन पानी पीने लगा जिससे बालवाल बच गया। मृतक युवती के पिता झांसी में दरोगा के पद पर तैनात है। घटना की खबर सुनकर इटावा के लिए रवाना हुए स्कॉर्पियो में रूस देश के लोग सवार थे। स्कूटी में टक्कर मारती हुई स्कॉर्पियो करीब पचास मीटर घिसटती हुई सड़क किनारे खेत में जा पलटी। आसपास से गुजर राहगीरों व पुलिस ने पलटी स्कॉर्पियो में दबे तीनो रसियन यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना पर इंस्पेक्टर बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी मय फोर्स मौके पर पहुँचे।

तीनों घायल विदेशी यात्रियों को एम्बूलेंस से उपचार के लिये 50 शैय्या अस्पताल ले गए। जहां अस्पताल में ईएमओ डॉ रविन्द्र साहू ने तीनों विदेशी यात्रियों का उपचार के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस उन्हें थाना पर लेकर आयी। स्कूई सवार अतुल शाक्य पुत्र मनमोहन शाक्य 24 निवासी इंजीनियरिंग कालेज इटावा, संगम गौतम पुत्री वेदप्रकाश गौतम 22 निवासी दिबियापुर, प्रशांत पुत्र रामपाल सिंह निवासी नगला भगवंत जसवन्तनगर तीनों ही ग्रामीण पोस्टमैन हैं। अतुल शाक्य खरदूली बसरेहर पोस्ट ऑफिस में तैनात था। संगम ग्राम बरौली खुर्द पोस्टऑफिस बसरेहर में तैनात थी। प्रशांत राइन में तैनात था। प्रशान्त ने बताया कि गुरुवार को भरथना पोस्टऑफिस में मीटिंग में गए थे वहां से बकेवर होते हुए इटावा दोपहर करीब ढाई बजे आ रहे थे। वह लोग बिजौली के आगे नारायण कोल्डस्टोरेज के पास रुक गए। स्कूटी खड़ी कर पानी पीने लगे। तभी बकेवर की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी ने खड़ी स्कूटी व उसके साथ खड़े अतुल व संगम को टक्कर मारकर कुचल दिया। टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो आगे जाकर पलट गई। उसमें सवार तीन विदेशी साथी भी हल्के घायल हो गए। स्कॉर्पियों में याकोनिका 55, निवासी क्रूस, सेरजर सेलिव 54, जॉर्जी 57 घायल हो गए। स्कॉर्पियों याकोनिका चला रहा था। याकोनिका ने बताया कि वे तीनों साथी भारत मे घूमने आए हैं काफी समय से वे मायापुरी से वृंदावन घूमने जा रहे थे। थाना प्रभारी बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि स्कॉर्पियो से एक्सीडेंट में स्कूटी सवार दो की मौत हो गयी। स्कॉर्पियो में सवार तीनों विदेशी रसियन नागरिक हैं। वे भी घायल थे उनका उपचार कराया गया। आगे की कार्यवाई की जा रही है।

टीन गिरने से बालक की मौत

इटावा। बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आशानन्दपुरम निवासी बालक की बीती रात आंधी तूफान के दौरान टीन गिरने से मौत हो गई। बालक की मौत से घर व परिवार में मातम सा छा गया। आनन फानन में बालक को जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आशानन्दपुरम निवासी मुरली मोहन के आठ वर्षीय पुत्र सिद्दु घर पर टीन के नीचे रात में लेटा था तेज आंधी तूफान के चलते टीन उड़कर उसके ऊपर गिरी जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या
NER-BSB0SnT-OT-06-2025

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है :-
क्रमांक-1 निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-06-2025: कार्य का नाम: वाराणसी मंडल में स०म०सि०दू०ई० /वारा० एवं स०म०सि०दू०ई०/मऊ महोदय के सेक्शन में विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य के संबंध में सिगनलिंग कार्य। **विवरण:** अनुमानित लागत: ₹ 2,08,56,881.72, बयाना की राशि: ₹ 2,54,300/-, निविदा प्रपत्र की कीमत: ₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय: 16-06-2025 को 15:00 बजे।
(1) ई-निविदा दिनांक 16-06-2025 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
(2) पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिंग. एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-13 वाराणसी
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

पत्रकार के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

लखीमपुर खीरी। शहर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी पत्रकार योगेश वर्मा के पिता बिंद्रा प्रसाद वर्मा का गुरुवार को तड़के निधन हो गया वह करीब 67 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हर कोई उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दे रहा था स्व.बिंद्रा प्रसाद वर्मा का उपचार लखनऊ के एक अस्पताल से चल रहा था। गुरुवार को ही उनका अंतिम संस्कार रामघाट (सेठ घाट) स्थित श्मशान घाट पर दोपहर को किया गया। अंतिम संस्कार के समय काफी संख्या में समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोग और अखबार से जुड़े लोग पहुंचे थे। भारी भीड़ के बीच दाह संस्कार हुआ मुखाग्नि बड़े पुत्र शिव कुमार वर्मा ने दी। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी लज्जा देवी, दो पुत्र शिव कुमार वर्मा एवं योगेश वर्मा पोता आयुष, पोता दिव्यांश पोती अंशिका समेत पूरा भरा परिवार छोड़ गए हैं।

सपा ने किया मनोनयन

लखीमपुर खीरी। फतेहपुर सैंधरी निवासी आनंद पटेल को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की स्वीकृति पर लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बनने पर जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व सदस्य विधान परिषद शशांक यादव, पूर्व विधायक विनय तिवारी, राम सरन व सुनील लाला समेत लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष यश मोहन पटेल, छात्र सभा जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष उमेश गिरि, यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने हर्ष जताया। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने कहा कि आनंद पटेल एक संघर्षशील युवा नेता है जिन्होंने पार्टी के आंदोलनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है लाठियां भी खाई है।

तेज आंधी से केला व आम की फसल को भारी नुकसान

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी में केला और आम की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। अन्य फसलों पर असर कम रहा है। हवा इतनी तेज थी छाया के लिए पड़ी टीन और छप्पर हवा का सामना नहीं कर सके। बुधवार की रात आंधी की गति इतनी तेज थी पाल झपकते ही सब कुछ बीरान हो गया है। किसानों पर हुई फसल में भारी नुकसान पर उनके माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने की है। किसी को कर्ज चुकाना था तो किसी को बेटी की शादी का सपना पाल रखा था। पाल झपकते ही सब कुछ खत्म हो गया है। किसाने की अन्य फसलों पर इसका असर बहुत काम पड़ा है।

बिजली आपूर्ति हुई ठप,

मोहम्मदी खीरी। विद्युत विभाग में निविदा संविदा कर्मचारियों की हड़ताल पर चले जाने से पहले से ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई थी। इसी बीच रात तेज आंधी ने अव्यवस्था में चार चांद लगा दिए हैं। रात से दोपहर तक आपूर्ति व्यवस्था ठप हो जाने से चारों ओर त्राहि त्राहि मच गई है। बुधवार की रात तेज आंधी से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है। कई लाइनों के टूट जाने और पेड़ गिर पड़ने से आपूर्ति ठप हो गई विभाग के अधिकारी क्षेत्र में दौड़े और प्राइवेट मजदूर के सहारे फाल्ट ठीक करने में बेबस नजर आ रहे हैं। कर्मचारियों की हड़ताल का पता चलने पर मजदूरों की पौ बारह है। मुंह मांगी रकम तय करने पर ही काम करने को राजी हो रहे हैं।

नवविवाहिता मायके से प्रेमी के साथ फरार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र निवासी एक नवविवाहिता अपने मायके से ही प्रेमी के साथ फरार हो गई। जिसकी मां ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। युवती की मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी पुत्री का विवाह 18 अप्रैल 2025 को ग्राम ढकिया निवासी प्रदीप पुत्र भगवानदीन के साथ हुआ था। उसकी पुत्री मायके में ही थी। बुधवार को वह शाम 4 बजे कपड़ा सिलवाने के बहाने घर से गई थी। इसी दौरान गांव निवासी विपिन पुत्र श्रीराम मोटरसाइकिल से अपने साथ भगा ले गया। उसे भगवाने में गांव के सतीश कुमार, अरुण कुमार, सुधीर कुमार पुत्रगण श्रीराम ने सहयोग किया है। इसके साथ ही वह ससुराल में मिले हुये जेवरात भी साथ ले गई है।

गोला गोकर्णनाथ रेलवे स्टेशन का उद्घाटन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधायक अमन गिरि, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की मौजूदगी में अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तहत गोला गोकर्णनाथ रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में गोला गोकर्णनाथ रेलवे स्टेशन का भी उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है ताकि यात्रियों को बेहतर अनुभव मिल सके और ये स्टेशन स्थानीय संस्कृति के प्रतीक बन सकें। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा गणेश वंदना, राष्ट्रगान आदि प्रस्तुत किया गया। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे की एक महत्वाकांक्षी पहल है। जिसके तहत देश के स्टेशनों को चरणबद्ध तरीके से पुनर्विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य स्टेशनों को केवल परिवहन केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि शहरों के आधुनिक प्रवेशद्वार के रूप में विकसित करना है। पुनर्विकसित स्टेशनों पर अब यात्रियों को आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ पेयजल और शौचालय, डिजिटल डिस्प्ले, वाई-फाई सुविधा, बेहतर रैंप, दिव्यांगों के लिए विशेष इंतजाम और पर्याप्त पार्किंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी। मुख्य अतिथि विधायक अमन अरविंद गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच के कारण रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत पुनर्विकसित किया जा रहा है। जिससे यात्री सुविधाओं में इजाफा होगा। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू शुक्ला ने मोदी के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, अवधेश मिश्रा, शिव मंदिर अध्यक्ष प्रधान जनार्दन गिरि, राम मोहन सोनी, पंकज गुप्ता, पूर्व सभासद भोली गिरि, विजय मिश्रा, पवन गुप्ता, सुरजनलाल वर्मा, रेलवे अधिकारी सीएसटीई आरके सिंह, रजनीश गुप्ता, डीसीआई मनोज कुमार, वाणिज्य अधीक्षक रामबहादुर आदि मौजूद रहे।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

पलियाकलां-खीरी। कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन में 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी सुंडा द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम सुंडा में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना था। रैली में सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ-साथ ग्रामीण युवा एवं गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान नारे लगाकर तथा पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से नशे के खिलाफ संदेश दिया गया। ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान की जानकारी दी गई और बताया गया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति और समाज के लिए विनाशकारी है। इस अवसर पर समवाय प्रभारी तिलक राज (सहायक कमांडेंट) ने कहा कि 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्रों में न केवल सुरक्षा की दृष्टि से कार्य कर रहा है।

पत्रकार के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से हाईकोर्ट का इनकार

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पारित एक निर्णय में ऑल्टन्यूज के सह संस्थापक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया। विवादास्पद धर्मगुरु यति नरसिंहानंद की एक सहयोगी की शिकायत पर दर्ज इस प्राथमिकी में जुबैर के खिलाफ धार्मिक समूहों के बीच वैमनस्यता बढ़ाने सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति डॉ वाई.के. श्रीवास्तव की पीठ ने हालांकि कहा कि मामले की विवेचना के दौरान याचिकाकर्ता को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। अदालत ने निर्देश दिया कि प्राथमिकी के अनुपालन में यह जांच जारी रहेगी। यति नरसिंहानंद सरस्वती ट्रस्ट की महासचिव उदिता त्यागी द्वारा की गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जुबैर ने मुस्लिम समुदाय को हिंसा के लिए भड़काने की नीयत से तीन अक्टूबर 2024 को यति नरसिंहानंद के एक पुराने कार्यक्रम की वीडियो क्लिप पोस्ट की। गाजियाबाद में दर्ज प्राथमिकी में यह आरोप भी लगाया गया है कि जुबैर ने नरसिंहानंद की संपादित क्लिप एक्स पर पोस्ट की जिसमें पैगंबर मोहम्मद को लेकर उनकी कथित तौर पर भड़काऊ टिप्पणियां शामिल थीं। इस पोस्ट का मकसद नरसिंहानंद के खिलाफ भावनाएं भड़काना था। इस पोस्ट में जुबैर ने नरसिंहानंद के कथित भाषण को अपमानजनक बताया था। मोहम्मद जुबैर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्यता बढ़ाना), 299 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य), 356(3) (मानहानि) और 351(2) (आपराधिक धमकी के लिए सजा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जुबैर ने अपनी रिट याचिका में अदालत से प्राथमिकी रद्द करने और दंडात्मक कार्वाई से सुरक्षा की मांग की थी।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मना

पलियाकलां-खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया के अन्तर्गत दुधवा पर्यटन परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर वन विभाग द्वारा ऑडोटूरियम में बच्चों को वन एवं वन्य जीवों पर आधारित झक्यूमेंट्री व पी०पी०टी० के माध्यम से प्रस्तुतिकरण देते हुयें रोचकर जानकारियाँ दी गयी। तथा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान, सुश्री लवलीन कौर, कक्षा-क, विवेकानन्द एकेडमी-भीरा-खीरी, द्वितीय स्थान, सुश्री नन्दिनी शर्मा, कक्षा-, विवेकानन्द एकेडमी-भीरा-खीरी, तृतीय स्थान, क्रमशः सुश्री परनीत कौर, कक्षा-क व सुश्री प्रतिभा सिंह, कक्षा क गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल पलिया-खीरी ने प्राप्त किया। इन बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया

गया। कार्यक्रम के समापन के दौरान स्कूली बच्चों व स्थानीय निवासियों को जैवविविधता / वन्य जीव के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये उन्हे जागरूक किया गया। ग्रीष्म काल को मद्देनजर रखते हुयें सभी लोग से पशु-पक्षियों हेतु पीने योग्य जल की व्यवस्था अपने घरों, छतों, खेत खलिहानों में यथासम्भव करने का भी अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चे, गुरूजन, स्थानीय निवासीगण, महावीर सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा, प्रशान्त कुमार प्रियदर्शी, क्षेत्रीय वन अधिकारी, पर्यटन, रमेश कुमार, स्टेनों, सुरेन्द्र कुमार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, सठियाना रेंज, रोहित रवि, डब्लू०डब्लू०एफ०. संदीप कुमार, फार्मासिस्ट, विपिन सैनी, आउटरीच प्रोग्राम इंचार्ज, अपूर्व गुप्ता, बॉयोलोजिस्ट, धनीराम व सुश्री नाजरून निशा, अभिप्रेरक व अन्य कर्मचारीगण आदि मौके पर उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक किया गया।

गोला के पार्थ ने ताइक्वांडो में जीता कांस्य पदक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित 5 वीं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में गोला के मोहल्ला अर्जुन नगर कालोनी निवासी प्रवीण कुमार के पुत्र पार्थ ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपने क्षेत्र तथा जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में सभी जिलों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। पार्थ ने इससे पूर्व सात बार गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। पार्थ का यह आठवां पदक है। पार्थ उमा देवी चिल्ड्रेन एकेडमी में कक्षा -3 के छात्र हैं पार्थ ने अंडर 29 किलो ग्राम क्योरुगी वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इस नन्हे खिलाड़ी की उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व की बात है बल्कि पूरे जिले के लिए भी प्रेरणादायक है। इन की सफलता अन्य छात्र /छात्राओं को भी खेल और शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। यह चैम्पियनशिप उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन ताइक्वांडो फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित की गयी थी। जिस में राज्यभर से हजारों में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। पार्थ एलीट ताइक्वांडो एकेडमी गोला से प्रतिभाग करते हैं। उनकी इस सफलता पर गोला एलीट ताइक्वांडो एकेडमी के कोच शहबाज अली तथा सभी गुरुजनों एवं शिक्षिकाओं ने खुशी जाहिर की है तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

भारतीय सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

जंगबहादुरगंज खीरी। भारतीय सेना के सम्मान में पूरे कस्बे में निकाली गई तिरंगा रैली। कस्बा जंगबहादुरगंज में विशाल हिन्दू वाहिनी संगठन के कार्यकताओं द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में पूरे कस्बे में भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों के साथ एक पैदल तिरंगा निकाली गई। इस दौरान प्रदेश महासचिव विमलेश कुमार, जिला अध्यक्ष लखीमपुर खीरी भारत लाल कुशवाहा, जिला प्रभारी जितेंद्र शुक्ला, जिला महासचिव धीर सिंह, तहसील अध्यक्ष मोहम्मदी गुड्डू अर्कवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, ब्लॉक उपाध्यक्ष सत्यांशु, ब्लॉक महासचिव सर्वेश कुमार सक्सेना, सदस्य हरिओम कुशवाहा, सदस्य मुकेश कुमार, सदस्य पुरंदेव सक्सेना, सदस्य परविंदर कुशवाहा आदि लोग सम्मिलित रहे।

रूक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) देवीपुर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में पंडित पवन द्विवेदी जी महाराज ने रुक्मणी विवाह और कंस वध का प्रसंग सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। पंडित पवन द्विवेदी महाराज ने सुनाया कि रुक्मणी का भाई रुक्मी अपनी बहन की शादी शिशुपाल से करना चाहता था। रुक्मणी ने एक ब्राह्मण के हाथ पत्र लिखकर भगवान श्री कृष्ण को भेज कर अपनी शादी की इच्छा व्यक्त की। भगवान श्री कृष्ण पत्र पाते ही विदर्भ देश पहुंचे और रुक्मणी का हरण कर लिया। रुक्मणी के विरोध करने पर उसे युद्ध में परास्त कर दिया। भगवान श्री कृष्णा रुक्मणी से विवाह कर द्वारिका ले गए। कंस के अत्याचार से प्रजा दुखी थी। भगवान कृष्ण और बलराम कंस के बुलाने पर मथुरा पहुंचकर कंस का वध किया और अपने पिता वासुदेव और माता देवकी को कारागार से मुक्त कर अपने नाना ऊग्रसेन को राजगद्दी सौंप दी। कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए।

डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 28 मई से

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ 28 मई से होने जा रहा है। जिसका उद्घाटन सायं को दूधिया रोशनी में होगा। उक्त जानकारी देते हुए टूर्नामेंट कमेटी के मंत्री के.के.शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय से आयोजन की अनुमति मिलने के बाद प्रशासन से अनुमति को आवेदन पत्र भेजा गया है। साथ ही उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि व उप मंत्री कमल अहमद की देख रेख में पिच व मैदान के समतलीकरण का कार्य 25 मई से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 18वें टूर्नामेंट में भाग लेने की इच्छुक टीमों को 26 मई तक निर्धारित प्रवेश शुल्क जमा कर अपना स्थान सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इसके पश्चात प्रवेश नहीं मिल सकेगा और टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा।

आज कंजा बरम बाबा देवस्थान पर होगा श्याम संकीर्तन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा प्रत्येक एकादशी की भांति आज 23 मई दिन शुक्रवार को श्री श्याम संकीर्तन सायं 7:30 बजे से रात 10:00 बजे तक खाटू श्याम मंदिर कंजा देवस्थान गोला में होगा। जिसमें सभी श्याम प्रेमीजनों को, सपरिवार आमंत्रित किया गया है।

विद्या निकेतन का छात्र इसरो में वैज्ञानिक पद पर चयनित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज के छात्र सुशान्त सिंह ने इसरो द्वारा आयोजित वैज्ञानिक भर्ती परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्होंने 21 अप्रैल को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, तिरुवनंतपुरम में पद भार ग्रहण किया है। मेधावी छात्र सुशान्त सिंह कक्षा 9 से इण्टरमीडिएट तक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज के नियमित छात्र रहे हैं। इन्होंने हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2016 में 93.8: अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके पश्चात इन्होंने वर्ष 2021 में बीएससी दिल्ली यूनिवर्सिटी से उत्तीर्ण कर वर्ष 2023 में आईआईटी बॉम्बे से केमिस्ट्री में एमएससी की उपाधि प्राप्त की। सुशान्त सिंह संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भू वैज्ञानिक परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं एवं इनकी बहन भावना सिंह जो की इसी विद्यालय की छात्रा रही है सहायक अनुभाग अधिकारी पद पर, केन्द्रीय सचिवालय में कार्यरत है। ग्रामीण पृष्ठभूमि के सुशान्त सिंह के पिता गिरेन्द्र पाल सिंह राठौर ग्राम मोहरिया-सिसनौर में कृषक एवं माता मंजू सिंह शिक्षा मित्र हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने छात्र को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

शव रखकर परिजनों ने हाइवे पर लगाया जाम

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी क्षेत्र के लोनियापुरवा निवासी अवधराम पुत्र विश्वंभर की मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने गुरुवार को शव सड़क पर रखकर पीलीभीत-बस्ती हाईवे अशोगापुर के पास जाम कर दिया। जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। हाईवे जाम होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मान मनौवल शुरू कर दिया। बताते चलें कि अवधराम अचेत अवस्था में सुबह गांव के निकट खेत में पाया गया था। जिसे परिजन अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मारपीट का मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में बेवजह गाली गलौज और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने युवक की मां की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम जलालपुर निवासी उषा देवी पत्नी पंकज कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 18 मई की शाम 5 बजे उसका पुत्र नितिन वर्मा गांव की बाजार में सब्जी लेने गया था। इसी दौरान बाजार में गांव निवासी शाहरुख पुत्र जलील बेवजह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मेरे पुत्र को डंडे से पीटा। जिसमें वह घायल हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नकली तेल बनाने की सूचना पर एडीएम एफआर ने की छापेमारी

- सागर इंडस्ट्रीज पर छापामारी कर बड़ी मात्रा में तेल जब्त किया

शाहजहांपुर - जनपद में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने सहायक आयुक्त (खाद्य), बरेली मंडल, बरेली के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ जमौर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सागर इंडस्ट्रीज में छापामारी की गई। टीम में खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारी शामिल रहे छापेमार कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री से रिफाइंड सोयाबीन तेल, सरसों तेल और रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल के कुल 5 नमूने लिए गए। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में नकली तेल जब्त किया गया। जांच के दौरान फैक्ट्री परिसर में गंभीर स्तर की गंदगी पाई गई, जिससे खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन स्पष्ट रूप से सामने आया। इस पर विभाग ने संबंधित कारोबारी को सुधार नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि तय मानकों का अनुपालन नहीं किया गया, तो फैक्ट्री का लाइसेंस निलंबित या निरस्त कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने यह भी संकेत दिए कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि आमजन को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

शाहजहांपुर - नगर में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका सफल संचालन सत्यम शर्मा के नेतृत्व में हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्र भक्ति की भावना को जन जन तक पहुंचाना है और देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। यात्रा का शुभारंभ अग्रसेन भवन केरूगंज से हुआ वह शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए घंटाघर तक पहुंची। सैकड़ों की संख्या में युवाओं, समाजसेवियों, महिलाओं, गणमान्य नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय और वन्देमातरम के नारे लगाते हुए देश प्रेम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। यात्रा के दौरान रास्ते भर आम जन मानस द्वारा विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सत्यम शर्मा ने कहा हमारा उद्देश्य युवाओं में देश भक्ति की अलख जगाना और हमारे शहीदों के बलिदान को याद करना है। यह तिरंगा यात्रा एक प्रेरणा है, एक संदेश है कि हम सब एक है और देश के लिए एकजुट है। कार्यक्रम में संयोजक सत्यम शर्मा अध्यक्ष चौक मंडल, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, उपसभापति नगर निगम वेद प्रकाश मौर्या, चौक मंडल प्रभारी डॉ हेमेंद्र वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, उत्तर प्रदेश सफाई आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र बाल्मीक, ब्लॉक प्रमुख राजाराम, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, सदर मंडल अध्यक्ष संजीव सक्सेना, निवर्तमान चौक मंडल अध्यक्ष वैभव खन्ना, मंडल महामंत्री कमल किशोर गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

गोविंदगंज में दुकानों से लाखों की चोरी के मामले में एसपी से मिले व्यापारी

शाहजहांपुर - गोविंद गंज मार्केट में दुकानों पर हुई चोरियों से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। जिसके चलते गोविंद गंज के व्यापारियों ने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष/जिला अध्यक्ष किशोर गुप्ता को साथ लेकर पुलिस कप्तान से मिले। व्यापारियों ने एसपी को बताया कि 17 तारीख को गोविन्द गंज के गुरुशरण सिंह की मोबाइल कलेक्शन और सरदार प्रेम सिंह नरूला की दुकान पर चोरों ने लाखों रुपए के कीमती कपड़े चुरा लिए थे जिसकी सूचना थाना सदर बाजार में दी गई थी जिसके बाद 18 मई को केस दर्ज हुआ। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गया। किशोर गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि चोर का फोटो है और चोरी करते हुए का वीडियो भी है, सारे सबूत मौजूद है फिर भी सदर बाजार पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना सदर बाजार कोतवाल को आदेश दिया कि फौरन सबूत देख कर कार्यवाही करें और चोर और उसके गैंग को पकड़ कर माल जब्त करें। साथ ही एसपी ने कोतवाल से ये भी पूछा कि चोरी वाली रात को गोविंदगंज में पिकेट पर किन सिपाहियों की ड्यूटी थी उनका नाम बताइए उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

प्लाटिंग के नाम पर ठगी मैनेजर ने लगाए गंभीर आरोप

शाहजहांपुर जनपद में प्लाटिंग के नाम पर कई फ्लाटिंग करने वालों पर कई लोगों से प्लाट देने के नाम पर ठगी करने के आरोप लगे हैं और यह आप किसी और ने नहीं प्लाटिंग कर रहे मैनेजर ने खुद लगाए हैं थाना रोजा क्षेत्र के लोधीपुर निवासी हिमांशु राय पुत्र प्रेम कांत ने पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि वह खालिद खां उर्फ चमन व राजिक खां उर्फ टीटू पुत्र लल्लन खां निवासी तारीन टिकली थाना सदर बाजार की प्लाटिंग में मैनेजर था और ग्राम संजना में मुनीम के तौर पर कार्य कर्ता था प्लाट खरीदने के लिए जो लोग आते थे वह उन्हें प्लाट दिखाने के बाद उनसे बयान के तौर पर कुछ धनराशि जमा करवाता था जिसे वह प्लाटिंग करने वाले लोगों को शाम को दे देता था इसी तरह उसने लगभग 28-30 लाख रुपए प्लाटिंग के पास जमा किए और जब ग्राहकों का बैनामा कराने के लिए उसने प्लाटर से कहा तो वह मुकर गए और बैनामा कराने से मना कर दिया और बोले हमारे पास कोई पैसा नहीं है इसके बाद बयान देने वाले लोगों ने मैनेजर को परेशान करना शुरू कर दिया मैनेजर ने बताया कि वह कई बार प्लाटर से मिल चुका है लेकिन प्लास्टर पैसा मानने को तैयार नहीं है और उसे अपमानित कर गालियां देकर भगा देते हैं और फोन करके लगातार गाली गलौज कर रहे हैं वह काफी परेशान है और उसने पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को प्रार्थना पत्र देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है

कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुई मारपीट

लखीमपुर खीरी। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय प्रभारी के साथ हुई मारपीट के मामले में रामपाल शाक्य ने कोतवाली सदर में शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। रामपाल शाक्य कांग्रेस कमेटी कार्यालय प्रभारी ने बताया कि आज समय करीब 2 बजे मैं आफिस में दैनिक कार्य के लिए बैठा था। कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अब्दुल रहीम व वीरेन्द्र कश्यप भी मौजूद थे। अचानक दिलीप पासवान जो मेरे पास आए और कार्यालय में अटेच बाथरूम में घुस गये जिसमें पहले से एक महिला शौच के लिए अन्दर गयी हुई थी मैंने दिलीप पासवान को बाथरूम में जाने से मना किया लेकिन वह नहीं माने और बाथरूम का दरवाजा खोल दिया मैंने जाने से रोका तो मुझे थप्पड़ मार दिया और साथ ही मुझे जोर से धक्का दे दिया जिस कारण मैं जमीन पर गिर पड़ा और मुझे काफी अन्दरूनी चोटें आयीं वह कुर्सी उठाकर मेरे ऊपर मारने का प्रयास किया कार्यालय में मौजूद अब्दुल रहीम व अन्य लोगो ने किसी तरह उन्हें पकड़ कर बीच-बराव कर मुझे बचाया दिलीप पासवान मुझ जान से मारने की धमकिया देते हुए भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा।, आफिस कैमरे में पूरी वारदात कैद है। अब्दुल रहीम और वीरेन्द्र कश्यप ने किसी तरह दिलीप पासवान को कार्यालय से बाहर किया। दिलीप पासवान कार्यालय में बने अलग कमरे में जबरन कब्जा कर रहता है। और आये दिन पानी, बिजली के मुफ्त इस्तेमाल करने के लिए भी नाजायज दबाव बनाता है। जिस पर मेरे विरोध करने पर वह हमसे रंजिश मानकर धमकिया देता रहता है। रामपाल ने कोतवाली की मांग कोतवाली सदर पुलिस से की है।

नाबालिग से बलात्कार के दोषी 80 वर्षीय चित्रकार को 20 साल की जेल

ग्रेटर नोएडा। नोएडा में नाबालिग से बलात्कार के दोषी 80 वर्षीय चित्रकार को अदालत ने 20 साल कारावास की सजा सुनाई है और उस पर जुर्माना भी लगाया है। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय, गौतमबुद्ध नगर में अतिरिक्त सत्र एवं विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) प्रथम की अदालत ने नाबालिग से बलात्कार के मामले में बुधवार को आरोपी मोरिस राइडर को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में दोषी को एक साल और कारावास की सजा भुगतनी होगी। दो अन्य धाराओं में उस पर सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि चित्रकार नोएडा के सेक्टर 46 में रहता था और वर्तमान में उसकी उम्र 80 वर्ष है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में जब पहली बार पीड़िता से दुष्कर्म किया गया तो उसकी उम्र 13 वर्ष थी। आरोप है कि चित्रकार ने पीड़िता को नोएडा में अपने घर में बंधक बनाकर रखा और वर्ष 2015 से 2022 तक पीड़िता का पहले डिजिटल रेप (यौन अंगों से छेड़छाड़) और फिर बलात्कार किया। दोषी पर पीड़िता को हथियार का भय दिखाकर डराने धमकाने का भी आरोप है। उन्होंने बताया कि अदालत में पीड़ित पक्ष की तरफ से सात गवाह पेश किए गए। पीड़िता का बयान और फोन पर चित्रकार की अश्लील बातों की रिकॉर्डिंग सजा दिलाने में अहम साबित हुई।

मंडलायुक्त ने जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी ली

पानी है अनमोल, पानी के महत्व के बारे में लोगों को किया जाये जागरूक : मण्डलायुक्त

- **हर घर नल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें**

मीरजापुर। मंडलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही में जल जीवन मिशन ग्रामीण से सम्बन्धित कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर नल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें यदि निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर पानी की टंकी लगाई गई हैं उन सभी स्थानो पर पानी के आने व जाने का समय व सम्बन्धित आपरेटर का नाम व मोबाइल नम्बर लिखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्लोगन के माध्यम से जगह-जगह पानी की उपयोगिता के बारे में लोगों को अवगत करायें कि यह पानी पीने के लिए आ रहा है, इसे अन्य किसी उपयोग में न लें। इसके साथ उन्होंने कहा कि पानी के महत्व व पानी आने-जाने का समय पंचायत भवनों व आँगनवाणी केन्द्रों पर भी पेन्टिंग के माध्यम से लिखवायें। जैसे- जल ही जीवन है, इसके बिना सब निर्जन है। ऐसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को पानी की महत्ता को समझायें। मण्डलायुक्त ने कहा कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी समय-समय पर पानी की जाँच कराते रहें जिससे यह पता चल सके कि पानी पीने योग्य है अथवा नहीं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पानी की जाँच समय-समय पर कराते हुए अवगत करायें। आयुक्त ने कहा कि जो अधिकारी क्षेत्र में पानी की जाँच के लिए जा रहे है जाँच के साथ-साथ लोगों से भी वार्ता कर पानी की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी लें। यह भी कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था को कार्य करने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न हो रही है तो सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराए ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके। बैठक के दौरान कार्यदायी संस्था रामकी बाबा के द्वारा बताया गया कि 04 गाँव अभी तक बचे हुए है एक सप्ताह में पूर्ण करा लिया जायेगा। जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए अवगत करायें। मण्डलायुक्त द्वारा पानी के आपूर्ति की समय सारिणी लिखवाने का दिशा निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क कटिंग एवं रेस्टोरेशन तथा ओएचटी का कार्य जहां पर पाईपलाइन बिछाई जा चुकी है उन सभी जगहों पर सड़क दुरूस्त कर लिया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भदोही, जिला विकास अधिकारी सोनभद्र, संयुक्त विकास आयुक्त रमेशचन्द, अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य अभियन्ता विद्युत, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही एवं सभी कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहें।

पाक्सो के दोषी धीरज को 4 वर्ष की कैद

सोनभद्र। साढ़े चार वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी धीरज यादव को 4 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने 7 अक्तूबर 2020 को रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 28 सितंबर 2020 को शाम 3:30 बजे जब वह घास काटकर घर आई तो देखा कि रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के जैत गांव निवासी धीरज यादव पुत्र अशोक यादव उसकी नाबालिग लड़की का बलपूर्वक हाथ पकड़ कर खींच रहा था। उसे देखते ही वह भाग गया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी धीरज यादव को 4 वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

संक्षेप

होमगार्ड की हार्ट अटैक से मौत

जौनपुर। जलालपुर क्षेत्र के बहरीपुर गांव निवासी 51 वर्षीय होमगार्ड की हार्ट अटैक से असामयिक मौत हो गयी ।उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी संजय चैबे होमगार्ड के पद पर तैनात थे ।वे बुधवार को अपने गन्ने के खेत मे गुड़ाई का काम कर रहे थे ।उसी समय उन्हें सीने में दर्द हुआ ।परिवार के लोग उन्हें आनन फानन में शहर मुख्यालय के एक निजी नर्सिंग होम ले गए ।वहां पर उनकी मौत हो गयी ।चिकित्सक ने बताया कि इनकी मौत हार्ट अटैक से हुई ।उनकी मौत से उनके परिवार में कोहराम मच गया ।उनकी पत्नी व दो पुत्रियों का रोकर बुरा हाल है ।एक मात्र पुत्र मुम्बई में रहकर रोजी रोटी कमाता है ।उनकी मौत की सूचना पर थानाप्रभारी जफराबाद जयप्रकाश यादव पहुंच गए ।उन्होंने परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया।

सदस्यता अभियान पर जोर

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर व मछलीशहर विधानसभा की समीक्षा बैठक मछलीशहर स्थित कैम्प कार्यालय पर संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष इमरान बंटी ने संगठन की समीक्षा की तथा संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान पर जोर दिया । जिलाध्यक्ष ने कहा कि जून के माह में जिला स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। पूरे जनपद में पच्चीस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने रखा है। गाँव-गाँव सदस्यता कैम्प लगा कर सदस्य जोड़ने का कार्य पार्टी करेगी। समस्त पार्टी कार्यकर्ता एक जुट होकर सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए कार्य करें । जिला सचिव डॉक्टर मकसूद, सभासद फराज सिद्दीकी, मछलीशहर नगर अध्यक्ष तौसीफ अन्सारी, मुंगराबादशाहपुर विधानसभा अध्यक्ष शाह आलम, शहजादे अन्सारी, युवा नगर अध्यक्ष अशरफ अली, हाफिज हुसैन, सोनू, शाह जमान, शाहिद, सलमान मौजूद रहे।

सभासद को फेसबुक पर गालियां, एसपी से शिकायत

जौनपुर । जफराबाद थाना क्षेत्र के कस्बे के वार्ड संख्या पांच के सभासद को उनके फेसबुक आईडी पर एक व्यक्ति द्वारा गालियां , भद्दे कमेंट व धमकी दी जा रही हैं ।इससे परेशान होकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाया है। सभासद विनोद प्रजापति पुत्र बाबूराम प्रजापति ने बताया कि आकाश मौर्या नामक व्यक्ति द्वारा उनको फेसबुक पर गालियां के साथ अश्लील कमेंट किया जा रहा है ।उन्होंने यह भी कहा कि कुछ व्यक्ति उनके राजनीतिक व सामाजिक प्रतिष्ठा से जलन रखते है ।उन लोगों द्वारा यह कार्य किया जा रहा है ।वे लगातार हमारे ऊपर अभद्र भाषा का उपयोग कर रहे है ।विनोद प्रजापति ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर ऊक्त व्यक्ति पर साइबर क्राइम का मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए कार्यवाही की मांग किया है ।उधर इस मामले को लेकर पूरे कस्बे में चर्चा का बाजार गर्म है।

कार्य में बाधा डालने पर पांच गिरफ्तार

जौनपुर। थाना सरपतहां पुलिस द्वारा यूपी-112 के कर्मचारीगण के शासकीय कार्य में अवरोध करने वाले पांच अभियुक्त को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार यूपी-112 पर चंद्र कुमार पुत्र रामलवट सिहं निवासी अंबेडकरनगर को ग्राम कोइरीपुर थाना सरपतहा में बंधक बनाकर, मारपीट करने की सूचना प्राप्त हुआ। सूचना पर जब पीआरवी 2327 मौके पर पहुंची तो हे0का0 बलवंत पाल और ड्राइवर हो0गा0 सुनील कुमार को शेष कुमार, अर्पित, जियालाल, सचिन पुत्र सुभाष, अमित, सचिन पुत्र संजय, अजय, आलोक, नीरज, करीना, अरुण, गयाप्रसाद, साजन, जितेन्द्र व अन्य व्यक्तियों द्वारा घेर लिया गया और गाली गलौच करते हुए शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न किया गया तथा वीडियो वायरल किया गया। इस घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए सूचना पर थाना सरपतहा पर नामजद अभियुक्तगण नीरज, जियालाल, आलोक कुमार उर्फ सचिन, देवेन्द्र, करीना को दबिश से गिरफ्तार किया गया। ह्णगिरफ्तार अभियुक्तों में नीरज कुमार पुत्र लालदेव नि0 कोईरीपुर थाना सरपतहाँ , जियालाल पुत्र रामदवर नि0 कोईरीपुर थाना सरपतहाँ , आलोक कुमार उर्फ सचिन पुत्र स्व0 अभयराज हरपुर चकिया थाना अखण्डनगर जनपद सुलतानपुर , देवेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश नि0 कोईरीपुर थाना सरपतहाँ है।

निर्धारित कार्यों को गुणवत्तायुक्त के साथ समय से करायें पूरा

आजमगढ़। सीडीओ परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। एलसी इन्फ्रा द्वारा फेज 2 के अन्तर्गत ओएचटी एवं एफएचटीसी के कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त किी एवं निर्देशित किया कि निर्धारित तिथि में कार्य को पूर्ण करें। सीडीओ ने एलसी इन्फ्रा द्वारा फेज 3 के अन्तर्गत कराये जा रहे एफएचटीसी के निर्माण कार्य को सितम्बर 2025 तक एवं अवशेष ओएचटी को नवम्बर 2025 तक शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया ।जीए बाबा द्वारा फेज 3 के अन्तर्गत ओएचटी निर्माण, एफएचटीसी, सुधाकरन द्वारा फेज 5 के अन्तर्गत ओएचटी निर्माण, एफएचटीसी, सोलर, ट्रायल रन, एसआईईपीएल द्वारा फेज 5 के अन्तर्गत एफएचटीसी, ओएचटी निर्माण, गाजा द्वारा ओएचटी निर्माण में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि मैन पावर बढ़ाते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति लायें एवं निर्धारित समय से कार्यों को गुणवत्तायुक्त पूर्ण करें। सीडीओ ने कहा कि जो कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं, उस कार्य को जल्द से जल्द शत प्रतिशत पूर्ण करें एवं जो कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण हैं, वहां पर मैन पावर बढ़ाकर कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार लायें। उन्होने कहा कि जहां पर एफएचटीसी कम है एवं ग्रामीणों द्वारा जल का कनेक्शन लेने से मना किया जा रहा है, वहां ब्लाक स्तर पर ग्राम प्रधानों एवं आईएसए कम्पनियों की बैठक कर ग्रामीणों को जल के महत्व के बारे में बतायें एवं उनको जल का कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होने कहा कि जहां पर लोगों द्वारा जल का कनेक्शन लेने के लिए मना किया जा रहा है, वहां की सूची कल तक समस्त कार्यदायी संस्थाएं उपलब्ध करा दें। सीडीओ ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। उन्होने कहा कि मैन पावर बढ़ाते हुए निर्धारित कार्यों को गुणवत्तायुक्त समय से पूर्ण करायें। उन्होने कहा कि समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर फिल्ड में विजिट कर कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

एनटीपीसी रिहंद में बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यशाला शुरू

जिला संवाददाता (vol)

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी रिहंद में बुधवार को बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेम) सपनों की उड़ान का शुभारंभ मुख्य अतिथि एन. एस. राव, कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एवं विशिष्ट अतिथि विजया राव अध्यक्षा उत्तरा क्लब द्वारा दीप प्रज्वलित कर पारंपरिक ढंग से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर विभाग द्वारा तरंग प्रेक्षागृह में किया गया जिसमें कक्षा 6 की 120 चयनित बालिकाओं को 21 मई से 19 जून तक आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम में पूर्व जेम प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और अपने अनुभव साझा किए। कार्यकारी निदेशक रिहंद अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि जेम कार्यक्रम बालिकाओं के जीवन में स्थायी सकारात्मक परिवर्तन लाकर उन्हें सशक्त बनाएगा। मुख्य अतिथि एन. एस. राव ने इसे एनटीपीसी की एक अभिनव पहल बताया जो ग्रामीण बालिकाओं को शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कर रही है।

यह ग्रीष्मकालीन कार्यशाला अकादमिक शिक्षा के साथ योग आत्मरक्षा, कला, संगीत और खेलकूद जैसी गतिविधियों से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। 2018 में शुरू हुई इस पहल के तहत अब तक 600 बालिकाओं को प्रशिक्षण मिला है जिनमें से 50 को डीएवी विद्यालय में प्रवेश दिलाकर पूर्ण खर्च सीएसआर द्वारा वहन किया जा रहा है ।उद्घाटन समारोह में विभिन्न परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी वर्तिका महिला मंडल की सदस्याएँ सीआईएसएफ ग्राम प्रधान शिक्षक अभिभावक उपस्थित रहे।

लम्बित मामलों का जल्द करायें निस्तारण : डीएम

आजमगढ़। डीएम रविंद्र कुमार ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों में संचालित योजनाएं जो समय से पीछे चल रही हैं एवं लंबित हैं, उनसे संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

डीएम ने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को छोटी-मोटी कमियों को दो से तीन दिन तथा अधिकतम 15 दिन के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि निस्तारण में किसी प्रकार की समस्या है तो अवगत कराया जाए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग को स्कूल में नामांकन के अनुसार बच्चों की अनुपस्थिति का कारण पता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एबीएसए स्वयं ब्लॉक वाइज भ्रमण कर सीडीओ को अवगत करायें। उन्होंने उप कृषि निदेशक को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के आवेदकों का आवेदन किस कारण लंबित है, कारण स्पष्ट करने तथा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के लाभार्थी का चयन 15 दिन के अंदर पात्रता के आधार पर करने के निर्देश दिए।

डीएमने सामाजिक सेक्टर के अधिकारियों को विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन के आवेदनों के निरस्तीकरण का कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 45 दिन से पुराने लंबित वृद्धावस्था पेंशन के आवेदनों का निस्तारण 3 दिन में करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि एसडीएम/खंड विकास अधिकारी स्तर से सत्यापन भी कराया जाए। प्रोजेक्ट अलंकार में 05 पेंडिंग बाउंड्री वालों को तत्काल निर्माण कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए।

डीएम ने जिला गन्ना अधिकारी को लंबित गन्ना किसानो के भुगतान हेतु आवश्यक धनराशि की मांग के लिए गन्ना आयुक्त को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। डीएम में उपायुक्त उद्योग को निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित एमओयू की सूची तत्काल उपलब्ध कराने एवं सीएम युवा उद्यमी अभियान के अंतर्गत ऋण के लंबित आवेदनों का एलडीएम/बैंकों से समन्वय स्थापित कर तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिप्टी आरएमओ को गेहूं खरीद का पिछले वर्ष व इस वर्ष का तुलनात्मक विवरण निर्धारित फॉर्मेट पर उपलब्ध कराने एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल सही कार्यदायी संस्था का चयन कर पूर्ण होने वाली गौ-शालाओं को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। डीएमने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति का डाटा शासन को प्रेषित करने एवं सभी प्रधानाचार्य के साथ बैठक कर निर्धारित फॉर्मेट पर सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को बीडीओ जिला पंचायत अधिकारी/ ग्राम प्रधान के माध्यम से ब्लाक/ग्राम पंचायतवार बैठक कर ग्रामीणों को अधिक से अधिक जल कनेक्शन लेने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सीएम आवास योजना के संबंध में आईजीआरएस पर शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच करने के निर्देश मुख्य राजस्व अधिकारी को दिए।

ओपेन जिम का हुआ शुभारंभ

सोनभद्र। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दुधिचुआ परियोजना ने आवासीय परिसर में ओपेन जिम की शुरूआत की। क्षेत्रीय महाप्रबंधक (दुधिचुआ) विनोद कुमार सिंह ने ओपन जिम का औपचारिक उद्घाटन किया।

एनसीएल दुधिचुआ द्वारा यह कार्य शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस ओपेन जिम के माध्यम से एनसीएल कर्मी तथा स्थानीय लोग सुबह शाम किसी भी समय व्यायाम कर सकेंगे। साथ ही यह ओपन जिम लोगों को एक स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगा। इस अवसर पर परियोजना से अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा कर्मी कल्याण हेतु ऐसे विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं।

एडीएम व एसडीएम का भव्य समारोह आयोजित कर दी गयी विदाई

- **अधिकारियों के साथ अधिवक्ता और किसान यूनियन सहित विदाई समारोह में नागरिक भी रहे शामिल**

मीरजापुर । जनपद में लगभग तीन साल आठ महीने का सफल कार्यकाल निभाने वाले लोकप्रिय एडीएम शिव प्रताप शुक्ल का जिला झांसी स्थानांतरण के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य व शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डीएम प्रियंका निरंजन ने उनके कार्यकाल की सराहना करती हुई कहा कि किसी भी अधिकारी के बारे में उसके कार्य के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व से होती है, जिसे अपर जिलाधिकारी के रूप में साढे तीन से अधिक कार्यकाल में निर्विवाद रहे शिव प्रताप शुक्ल ने अपने कार्यो एवं व्यक्तिव के कारण जनपद में अच्छी लोकप्रियता हासिल की है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानान्तरण एक सतत प्रक्रिया है परन्तु टीम में अच्छे अधिकारियों के होने से बडे से बडे कार्य व संकट को आसानी से निस्तारण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एडीएम को जो भी कार्य सौंपा गया वह चाहे उनसे सम्बंधित हो या नहीं उन्होंने बखूबी निष्ठा पूर्वक उसे निभाया है। डीएम ने कहा कि प्रशासनिक कार्यो के साथ ही साथ जनपद में अन्य विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेख बनाना तथा उसे सभी के साथ टीम भावना से पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कराना इन्हें बखूबी आता है। उन्होंने विन्ध्य महोत्सव, कुम्भमेला के दौरान यातायात व मंदिर व्यवस्था, लोकसभा व विधान सभा निर्वाचन, बाढ के दौरान किये कार्य, वीआईपी आगमन सहित किये गये कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि आगे अभी बहुत कार्य करना है इसी लगन व मेहनत से कार्य करें ताकि जीवन में उत्तरोत्तर उन्नति की ओर बढे। उन्होंने एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी के कार्यो एवं शांत स्वभाव की सराहना करते हुये कहा कि युगान्तर ने मडिहान तहसील में अधिक समय तक कार्य किया और मड़िहान तहसील में वादों के निस्तारण, भूमि विवाद, राजस्व वसूली आदि क्षेत्र में अच्छी उपलब्धि हासिल कर तहसील में प्रगति लायी है। इस अवसर पर डीएम ने दोनो अधिकारियों को स्मृति चिन्ह, मोमेटों, अंक वस्त्रम व देवी चित्र भेट कर आगे के लिये शुभकामनाए दी। मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने अपने नम आंखों से कहा कि आज हम केवल एक एडीएम को नहीं बल्कि अपने भाई को अपने से अलग कर रहे है। इनसे आफिसियल के अलावा पारिवारिक सम्बन्ध भी बना रहा, इनकी कमी सभी को खलेगी परन्तु सरकारी सेवा में रहते हुये प्रदेश के विभिन्न जनपदों व स्थलों पर कार्य करना पडता है, जहां भी जाए पूरी निष्ठा से कार्य करें और मॉ विन्ध्यसिनी देवी के धाम से वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के धरती एवं देवी शक्ति माता पीताम्बरा देवी के धाम में सेवा करने अवसर प्रदान हुआ है वहां भी अपने कार्यो एवं आचरण से लोगों में प्रसिद्धि हासिल करें यही सह सभी की कामना है। उन्होंने उप जिलाधिकारी लालगंज के कार्यो की भी सराहना की। विदाई समारोह में एसडीएम संजीव कुमार, शक्ति प्रताप सिंह, एसडीएम सौम्या मिश्रा, डिप्टी आरएमओ, जिला कमान्डेन्ट होमगार्ड्स वीके सिंह, पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, सस्कार भारती के मण्डल संयोजक गणेश अवस्थी, नमामि गंगे के जिला क्वाडिनेटर वेद प्रकाश पाठक, कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष बृजेश सिंह, वरिष्ट सहायक प्रेमधर दूबे, वरिष्ट लिपिक अलम्बदा सिंह, सीमा, अनिल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों को अपर जिलाधिकारी के कार्या की सराहना करते हुये स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया उनकी सराहनी की गई।

बिजली कर्मचारी धरने पर

जौनपुर । विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में बिजली विभाग के कर्मचारी 22 मई से 28 मई तक दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सांकेतिक धरने पर बैठे हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो 29 मई से वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। धरने के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि सरकार कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर रही है। यह हड़ताल पूरे उत्तर प्रदेश में होगी। अवर अभियंता मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा बिजली विभाग का निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने जनहित में बिजली विभाग की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य जनता को सस्ती बिजली उपलब्ध कराना था। मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि निजीकरण जनहित में नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी भी देश की जनता का हिस्सा हैं। इसलिए निजीकरण का विरोध करना और इसे रोकना आवश्यक है।

विनय अध्यक्ष व अमित प्रांतीय संयुक्त मंत्री

जौनपुर। जिला मंत्री सतीश पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रांतीय कार्यसमिति व सभी जनपदों के जिलाध्यक्ष ६ मंत्री मांडलिक मंत्री व भारी संख्या में उपस्थित शिक्षकों की उपस्थिति में एक बैठक शारदा इंस्टीट्यूट लखनऊ में सम्पन्न हुई। जिसमे सर्वसम्मति से रिक्त पदों के सापेक्ष के रूप में गोंडा के विनय तिवारी प्रांतीय अध्यक्ष सहारनपुर के संदीप पवार प्रांतीय कोषाध्यक्ष जौनपुर से अमित सिंह प्रांतीय संयुक्त मंत्री रायबरेली के शैलेन्द्र सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रयागराज से श्रद्धा श्रीवास्तव क्रांति संगठन मंत्री सिद्धार्थनगर से अतुल मिश्रा प्रांतीय संगठन मंत्री अमरोहा से जयवीर सिंह प्रांतीय प्रचार मंत्री के रूप में निर्वाचित हुए ।सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एमएलसी विधायक देवेंद्र सिंह ने पद गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए संगठन ईमानदारी व निष्ठा से चलाते हुए मजबूती प्रदान करने की बात कही ।इसके पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह व प्रांतीय महामंत्री उमाशंकर सिंह के द्वारा संगठन के संघर्षों को बताते हुए रिक्त पदों के सापेक्ष उपरोक्त नामों की घोषणा की। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी संतोष सिंह मृतुन्जय सिंह जिला ऑडिटर डॉ अनुज सिंह राजीव सिंह लोहिया मुकेश दुबे सहित अन्य पदाधिकारी इत्यादि रहे।

ढैचे की खेती कर किसान करें मृदा सुधार

जौनपुर। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी किसानों को दी गई। डीएम ने किसानों को ढैचे की खेती करने के लिए प्रेरित किया। बताया कि ढैचे की बुआई से मृदा संरचना में सुधार होता है। इससे आगामी फसल के उत्पादन में वृद्धि होती है। कहा कि जनपद के सभी किसान अपनी किसान आईडी अनिवार्य रूप से बनवा लें। पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसान ही प्राप्त कर सकेंगे। गांवों में शिविर आयोजित कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा रही है। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी पीडी आत्मा डॉ. रमेश चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर सीडीओ ध्रुव खाड़िया, उप निदेशक कृषि हिमांशु पांडेय, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, कृषि वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. आरके सिंह, उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राणा सहित अन्य अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

आलोक गुप्ता को भूटान का बेस्ट अकादेमी अवार्ड

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय के वित्तीय अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक गुप्ता को भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में ह्यबेस्ट अकादेमी अवार्डह्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें रॉयल यूनिवर्सिटी ऑफ भूटान के नार्बुलिंग रिग्टर कॉलेज, पारो में आयोजित सम्मेलन में प्रदान किया गया। डॉ0. गुप्ता को यह सम्मान कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान एवं रोल आफ एआई एंड सोशल मीडिया इन सोशल ट्रांसफारमेशनह्न विषय पर प्रस्तुत शोधपत्र के लिए दिया गया। संगोष्ठी में वे सतत और न्यायसंगत भविष्य की ओररू विज्ञान, प्रौद्योगिकी, राजनीति एवं अर्थशास्त्र की भूमिका विषयक तकनीकी सत्र के अध्यक्ष भी रहे। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न देशों के शिक्षकों एवं शोधकताओं को संबोधित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सामाजिक परिवर्तन में भूमिका और इसके नए शोध क्षेत्रों पर प्रकाश डाला ।डॉ. गुप्ता ने एआई के बढ़ते प्रभाव, संभावनाओं एवं चुनौतियों पर बल देते हुए इसे अनुसंधान और नवाचार का नया मंच बताया। उनके इस सम्मान पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने उन्हें बधाई दी।

एनटीपीसी विंध्याचल में निकली स्वच्छता रैली

सोनभद्र। स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत, एनटीपीसी विंध्याचल ने गुरूवार को अपने टाउनशिप परिसर में एक प्रेरणादायक स्वच्छता रैली का आयोजन किया। इस रैली में एनटीपीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों के साथ-साथ सीआईएसएफ, यूनियन तथा एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली का नेतृत्व ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने किया। इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें संजीब कुमार साहा (महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण), डी.के. अग्रवाल (महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला (महाप्रबंधक द्द प्रचालन), ए.जे. राजकुमार (महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम) और राकेश अरोड़ा (मानव संसाधन प्रमुख, विंध्याचल) शामिल रहे। रैली के दौरान टाउनशिप में स्वच्छता के नारे गूंज उठे, जिन्होंने न केवल वहां मौजूद लोगों को प्रेरित किया, बल्कि साफ-सफाई, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक भागीदारी के महत्व को भी उजागर किया। यह आयोजन एनटीपीसी विंध्याचल की स्थायी विकास और स्वच्छ भारत के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एनटीपीसी विंध्याचल, देश की सबसे बड़ी ताप विद्युत परियोजनाओं में से एक होने के नाते, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को गंभीरता से निभाता है।

संक्षेप

उर्वरक विक्रेताओं को मिलेंगी आधुनिक मशीनें

देवरिया । जनपद के फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पुरानी पीओएस मशीनों (एल-0 वर्जन) को आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत एल-1 वर्जन की मशीनों से बदला जाएगा। जिला कृषि अधिकारी कार्यालय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 23 और 24 मई को विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) के प्रतिनिधि फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को नई पीओएस मशीनें वितरित करेंगे जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यह कदम उत्तर प्रदेश शासन के निदेशों के अनुपालन में उठाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उर्वरक वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुगम और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि पुरानी मशीनों को बदलकर नई एल-1 वर्जन की मशीनें प्रदान की जाएंगी, जो उर्वरक बिक्री के रिकॉर्ड को और बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में सहायक होंगी।

बहन ने बचाई पिता की जान, शराबी भाई ने धारदार हथियार से कर दी बहन की हत्या

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के हनुमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगवा छापर गांव में रविवार की शाम एक ऐसी दर्दनाक घटना घटी जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। घरेलू कलह और शराब की लत का ऐसा खौफनाक नतीजा सामने आया, जिसमें एक भाई ने अपनी बहन की जान ले ली। घटना उस वक्त हुई जब बहन अपने पिता को बचाने के लिए आगे आई। आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।मृतका अंजनी देवी (उम्र 28 वर्ष), कौटिल्य गांव में विवाहिता थीं। वह अपने छोटे भाई विशाल चौहान की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद मायके गंगवाछापर गांव आई थीं। दो दिन पूर्व विशाल की टैंकर से टकराकर मौके पर ही मौत हो गई थी। उसी के अंतिम संस्कार में भाग लेने आई अंजनी को क्या पता था कि घर आने के दो दिन बाद ही उसे अपने ही भाई के हाथों जान गंवानी पड़ेगी विशाल के दाह संस्कार के बाद अंजनी के पति पत्रु चौहान ने पत्नी को मायके में ही छोड़ दिया था और अगले दिन आने की बात कहकर लौट गए थे।इस बीच बुधवार की शाम अचानक परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, अंजनी का बड़ा

● 14 माह की मासूम रह गई बेसहारा

भाई रामसमुझ चौहान (उम्र 35 वर्ष) बुधवार की शाम शराब के नशे में घर लौटा और किसी बात पर अपने पिता हरिकिशुन से झगड़ने लगा। वह मारपीट पर उतारू हो गया। घर में यह कोहराम देख अंजनी देवी ने अपने पिता को बचाने का प्रयास किया, लेकिन इसी बीच नशे में धुत रामसमुझ ने गुस्से में आकर घर में रखे धारदार हथियार से अंजनी के सीने पर वार कर दिया। यह हमला इतना घातक था कि अंजनी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।घटना की सबसे दिल दहला देने वाली बात यह रही कि मृतका की गोद में उसकी 14 महीने की मासूम बच्ची ह्यजानवीह्न भी थी, जो अपनी मां की हत्या की मूक गवाह बनी। अब यह मासूम अपनी मां की ममता से वंचित हो चुकी है। यह दृश्य देखकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत हनुमानगंज थाना को सूचना दी। थाना अध्यक्ष मनीष पांडे फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। अंजनी के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौके से आरोपी रामसमुझ फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। थाना अध्यक्ष ने पुष्टि की आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।परिजनों का कहना है कि रामसमुझ की शराब पीने की आदत बहुत पुरानी है और वह अक्सर घर में झगड़ा करता था। पिता रामकिशन ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे के खिलाफ कई बार थाने में प्रार्थना पत्र दिया था।हर बार वह रोकर माफी मांगता था, कहता था अब गलती नहीं होगी, और हम सोचते थे परिवार है, समझौता कर लेते थे। लेकिन आज वही बेटे ने मेरी बेटी को मुझसे छीन लिया,₹ यह कहते हुए बुजुर्ग पिता फफक पड़े। थाना प्रभारी मनीष पांडेय ने कहा कि ह्लहत्या के आरोपी रामसमुझ चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले जांच की जा रही है विधीक कार्यवाही कर जेल भेज दिया जाएगा।

तिरंगा यात्रा में उमड़ा भारी जनसैलाब

भटनी (देवरिया)।स्थानीय नगर के जंगली जलपा माई मन्दिर से भाजपा द्वारा निकली गयी शौर्य तिरंगा यात्रा मे भारी जनशैलाब उमडा ।तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता व अमरशहीदो के नारे से पुरा नगर उमड पडा ।तिरंगा यात्रा मे बहादुर यादव मेमोरियल पी पी कालेज भटनी के एन सी सी के छात्र भी हुए शामिल ।

भाजपा से जुडे कार्यकर्ता पदाधिकारियो के नेतृत्व मे विधायक सुरेन्द्र चौरसिया के सफल निर्देशन मे आपरेशन सिन्दुर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम के लिए आभार प्रकट किया ।तिरंगा यात्रा दुर्गा मन्दिर चलकर वही शहीदस्थल पर पहुंच कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी शौर्यगाथा को याद करते हुए नमन किया गया ।

तिरंगा शौर्य यात्रा शहीद स्थल से नारेवाजी करते हुए रामलीला मैदान होते हुए गाँन्धी चौक से मुख्य मार्ग होते हुए सुभाष इण्टरमीडिएट कालेज के प्रांगण मे पहुंचा जहां समापन की घोषणा किया गया ।

वार्डो में शीघ्र तैनात होंगे पदाधिकारीः मिर्जा

देवरिया। शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक पार्टी कार्यालय पर कोऑर्डिनेटर अवधेश सिंह की सदारत में हुई। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने हेतु शीघ्र कमेटी गठित करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अवधेश सिंह ने कहा कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों और संविधान की रक्षा की लड़ाई राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पूरी दमदारी से लड़ रही है। यही वजह है कि आज भाजपा अपने मंसूबों में कामयाब नही हो पा रही है। शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद वेग ने कहा कि कांग्रेस हमेशा देश ?हित को बात करती है। देश जानती है कि संविधान बचाने हेतु केवल और केवल कांग्रेस पूरी दमदारी से लड़ रही है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही शहर के सभी वार्डो में पदाधिकारी तैनात कर दिए जायेंगे। बैठक में विजय बहादुर बहादुर सिंह, नागेंद्र शुक्ला, गुड्डू ?सिंह, जुनेद हुसैन, जुलेखा खातून, दीनानाथ कुशवाहा, मो. बशीर विजय राव, कृष्ण मुरारी पाण्डेय, रोशन सिंह, पप्पू शर्मा, सुभाष कुशवाहा, तारा यादव, गिरिजा पाण्डेय, अशोक ?मालवीय, इजहार आलम, सुल्तान, धर्मेंद्र पांडेय, शिवशंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने समर कैंप में पहुंचकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया

देवरिया । टाउन हाल में पालिका द्वारा संचालित शिशु मन्दिर मान्टेसरी स्कूल व इन्दिरा गांधी बालिका इण्टरमीडिएट कालेज के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय में अध्यनरत बालक / बालिकाओं के छह दिवसीय समर कैम्प के चौथे दिन पालिका अध्यक्ष श्रीमती अलका सिंह ने उपस्थित होकर दोनो विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं शिक्षक / शिक्षिकाओं को उनके द्वारा सिखाये गये कुशल नेतृत्व की प्रशंसा की। कार्यक्रम में आकांक्षा समिति देवरिया की सचिव श्रीमती भारती शुक्ला एवं छात्र/छात्राओं के अभिभावकगणों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्याक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ। नगर पालिका परिषद, देवरिया के तरफ से समस्त छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकगणों / विद्यालयों के समस्त स्टाफ को जलपान इत्यादि की व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी। उक्त कार्यक्रम में शिशु मन्दिर मान्टेसरी स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री नीरज शुक्ला एवं इन्दिरा गांधी बालिका की प्रधानाचार्या श्रीमती नलिनी सिंह ने मा० अध्यक्ष महोदया एवं आकांक्षा समिति की सचिव श्रीमती भारती शुक्ला को समस्त विद्यालय परिवार के तरफ से आभार प्रकट किया।

पात्र श्रमिकों का कैम्प के माध्यम से होगा पंजीकरण, लगेंगे कैंप

कुशीनगर। जीरों पावटी के अंतर्गत उ0प्र0 भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से प्राप्त सूची के अनुसार जनपद कुशीनगर के सभी ब्लाकों के 19148 निर्धनतम परिवारों / श्रमिकों की सूची से पात्र श्रमिकों के उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकरण, नवीनीकरण हेतु निम्न कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गई है।

उन्होंने बताया कि विकास खण्ड कार्यालय खड्डा में संदीप मल्ल की देख रख में दिनांक 26 मई को, नेबुआ नौरंगिया में 27 मई को। विकास खण्ड कप्तानगंज में दिनांक 28 मई को,विशुनपुरा में 29 मई को रमेश गौंड की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। विकास खण्ड तमकुहीराज 30 मई को, दुदही में 31 मई को, कसया में 02 जून को फाजिलनगर में 03 जून को रमेश चंद्र की उपस्थिति आयोजित किया जाएगा। विकास खण्ड पडरौना में 4 जून को, रामकोला में 5 जून को संदीप सिंह की उपस्थिति में कैंप का आयोजन होगा। इसी प्रकार विकास खण्ड सेवरही में 6 जून को, सुकरौली में 9 जून को, मोतीचक में 10 जून को, हाटा में 11 जून को शशिशेखर मिश्र की उपस्थिति में कैंप का आयोजन किया जायेगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने उक्त समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया है कि उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि च स्थान पर कैम्प का आयोजन कर निर्माण श्रमिको का पंजीयन, नवीनीकरण एव विभाग/बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ हेतु प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने पंजीकरण हेतु आवश्यक अभिलेख के क्रम में बताया कि आधार कार्ड निर्माण श्रमिक एवं परिवार के अन्य सभी सदस्यों का। बैंक पासबुक। नियोजन प्रमाण पत्र निर्माण कार्य में कम से कम 90 दिन कार्य का प्रमाण। उ०प्र० भवन एंव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड श्रमिक पंजीयन शुल्क 20, नवीनीकरण शुल्क 20 रु० प्रति वर्ष।

एवियन इन्फ्लूएंजा की रोकथाम को लेकर प्रशासन सतर्क

जिला संवाददाता

देवरिया । जिले में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) के नियंत्रण और रोकथाम के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई है। आज गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित विशेष बैठक में इस अत्यंत संक्रामक पशुजन्य रोग से निपटने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने पशुपालन, वन और सिंचाई विभाग को निरंतर भौतिक व सीरो सर्विलांस करने, स्वास्थ्य विभाग को आपदा स्थिति में वायरल दवाओं का स्टॉक तैयार रखने, राजस्व विभाग को किलिंग क्षेत्र का नक्शा और पक्षियों को जलाने/दफनाने के लिए भूमि चिन्हित करने, लोक निर्माण विभाग को जेसीबी, फॉगिंग और स्प्रे मशीनों की व्यवस्था करने, गृह विभाग को कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने, और पंचायती राज व स्थानीय निकायों को सर्विलांस में सहयोग करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अभी तक बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है। आमजन से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सतर्कता बरतें बैठक में बताया गया कि बर्ड फ्लू, जो आर्थोमिक्सों विषाणु से फैलता है, सभी प्रकार के पक्षियों को प्रभावित करता है। यह बीमारी पक्षियों के स्राव, लार, बीट और अंडों के माध्यम से फैलती है। इसके प्रमुख लक्षणों में अचानक उच्च मृत्यु दर, आंखों में सूजन, कलगी का नीला पड़ना, बीट का हरा-पीला रंग, पैरों में रक्त के थक्के और अंडा उत्पादन में अचानक कमी शामिल हैं। यह रोग पक्षियों से मनुष्यों और अन्य पशुओं में भी फैल सकता है, जिसके चलते इसे अत्यंत घातक माना जाता है जानकारी दी गई कि जनपद में वर्तमान में 185 लेयर और लगभग 350 ब्रायलर कुक्कुट प्रक्षेत्र चिन्हित हैं, जहां करीब 13 लाख मुर्गियां पाली जा रही हैं। इसके नियंत्रण के लिए जिला स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम, किलिंग टीम और टीकाकरण टीम का गठन किया गया है। साथ ही, राजकीय पशु चिकित्सालय, देवरिया सदर में बर्ड फ्लू कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसके नोडल अधिकारी डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह (मोबाइलः 9415833790) हैं।

पशुपालन विभाग द्वारा सभी कुक्कुट फार्मों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। पशुपालकों को टीकाकरण, सेनेटाइजेशन और जैव सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है। प्रत्येक माह सीरम सैंपल, नेजल और क्लोयकल स्वैब नमूने भोपाल और बरेली की प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 450 नमूने जांच के लिए प्रेषित किए गए हैं। पर्याप्त मात्रा में पीपीई किट, फेस मास्क और स्प्रे मशीनें भी उपलब्ध कराई गई हैं।

बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, प्रभागीय निदेशक (वन), अधिशासी अभियंता (सिंचाई व लोक निर्माण विभाग) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ठेला पटरी व्यवसायों ने डीएम को ज्ञापन सौंप मांगा संरक्षण

देवरिया। नगर पंचायत सलेमपुर में ओवर ब्रिज के नीचे ठेला, खोमचा, पटरी व्यवसाईयों का अतिक्रमण हटाने के नाम पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर नितेश कुमार गोड़ की अगुवाई में डीएम को ज्ञापन सौंपकर उत्पीड़न बंद करने की मांग की गई। डीएम को सौंपे पत्र में व्यवसायियों ने बताया है कि नगर पंचायत सलेमपुर अंतर्गत ओवरब्रिज के नीचे पिछले 30 वर्षों से ठेला, खोमचा, पटरी पर हम अपनी दुकान लगाकर अपने जीविकोपार्जन करते हैं। जिसमें विधवा महिलाएं, विकलांग, मूकबधिर और गरीब, कमजोर असहाय लोग भी हैं। पूर्व में शासनादेश पर नगर पंचायत के द्वारा रजिस्ट्रेशन कर ₹प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना₹ का लोन भी दिया गया है। जो अनवरत चालू है। कई व्यवसायियों ने अन्य प्राइवेट समूह कंपनियों से कर्ज ले रखा है। ऐसे में नगर पंचायत और तहसील प्रशासन द्वारा सुनियोजित तरीके से केवल ब्रिज के नीचे हनुमान मंदिर से गांधी चौक तक ही अतिक्रमण के नाम पर सबको हटाया जा रहा है। जिससे 100 से ज्यादा ठेला, खोमचा व पटरी व्यवसाई प्रभावित होंगे और ज्यादा लोग भुखमरी के शिकार होंगे, कर्ज की वापसी नहीं होने पर समूह वाले आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करेंगे। ऐसे में इस पर विचार करते हुए हम पटरी व्यवसाईयों को जीविकापार्जन हेतु संरक्षण प्रदान करने की कृपा करें।

बुद्धि, विवेक और ज्ञान से होती है मनुष्य की पूर्ण रचना : सत्र न्यायधीश

भटनी(देवरिया)।स्थानीय नगर के भाटपाररानी रोड नकहनी चौराहा स्थित आयुष्मान शिक्षा निकेतन स्कूल के प्रांगण में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज तिवारी सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र

● विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर आयोजित

न्यायाधीश देवरिया का भव्य स्वागत स्कूल के प्रबंधक अमित कुमार मिश्रा एवम संरक्षक रामाज्ञा मिश्रा ने राधा कृष्ण का चित्र भेट कर माल्यर्पण कर एवं अंग से सम्मानित किया ।मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत अब किसी भी छात्र को कोई शिक्षा से वंचित नही कर सकता। सरकार ने कक्षा एक से आठ तक के छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देने का प्राविधान किया है। जीवन मे तीन पहलुओं पर जोर देते हुये कहा कि बुद्धि विवेक और ज्ञान से मनुष्य की सम्पूर्ण रचना होती है। डॉ भीमराव अंबेडकर ने

हमारे मूल अधिकार से लेकर उन सभी संवैधानिक पहलुओं पर लोगों के विकास के लिये संबिधान में स्थान दिया है और कहा कि मनुष्य के कर्म की ही पूजा होती है। जैसे भीमराव अंबेडकर को उनके कर्मो से ही जाना जाता है।श्री तिवारी ने बरगद के बृक्ष का उदाहरण देते हुए कहा कि बृक्ष काफी विशाल होता है लेकिन उसका बीज सरसों के एक बृक्ष से कई गुना छोटा होता है, आप सभी बरगद के बृक्ष के समान है ।कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने एक लघु नाटक प्रस्तुत किया जिसमें अस्पृश्यता पर व्यंग किया लेकिन जो आज की परिस्थितिया है वो पहले जैसे नही है समय के अनुसार काफी बदलाव हुआ है ।अपने संबोधन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवरिया ने कहा कि हम लोगो का काम न्यायालय में न्याय देने का है न कि किसी पब्लिक सभा मे आकर किसी कार्यक्रम को संबोधन करने का। लेकिन सचिव जिला विविध सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत आज बच्चों को स्वयं स्कूल में आकर जागरूक करने का अवसर भी प्राप्त हुआ है, साथ ही बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए शुभकाना व्यक्त किया ।स्वागत भाषण छात्रा सिद्धि राय ने किया ।डॉ भीमराव अंबेडकर के नाटक मंचन की प्रस्तुति संध्या पल्लवी छवि निकिता सुधांशु शुभांशु अंशु आदित्य और आदर्श ने प्रस्तुत किया ।अविभावकों में शिवाकांत मिश्रा नवीन गुप्ता भीम मौर्या संजय तिवारी सुशीला मिश्रा किरण मिश्रा एवं देवब्रत दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के दौरान अध्यापकों में एन डी मन्द्री मिश्रा संगीता कुमारी प्रतिमा मिश्रा मनशी विश्वकर्मा अंजली रिया एवं श्वेता मुख्त रूप से उपस्थित रहें।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए करें आवेदन

कुशीनगर। जिला प्रवेशन अधिकारी विनय कुमार ने अवगत कराया है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार ऐसे बच्चों को प्रदान किया जाता है, जिन्होने दूसरों के लिए आसाधारण बहादुरी के निःस्वार्थ कार्य किये हैं और आसाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले छोटे बच्चों को, जो रोल माडल हैं और खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और विज्ञान प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति, नवाचार के क्षेत्र में समाज पर ब्यापक और दृश्यमान प्रभाव डाला है। ऐसे बच्चों को भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पदक, प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। कोई भी बच्चा जो भारत का नागरिक है और भारत में रहता है और 18 वर्ष से अधिक नहीं है,

समर कैंप के आयोजन से सार्थक और रचनात्मक वातावरण का होगा सृजनः सूरज कुमार

बरहज(,देवरिया), भलुअनी विकास क्षेत्र के विद्यालयों में दूसरे दिन गुरुवार को ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें विकास खंड के 51 विद्यालयों में 33 कंपोजिट, 18 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन हुआ। समर कैंप का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी सूरज कुमार द्वारा किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियात्रानाधीन संचालित परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में दिनांक 21 मई से 15 जून तक ग्रीष्म अवकाश निर्धारित किया गया है।

ग्रीष्म अवकाश के दौरान परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विशेष कर ग्रामीण परिवेश में रहने वाले अधिकांश बच्चे अपने घरों में ही रहते हैं। बच्चों के लिए नए अनुभव की खोज करना ,नए दोस्त बनाना और खेल-खेल में कुछ करके सीखने का यह सही समय है। ग्रीष्म अवकाश में समर कैंप का आयोजन कर सार्थक एवं रचनात्मक वातावरण का सृजन किया जा सकता है। समर कैंप के दौरान बच्चे विद्यालय में होने वाली नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनंद लिए। विभिन्न सामाजिक कौशलों का विकास कार्यक्रम का आयोजन हुआ । बच्चों को योगा, पीटी, विभिन्न प्रकार के खेल एवं जीवन कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन हुआ। विद्यालयों में शुरू हुए समर कैम्प में पहली बार बच्चे बिना बस्ते के ही विद्यालय पहुंचें और तीन घंटे तक खूब मौजमस्ती की। विद्यालयों में प्रातः बच्चों का रोली टीका लगाकर वेलकम, कॉर्ड देकर स्वागत किया गया। इसके बाद योग के साथ ही साथ आर्ट, नृत्य, गीत संगीत व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की। बच्चों के साथ में मौजमस्ती करते हुए बीईओ सूरज कुमार ने खेल खेला और संगीत भी सुना।

एस डी एम बरहज के माध्यम से प्रोजेक्ट मैनेजर गोरखपुर को सौंपा ज्ञापन

देवरिया । आज समाजवादी पार्टी के नेता विजय रावत के नेतृत्व में बरहज विधानसभा के भागलपुर ब्लाक के नरसिगडाण मे एन एच 227 रामजानकी मार्ग पर नरसिगडाण गाँव में पुल के विरोध में सपा नेता विजय रावत ने तहसीलदार बरहज को एस डी एम बरहज को प्रोजेक्ट मैनेजर उक्त्र गोरखपुर के नाम सौपा ज्ञापन । इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा की इस गाँव में पुल बनने से गाँव के लोगों के साथ दो दर्जनों से अधिक गाँव में आने जाने का रास्ता भी प्रभावित होगा जब की सड़क के दोनों तरफ नाली प्रस्तावित है ऐसे में यहाँ पुल की कोई आवश्यकता नहीं है। श्री रावत ने कहा की बरहज से मईल तक जितने भी पुल बनाए जा रहे हैं वह बिना भौतिक सत्यापन के बनाए जा रहे हैं जिससे भविष्य में नदी का जल स्तर बजने से हजारों एकड़ फसल व सैकड़ों गाँव प्रभावित हो सकते हैं क्योंकि की बरहज से पैना होते हुए जो सड़क जाती हैं वह बन्धें का काम करती है। इस लिए हमारी माँग है की त्तकाल प्रभाव से पहले नरसिहडाण में बन रहे पुल को हटा कर गाँव से बाहर बनाया जाए नहीं तो हम सभी लोग आन्दोलन के लिए बाध्य होगे। अनिश शर्मा विकास यादव सुरेश राज्यभर विपिन सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में युवक पर मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाने के पिपराविठ्ठल निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध सरकारी कार्य मे बाधा डालने सहित अन्य सुसंगत धाराओं मे पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है ।इस सम्बन्ध मे चकबन्दी लेखपाल ग्राम पिपराविठ्ठल प्रशान्त कुमार सिंह ने थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि ग्राम पिपराविठ्ठल निवासी आशीष सिंहद्वारा गाली देते हुए जोत चकबन्दीआकार पत्र-5हाथ से छीनकरफाडते हुएलात मारकर कुर्सी से गिराकरमारपीट कर अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा115(2) 352'351(3)121(1)132'341बी एन एस (323'504'506'332'353'304)के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है ।

जिला सैनिक बंधु की हुई बैठक

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई ।बैठक में कुल 38 पूर्व सैनिक/विधवाएं उपस्थित थे। जिसमें कुल 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जो जमीनी विवाद एवं जीपीएफ भुगतान से सम्बन्धित थे। जिसको जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित/आदेशित किया गया। इसी क्रम में पूर्व सैनिको, सेवारत सैनिको की समस्याओं, रक्षा मंत्रालय के पत्र एवं निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ०प्र० लखनउ के निदेर्शानुसार जिले में सिविल डिफेन्स कार्पस की स्थापना व सक्रिय करने पर तथा उ०प्र० शासन के निदेर्शानुसार पूर्व सैनिकों /सेवारत सैनिको की समस्याओं का एकल स्थापन पर समयबद्ध रुप से निराकरण किये जाने पर चर्चा की गयी। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी प्रार्थनापत्र आज आए है उनका गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। उन्होंने सभी से अनुरोध भी किया कि सामूहिक हित एवं मुद्दों को सर्वप्रथम आज एवं आगे की बैठक में रखी जाए। बैठक में विंग कमांडर आलोक सक्सेना जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, जिला समाज अधिकारीं, वरिष्ठ कोषाधिकारी, परियोजना निदेशक, अपर जिला सूचना अधिकारी, डीपीआरओ आदि के अलावा सम्मानित पूर्व सैनिक डाक्टर मेजर एमके बरनवाल, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन लाल बहादुर त्रिपाठी, कैप्टन दयाशंकर पाण्डेय एवं अन्य पूर्व सैनिक/ विधवाएं उपस्थित थे। उक्त बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रभाकर नाथ तिवारी, राजेश कुमार गुप्त एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

विद्युत कर्मियों की प्रस्तावित हड़ताल के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक

देवरिया । आगामी 29 मई से विद्युत विभाग के कुछ संगठनों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल को दृष्टिगत रखते हुए, आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर की उपस्थिति में एक

● आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की व्यापक कार्ययोजना तैयार

आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने हेतु रणनीति तैयार की गई और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई ।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में वैकल्पिक संसाधनों के रूप में लोक निर्माण विभाग के 32, आरईएस के 21, बाढ़ खंड के 20, नलकूप विभाग के 18, जल निगम (ग्रामीण व शहरी) के 5-5 तथा सिंचाई विभाग के 9 अभियंताओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ ही, विद्युत कार्यों में दक्ष 33 पूर्व सैनिकों

तथा 350 आईटीआई छात्रों को चिन्हित किया गया है। इन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देकर हड़ताल की स्थिति में शिफ्टवार तैनात किया जाएगा ।उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 43 विद्युत उपकेंद्र (33/11 केवी) और 4 उच्च क्षमता उपकेंद्र (132/33 केवी) संचालित हैं। इन सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित सभी संवेदनशील व जनोपयोगी स्थलों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त नगर निकायों को पेयजल टंकियों की आपूर्ति हेतु वैकल्पिक व्यवस्थाओं के निर्देश भी दिए गए हैं। लोक महत्व के स्थलों पर जनरेटर भी पूर्व से तैयार रखे जाएंगे ।बैठक में एडीएम प्रशासन श्री जैनेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद कुमार वर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत श्री अमित कुमार सिंह, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (अवकाशप्राप्त) श्री सुधाकर त्यागी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी श्री अनिल कुमार जाटव, राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य श्री शोभनाथ सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बुलडोजर ने हटाया पोखरी की जमीन से अतिक्रमण

कुशीनगर। जिले के कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पटखौली में पोखरी की जमीन पर अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। जेसीबी की सहायता से लगभग 18 अतिक्रमणियों का अतिक्रमण हटाया गया साथ ही अतिक्रमण में कुछ पक्के निर्माण को जमींदोज कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश पर यह कार्रवाई हुई। राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने नायब तहसीलदार कप्तानगंज एकता त्रिपाठी के नेतृत्व में पोखरी की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। नायब तहसीलदार अतिक्रमणकारियों को भविष्य में दुबारा से अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी।

संक्षेप

युवक का शव फंदे से लटका मिला

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक का शव फंदे से लटका मिला जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घरवालों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गाँव अहिरनपुरवा निवासी लगभग चालीस वर्षीय केशव का शव बुधवार की रात घर के पास खेत में खड़ी नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। मृतक के पिता तुलसीराम ने बताया कि बेटा अविवाहित था और शराब पीता था। घरवाले गांव में हो रही भागवत कथा सुनने गए थे। वापस आने पर जब केशव घर पर नहीं मिला तो खोज शुरू हुई इस बीच पेड़ से उसका लटकता शव देख सब भौचक रह गए। परिजन आत्महत्या का कारण नही बता पा रहे हैं। मृतक तीन भाई तीन बहनों में दूसरे नम्बर पर था। केशव की मौत से माँ गेंदा सहित परिजन रो रो कर बेहाल हैं। घरवालों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

संदिग्ध परिस्थितिय में युवक की मौत

मानपुर (सीतापुर)। इलाके में संदिग्ध हालात में युवक का शव सड़क पर पड़ा मिला। युवक के हाथ में फ्रेक्चर व गर्दन पर कटे का निशान है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। धर्मेंद्र कुमार 30 निवासी बजेहरा का शव गुरुवार को तिरकोलिया गांव के पश्चिम रोड पर पड़ मिला। धर्मेंद्र के पिता मनोहर ने बताया कि सोमवार को धर्मेंद्र लखनऊ मजदूरी करने गया था। धर्मेंद्र का बड़ा भाई विजय लखनऊ में जूस की दुकान चलाता है। विजय का कहना है बुधवार को धर्मेंद्र करीब 11 बजे लखनऊ से घर के लिए निकला था। मनोहर का कहना है कि जब बुधवार को उससे बात की थी तो उसने कहा था शाम को घर आ जाऊँगा।

मनोहर ने बताया आज करीब 8 बजे पुलिस का फोन आया कि तुम्हारे लड़के की लाश रोड पर पड़ी है। मनोहर ने बताया मृतक के दाहिने हाथ की हड्डी बाहर निकल आई है। गर्दन पर कटे का निशान है।

थाना प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया मामला एक्सीडेंट का प्रतीत हो रहा है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कारवाई की जाएगी। घरवालो ने किसी पर कोई आरोप नही लगाया है।

मानकों के अनुसार ही शुल्क का निर्धारण और वृद्धि की जाये: डीएम

जिला संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 (यथा संशोधित 2020) के प्राविधानों को लागू कराने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्धारित मानकों का पालन करते हुये ही शुल्क निर्धारित एवं शुल्क वृद्धि की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि शुल्क वृद्धि का विवरण जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराया जाये। इसके साथ ही विद्यालय द्वारा पुस्तकों, स्कूल ड्रेस आदि के संबंध में भी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करा जाये। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि अधिनियम का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही आर0टी0ई0 के अन्तर्गत भी निर्धारित मानकों के अनुसार प्रवेश दिये जाने हेतु समुचित कार्यवाही के निर्देश सभी संबंधित विद्यालयों को दिये गये।

● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय शुल्क विनियमन को लागू कराने में संबंध हुई बैठक

बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने अधिनियम के प्राविधानों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला शुल्क नियामक समिति के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला शुल्क नियामक समिति की अनुमति के बिना विद्यालय द्वारा 05 लगातार शैक्षणिक वर्षों के भीतर विद्यालय पोषाक में परिवर्तन नहीं किया जायेगा। साथ ही अनुमत सीमा से अधिक शुल्क वृद्धि के प्रस्ताव को भी जिला शुल्क नियामक समिति स्वीकार या अस्वीकार कर सकती है। इसके साथ ही नियम का पालन न करने पर दण्ड या मान्यता रद्द की जा सकती है। माता-पिता अधिक शुल्क वसूली, सत्र के बीच में शुल्क वृद्धि, विशेष दुकान अथवा दुकानदार से लेने के लिए बाध्य करने आदि के लिए विद्यालय में शिकायत कर सकते हैं तथा 15 दिनों के भीतर समाधान न मिलने पर जिला शुल्क नियामक समिति को शिकायत कर सकते हैं। जिला शुल्क नियामक समिति प्राप्त शिकायत से संबंधित दस्तावेजों का अभिलेखीय परीक्षण कर निर्णय लेगी। जिला शुल्क नियामक समिति के आदेश के विरुद्ध 30 दिन के अंदर मंडलीय स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय अपीलीय प्राधिकरण में अपील की जा सकती है। प्रथम बार नियम उल्लंघन करने पर फीस वापसी के साथ एक लाख रुपए तक जुमार्ना, दूसरी बार नियम उल्लंघन पाये जाने पर फीस वापसी के साथ पांच लाख तक जुमार्ना तथा तीसरी बार नियम उल्लंघन पाये जाने पर फीस वापसी एवं जुमार्ने के साथ मान्यता समाप्त की जा सकती है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि विद्यालय द्वारा 60 दिन पहले अपनी वेबसाइट और सूचना बोर्ड पर, ब्रॉशर या अन्य मुद्रित सामग्री में फीस की पूरी जानकारी प्रकाशित करनी होगी। कोई विद्यालय समुचित प्राधिकारी अर्थात जिला शुल्क नियामक समिति की पूर्व अनुमति के बिना सत्र के मध्य में पूर्व सूचित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं ले सकता। प्रवेश प्रक्रिया का विवरण जैसे-छात्रों के चयन के आधार, आयु सीमा, प्रत्येक कक्षा में उपलब्ध सीटों की संख्या, पिछले, वर्तमान और आगामी सत्रों में लिए समस्त शुल्क की जानकारी देनी होगी। विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएँ, शैक्षणिक विवरण, गतिविधि कैलेंडर जैसी जानकारी विद्यालय वेबसाइट पर और प्रिंटेड फॉर्म में प्रकाशित करनी होगी। विद्यालय वर्ष भर की पूरी फीस एक साथ लेने का नियम नहीं बना सकता। (मासिक, तिमाही या उमाही शुल्क लेने की घोषणा प्रवेश पूर्व करनी होगी) किसी भी प्रकार का डोनेशन या कैपिटेशन फीस लेना मना है। भुगतान के लिए रसीद देना अनिवार्य है। विद्यालय विशेष दुकानदार से किताबें, यूनिफॉर्म आदि खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल और भ्रमण जैसी विकल्प आधारित सेवाओं की फीस सिर्फ तभी ली जा सकती है जब छात्र उनका उपयोग कर रहा हो। अतिरिक्त शुल्क वृद्धि का प्रस्ताव, वित्तीय दस्तावेजों सहित, नए सत्र से कम से कम 3 महीने पहले जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रस्तुत करना होगा। विद्यालय जिला शुल्क नियामक समिति की पूर्व स्वीकृति के सिवाय, शैक्षणिक सत्र के दौरान अर्थात बीच में निर्धारित किए गए शुल्क से अधिक कोई शुल्क प्राप्त नहीं करेगा। विद्यार्थियों से ली जाने वाली समस्त फीस स्कूल की वैध आय मानी जाएगी। विद्यालय परिसर में वाणिज्यिक क्रियाकलाप से होने वाली आय स्कूल के आधिकारिक बैंक खाते में ही जमा की जायेगी। विद्यालय अपनी आय का 15 प्रतिशत तक केवल शैक्षिक विकास के लिए विकास निधि के रूप में प्रबन्ध समिति को दे सकते हैं। इस फंड का उपयोग व्यक्तिगत या व्यावसायिक लाभ के लिए नहीं किया जा सकता, केवल शैक्षिक विकास कार्यों के लिए ही किया जाएगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग रीमा सोनकर, प्राचार्य राजकीय इण्टर कालेज अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी, समिति के सदस्य व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पौधरोपण करने के लिए महिलाएं प्रेरित करेंगी

उन्नाव। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट (द्वितीय)/परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा उन्नाव आनन्द कुमार नायक ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए ह्यह्यएक पेड़ माँ के नामह्लह्ल अभियान से प्रेरित होकर आवास और शहरी कार्य मंत्रालय अपनी अनूठी अमृत मित्र पहल (अमृत 2.0 एवं डे एण्ड नल्म के साथ समन्वय) के अन्तर्गत एक वृक्षारोपण अभियान ह्यह्यमहिलाए पेड़ों के लिएह्लह्ल शुरू करने जा रहा है। उन्होने बताया है कि इस अभियान में महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य अमृत और डे-एनयूएलएम के मार्ग दर्शन में निकाय द्वारा चयनित पार्कों आदि स्थलों में पौधों का रोपण करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि वे कम से कम 1-2 वर्षों तक जीवित रहे। जिसके अन्तर्गत प्रथम चरण में 21-23 मई तक नगर पालिका परिषद उन्नाव द्वारा 05 पार्कों का चयन कर डे-एनयूएलएम (डूडा) द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से वृक्षारोपण कार्य जाना है। उक्त के अन्तर्गत आज चयनित एमआईजी 1045 वृंदावन पार्क, ईडब्ल्यूएस 593 पार्क आवास विकास कॉलोनी उन्नाव में स्वयं सहायता की महिलाओं द्वारा भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता भानू मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उन्नाव एस0के0 गौतम एवं शहर मिशन प्रबंधक डूडा आदर्श परिहार द्वारा महिलाओं को किट आदि का वितरण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को वृक्षारोपण कार्यक्रम के बारें में प्रोत्साहित किया गया। परियोजना अधिकारी डूडा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जय दुर्गा माता, नमः शिवाय, वसीम, खुशी, श्रिया स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

वित्तीय अनियमितताओं की जांच करने पहुंची जांच टीम

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के विकास खंड सुमेरपुर की ग्राम पंचायत गोबरहा में कराए गए कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर जिलाधिकारी ने गंभीर रुख अपनाया है। जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर गठित जांच टीम ने गुरुवार को गांव पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। ग्राम पिथईखेड़ा निवासी संतोष कुमार पुत्र रामखेलावन ने दिनांक 26 मार्च 2025 को जनसुनवाई पोर्टल पर दो संदर्भ संख्या 40015625015958 व 40015625015971 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने सरकारी धन की फर्जी तरीके से निकासी कर उसका दुरुपयोग किया है। शिकायत में यह भी मांग की गई थी कि कार्यों की जांच जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा कराई जाए। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने आदेश संख्या 275, 21 अप्रैल 2025 के अंतर्गत जिला कृषि रक्षा अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया, जबकि तकनीकी जांच के लिए आरईएस विभाग विकास खंड बीघापुर के अवर अभियंता को जिम्मेदारी सौंपी गई। गुरुवार को जांच अधिकारी विकास शुक्ला (जिला कृषि रक्षा अधिकारी), अवर अभियंता कन्हैया लाल यादव (आरईएस) और ग्राम विकास अधिकारी राम बहादुर मौके पर पहुंचे। टीम ने पंचायत में कराए गए निर्माण कार्यों, योजना मदों व भुगतान से संबंधित विवरण का निरीक्षण किया। इसके साथ ही ग्रामीणों से भी जानकारी लेकर उनकी प्रतिक्रिया दर्ज की। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय की ओर से बताया गया है कि जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट प्राप्त होते ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी तथा जनसुनवाई पोर्टल पर निस्तारण की प्रति अपलोड की जाएगी। जांच टीम के गांव पहुंचने के बाद ग्रामीणों में उम्मीद की किरण जगी है। लोगों का कहना है कि निष्पक्ष जांच से सच्चाई सामने आएगी और दोषियों को सजा मिलेगी।

सिटी पावर हाउस और विद्युत उपकेंद्रों का निरीक्षण

जिला संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नगर क्षेत्र स्थित संतोषी माता मंदिर के समीप सिटी पावर हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करना तथा वर्तमान में चल रही कर्मचारियों की हड़ताल के चलते वैकल्पिक व्यवस्थाओं की पड़ताल करना रहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी प्राप्त हुई कि कुल 19 विद्युतकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। इस पर उन्होंने गहनता से पूछताछ करते हुए यह जाना कि उनकी अनुपस्थिति में कौन-कौन कर्मचारी कार्यरत हैं और विद्युत आपूर्ति के संचालन की जिम्मेदारी किसे दी गई है। उन्होंने विद्युत आपूर्ति रोस्टर रजिस्टर का अवलोकन किया तथा उसमें की गई प्रविष्टियों की गहन जांच की।

● पावर हाउस परिसर में स्थापित उपभोक्ता सेवा केंद्र व बिल जमा काउंटर का भी निरीक्षण

जिलाधिकारी ने सिविल लाइन एवं लालबाग फीडर की क्षमता, वर्तमान लोड तथा आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की बिजली कटौती या आपूर्ति में व्यवधान का सामना न करना पड़े। उन्होंने ट्रांसफार्मर की इनकमिंग एवं आउटगोइंग फीडर लाइन की स्थिति की भी जानकारी ली और निर्देश दिया कि विद्युत क्षमता में कोई कमी न आने पाये। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी आनंद ने पावर हाउस परिसर में स्थापित उपभोक्ता सेवा केंद्र व बिल जमा काउंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित उपभोक्ताओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी ने कहा कि ऑनलाइन बिल भुगतान प्रणाली को अधिक सुलभ व जनसामान्य के लिए सुलभ बनाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उपभोक्ताओं द्वारा पुराना सीतापुर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में अनियमितता की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त क्षेत्र में निर्बाध व सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था लागू की जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्युत उपकेंद्र भवानीपुर का भी औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने नेरिकला, चमखर, नगरा, कटीली, रामनगर तथा शास्त्रीनगर फीडर की आपूर्ति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन फीडरों से जुड़े सभी ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बनी रहे। साथ ही उन्होंने विद्युत लाइनों की नियमित पेट्रोलिंग करने और किसी भी संभावित फॉल्ट की स्थिति में त्वरित सुधार कार्य हेतु आपातकालीन टीमों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। इसके लिए वैकल्पिक मानव संसाधन और तकनीकी व्यवस्था पूर्व से ही सक्रिय अवस्था में रहे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आपूर्ति में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव, अधिशाषी अभियंता विद्युत समेत विद्युत विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

जनपद स्तरीय नेशनल योग ओलिंपियाड

हरगांव (सीतापुर)। जनपद स्तरीय नेशनल योग ओलिंपियाड 2025 का आयोजन 21 मई 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद सीतापुर के विभिन्न ब्लॉकों खैराबाद, एलिया, हरगांव, मिश्रिख, महमूदाबाद आदि के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में खैराबाद ब्लॉक की आर्य कन्या इंटर कॉलेज सीतापुर की अनामिका पाल ने पहला स्थान, श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की अंजली ने दूसरा स्थान, श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की कलपी ने तीसरा स्थान, हिन्दू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की निशू ने चैथा स्थान, ब्लॉक हरगांव के बिड़ला विद्या मंदिर, हरगांव की दीपिका शुक्ला ने पांचवां स्थान और एलिया ब्लॉक के सेवाश्रम इण्टर कॉलेज, काजी कमालपुर की अनन्या मिश्रा ने छठवां स्थान प्राप्त कर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिया।

पड़ोसियों पर छज्जा गिराने का महिला ने आरोप लगाया

नवाबगंज, उन्नाव। एसपी को शिकायती पत्र देकर महिला ने पड़ोसियों द्वारा जबरन छज्जा गिराए जाने का आरोप लगाया है। इतना ही महिला ने गलिगलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार शिकायत कर्ता प्रीति पत्नी सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम दबोली सोहरामऊ ने एसपी को शिकातीपत्र देकर बताया कि उसके घर में छज्जे का निर्माण होने के लिए शटरिंग लगी थी। पड़ोसियों में ममता गायत्री सुभाष बद्दु कंधाई श्रीपाल राजरानी रामपुरी एक राय होकर छज्जे कि शटरिंग को गिरा दिया। इतना ही नही धमकी दिया कि तुमने दुबारा ऐसा किया तो जान से मारने कि धमकी दी। महिला ने न्याय कि गुहार लगाई है।

डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

सीतापुर। जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों, विशेष रूप से खैराबाद, सीतापुर नगर, महोली एवं मिश्रित कस्बों में हो रही अनियमित विद्युत आपूर्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने आंधी-तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हुए विद्युत पोलों एवं लाइनों की तत्काल मरम्मत कराने हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी दशा में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए सभी फीडरों की नियमित निगरानी, आवश्यकतानुसार उपकरणों की मरम्मत, तकनीकी कर्मचारियों की पर्याप्त तैनाती एवं सतर्कता बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर तत्परता से समाधान किया जाए, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जो भी विद्युतकर्मी हड़ताल पर गए हैं। उनके द्वारा विद्युत आपूर्ति को बाधित करने की नीयत से विद्युत पोलों, तारों, फीडरों आदि में किसी भी तरह की छेड़खानी की जाएगी या छेड़खानी करते हुए पकड़ा जाएगा तो उन पर मुकदमा पंजीकृत कराते हुए कड़ी विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी न्करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए।

ऐप्जा का संघर्ष हुआ सार्थक, सीएम ने दी 10 लाख की आर्थिक सहायता

जिला संवाददाता

महोली देहात (सीतापुर)। महोली से दैनिक जागरण के दिवंगत पत्रकार की पत्नी को उनके बच्चों और माता पिता को सोमवार को चेयरमैन ऐप्जा रवीन्द्र मिश्रा ने मुख्यमंत्री से मिलवाया था। जिसके फलस्वरूप

● ऐप्जा चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा ने राघवेंद्र परिवार को मिलवाया था मुख्यमंत्री से

मुख्यमंत्री ने राघवेंद्र की पत्नी को दस लाख रुपये की सहायता प्रदान कर दी है। नौकरी और सीबीआई जांच की उम्मीद भी अब काफी बढ़ गई है। ज्ञातव्य है कि विगत 8मार्च को पत्रकार राघवेंद्र की दिन दहाड़े हत्या कर दी गई थी। डेढ़ माह के उपरांत पुलिस द्वारा मनगढ़ंत कहानी बनाकर खुलासा कर दिया गया और जिससे दोषियों की पौ बारह हो गई। इस बीच पक्ष विपक्ष के तमाम जन प्रतिनिधि राघवेंद्र परिवार को झूठी दिलासा दिलाते रहे। आर्थिक सहायता पत्नी को नौकरी आदि के सपने दिखाए। किंतु अभी तक जनप्रतिनिधियों की तरफ से राघवेंद्र परिवार को केवल कोरा आश्वाशन ही मिलता रहा। अंततोगत्वा मृतक राघवेंद्र बाजपेई की पत्नी ने पत्रकार संगठन ऐप्जा से गुहार लगाई। ऐप्जा चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा ने अपने चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के सौजन्य से सीतापुर में लालबाग चैराहे पर पूरे प्रदेश के तमाम ऐप्जा बंधुओं के साथ धरना दिया। धरने में किसान पिंदर सिंह सिद्धू, शिव प्रकाश, गुरुपाल सिंह, सचेंद्र दीक्षित आदि नेताओं का भरपूर साथ मिला। नवागत एसपी अंकुर अग्रवाल के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। चेयरमैन ऐप्जा रवीन्द्र मिश्रा ने राघवेंद्र परिवार को मुख्यमंत्री से मिलवाकर 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलवाकर अपना कर्तव्य निभाया। इससे एक बात तो साबित हो गई कि जो काम पक्ष विपक्ष के जनप्रतिनिधि नहीं कर पाए। वो ऐप्जा चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा के दृढ़संकल्प ने कर दिखाया। अनुराग सारथी ने बताया है कि ऐप्जा अभी और अधिक आर्थिक सहायता दिलाने को प्रयासरत है। आगे अगर जनप्रतिनिधियों ने रश्मि बाजपेई को नौकरी दिलाने में कोई रुचि नहीं दिखाई तो इस काम के लिए भी संगठन ही संघर्ष करेगा।

हत्या के मामले में दोषसिद्धि, दोषी को आजीवन कारावास की सजा

सीतापुर। जनपद सीतापुर में कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। विशेष न्यायालय (ई.सी. एक्ट) कोर्ट संख्या-04, सीतापुर के माननीय अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार आजाद द्वारा हत्या और आपराधिक न्यासभंग के गंभीर मामले में त्वरित व प्रभावशाली न्यायिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को कड़ी सजा सुनाई गई है। प्रकरण में वादिनी संगीता देवी द्वारा थाना मिश्रित, जनपद सीतापुर में दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार 27 जनवरी 2021 को अभियुक्त हेमेन्द्र उर्फ हेमू राठौर द्वारा वादी के पति गोविन्द प्रसाद (रेलवे कर्मचारी) को दावत के बहाने बुलाकर योजनाबद्ध तरीके से हत्या कर दी गई थी।

मृतक ने अभियुक्त को ट्रैक्टर खरीदने हेतु रू0 4 लाख रुपये उधार दिए थे। जिसे लौटाने से अभियुक्त लगातार बचता रहा। न्यायालय द्वारा विचारोपरांत अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास व रू0 40,000 का अर्थदंड तथा धारा 406 के अंतर्गत तीन वर्ष का कठोर कारावास एवं रू0 10,000 का अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड न अदा करने की स्थिति में क्रमशः एक वर्ष व छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी। साथ ही, अभियुक्त की विचाराधीन अवधि को सजा में समायोजित किया गया है। यह निर्णय प्रभावी पुलिस अनुसंधान, अभियोजन की सशक्त प्रस्तुति एवं न्यायिक तंत्र की सजगता का प्रतिफल है। जिला पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा इस मामले में की गई तत्पर एवं निष्पक्ष कार्यवाही अपराध नियंत्रण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। जनपद न्यायालय आम नागरिकों को यह संदेश देना चाहता है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, और आपराधिक कृत्यों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनपद में कानून का राज स्थापित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला संगोष्ठी आयोजित

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश भाजपा के महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता जिला प्रभारी व जिला अध्यक्ष द्वारा माता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष व जिला प्रभारी द्वारा मुख्य अतिथि को भगवान श्री राम का चित्र देखकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में बोलते हुए जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर से संबंधित अभियान के आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से बताया गया एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनके सम्मान में किए गए कार्यों पर भी विशेष प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर द्वारा किए गए धार्मिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक कार्यों के विषय में बताया गया साथ ही उन्होंने बताया बालिका शिक्षा व महिला उत्थान के लिए वह भारत की एक प्रेरणा है इसी से प्रभावित होकर हमारी पार्टी नारी शक्ति अधिनियम का कानून लेकर आई है जिससे भारत की मातृशक्ति को संविधान पद्धत शक्ति प्रदान हो सके और भारत की नारी शक्ति भारतवर्ष को विश्व गुरु बनाने में अपनी महती भूमिका निभा सके। कार्यक्रम के अंत में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया साथ ही अभियान के आगामी कार्यक्रमों के लिए पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारी को मेहनत से जुटने के लिए आवाहन भी किया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी भारत के सभी महापुरुषों का सच्चा सम्मान करती है और उनकी स्मृति में समय-समय पर लोगों को जागरूक और उनके विषय में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराती है। जिससे हमारे महापुरुषों की चेतना हमारी आगामी पीढ़ी तक पहुंचे। इस अवसर पर सुधाकर शुक्ला, कंचन प्रभा पांडे, सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, कामेश शुक्ला, जया सिंह, अमित दीक्षित, उदित बाजपेई, विष्णु मौर्य, सुनील मिश्रा, रमेश भार्गव दीपू सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक किलो गांजा के साथ तस्कर दबोचा

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रामु प्रधान पुत्र पिचड़ प्रधान, निवासी जाजपुर रोड, थाना कलिंगा, जनपद कटक (उड़ीसा) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी बाड़ी रोड होते हुए रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। जहां वह गांजा छोटी-छोटी पुड़ियों में बेचने की फिराक में था। कोतवाली प्रभारी बलवंत साहि ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी उड़ीसा निवासी है। सिधौली आया था और यहां स्थानीय स्तर पर उसकी गांजा बिक्री की योजना थी। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि अब नशा तस्करी का नेटवर्क अंतरराज्यीय रूप ले चुका है। सूत्रों की मानें तो यह कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक संगठित गिरोह सक्रिय हो सकता है। जो उड़ीसा जैसे राज्यों के लोग भी यहां गांजा लेकर में सिधौली और आस-पास के क्षेत्रों में बेचता है और लाखों कमाता है। खासकर रेलवे स्टेशन जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुड़ियों के रूप में नशे की बिक्री इस बात का प्रमाण है कि तस्कर गरीब और युवा वर्ग को अपना निशाना बना रहे हैं। लोगों का कहना है पता लगाया जाये कि आरोपी किन लोगों के संपर्क में था। साथ ही यह भी जांच की जाये है कि क्या सिधौली के स्थानीय लोग या गिरोह भी इस नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। ज्ञात हो कि क्षेत्र में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए सिधौली के युवा भी सक्रिय हो चुके हैं। कस्बे के अतुल तिवारी सहित अन्य युवाओं ने हाल ही में क्षेत्राधिकारी सिधौली से मिलकर नशा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में नशे के बढ़ते खतरे और उसकी आपूर्ति श्रृंखला को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस नेटवर्क की गहराई से जांच हो और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को भी नशा तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

फरार चल रहा गैंगेस्टर उड़ीसा से गिरफ्तार

बांदा। पुलिस ने तीन वर्षों से फरार चल रहे गैंगेस्टर एक्ट के 25 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को उड़ीसा से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर मटौंध पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। बताते चलें कि थाना कोतवाली देहात में गैंगेस्टर एक्ट की विवेचना मटौंध थानाध्यक्ष कर रहे थे। आरोपी बीते तीन वर्षों से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था।

संक्षेप

पत्नी को मायके छोड़ने आए पति की पिटाई

बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के हस्तम गांव में पत्नी को मायके छोड़ने आए पति के साथ गांव के अराजक तत्वों ने गाली-गलौज की। मना करने पर उसके साथ मारपीट की, बचाव करने आई पत्नी और साले के साथ भी सभी ने मारपीट की। पति की तहरीर पर अराजक तत्वों के विरूद्ध थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। छतरपुर मध्यप्रदेश जिले के सरबई थाना क्षेत्र के ग्राम नांद निवासी बाबादीन ने दी गयी तहरीर में बताया कि उसकी ससुराल हस्तम गांव में चोखेलाल के यहां है। वह पत्नी लीला देवी को मायके छोड़ने आया था। शाम लगभग 7 बजे गांव के अर्जुन, रज्जू और छोटकू आए और गाली-गलौज करने लगे, गाली देने से मना किया तो लाठी-डंडों से पिटाई की। यह देख पत्नी लीला और साला सुमित बचाने आए तो हमलावरों ने उन्हें भी मारा और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में सभी को चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष कौशल सिंह ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

पुस्तैनी जमीन पर गुण्डागर्दी से निर्माण करने का आरोप

ललितपुर। ग्राम पनारी निवासी रामबाबू तिवारी पुत्र जगदेव प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 21 मई की सुबह 9.30 बजे वह घर पर था। तभी गांव के नरेश कुशवाहा व धीरज कुशवाहा पुत्रगण गुलाब कुशवाहा, राहुल कुशवाहा पुत्र नरेश व उनकी 3-4 महिलाएं जो कि उसकी पुस्तैनी 213 के अंश भाग पर अवैध गुण्डागर्दी के बल पर अवैध निर्माण कर रहे थे। जब उन्होंने रोका तो उक्त लोगों ने आक्रोशित होकर लात-घूसों व सरिया से उसके सिर, पीठ व हाथ पर मार दिया, जिससे वह चोटिल हो गये। चीख-पुकार सुनकर बचाव करने आये उसके भाई अरविन्द तिवारी के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पर्यावरण जागरूकता के लिए ली शपथ

ललितपुर। रेलवे स्टेशन पर प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार चतुर्वेदी द्वारा रेल प्रशासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा में सभी रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्रों ने यात्रियों के साथ पर्यावरण अनुकूल जागरूकता लाने, अपनाने के लिए शपथ ग्रहण कर प्लास्टिक के उपयोग न करने एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए कार्य करने की शपथ ली। प्लेटफार्म संख्या 1,2 व 3 पर सभी यात्रियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को स्टेशन प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, सीसीआई संजय चैबे, सीटीआई संजय सोनकर, उपस्टेशन प्रबंधक राघवेन्द्र, रेलवे कर्मचारी शिवशंकर सोनी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय एवं समस्त वाणिज्यकर एवं परिचालन कर्मी, प्राइम क्लीनिंग सर्विस मैनेजर दीपक सिंह ठाकुर, सुपरवाइजर संतोष सिंह, सफाई मित्र सागर, प्रशान्त, अमन, नेहा, प्रीति, ममता, रानी, अनीता, बच्चू, वन्दना आदि ने प्रतिभाग किया।

बाइक समेत पकड़ा गया युवक

ललितपुर। नेहरू नगर चैकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शातिर बदमाश को एक देशी तमंचा 315 बोर सहित बंदी बनाया है। चैकी इंचार्ज ने बताया कि वह हमराही के साथ गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर ने बताया कि एक बदमाश सिंघई विभाग कालोनी तिराहा पर खड़ा हुआ किसी का इंतजार कर रहा है, उसके पास अवैध हथियार है। सूचना मिलने पर उन्होंने अपने आलाधिकारियों को अवगत कराया और मौके पर पहुंचने से पहले उन्होंने गोविन्द सागर बांध चैकी इंचार्ज उ.नि. अनुराग शर्मा से भी आने को कहा गया। कुछ समय पश्चात वह बांध कालोनी के पास पहुंचे, जहां पहुंचने पर उन्हें एक लड़का बाइक की लाइट बंद किये खड़ा दिखाई पड़ा। पुलिस ने युवक को पकड़कर पूछताछ कर जामातलाशी ली। इस दौरान युवक के पास से एक देशी तमंचा 315 बोर का बरामद किया गया। पूछने पर युवक ने अपना नाम थाना मड़ावरा के ग्राम देवरान निवासी कृष्णप्रताप सिंह पुत्र गजेन्द्र राज उर्फ जयपाल सिंह बताया। कृष्ण प्रताप ने बताया कि वह अपने साथी अनुज का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने बिना नम्बर प्लेट की युवक से बरामद बाइक को ई-चालान ऐप से जानकारी की।

साथी अभियान से मिलेगा बेसहारा बच्चों को नया जीवनः जिला जज

जिला संवाददाता

ललितपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) द्वारा बेसहारा और लावारिस बच्चों के लिए चलाए जा रहे साथी अभियान की पहली बैठक जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला जज ने बताया कि साथी अभियान को गति देने के लिए इस कैंपेन से जुड़े व्यक्तियों को साथ मिलकर काम करना होगा। इसके तहत निराश्रित बच्चों के पहचान कर उनकी आधार मैपिंग कराई जाएगी। इसके बाद उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में साथी टीम के सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें न्यायिक, प्रशासनिक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

• नालसा और डालसा की ऐतिहासिक पहल

बैठक में साथी अभियान की रूपरेखा, कार्यप्रणाली और लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ने बताया कि कई महिलाएं जब कुटुंब न्यायालय में अपने अधिकारों के लिए आती हैं, तो उनके बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं होता, जिससे वे कई योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे मामलों को प्राथमिकता देते हुए साथी अभियान के माध्यम से इन बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल द्वारा साथी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, उन्होंने बताया कि साथी अभियान, साथी यानी आधार और ट्रैकिंग एवं समग्र समावेशन तक पहुंच के लिए सर्वेक्षण- यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य उन लाखों बच्चों की पहचान सुनिश्चित करना है जो सड़कों, झुग्गियों, रेलवे स्टेशनों और अनाथालयों में रहते हैं और जिनके पास कोई कानूनी पहचान नहीं है। यह पहल उन्हें आधार कार्ड उपलब्ध कराकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड ? का कार्य करेगी। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एएसपी कालू सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी नंदलाल सिंह, डीपीओ नीरज कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, तनवीर हसन, मनोज श्रीवास्तव, पीयूष भार्गव, रविंद्र कुमार, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजकुमार जैन, चाइल्ड हेल्पलाइन से शुभम अहिरवार, पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चैहान, निधि सहरिया, शशिकांत लोधी, आकाश झा, पैरा लीगल वॉलेंटियर रीना परमार, मुकेश कुमार, गणेशराम, राजेश कुमार राठौर, डालसा कर्मियों में विवेक यादव, रोहित राठौर, आलोक पुरोहित, विकास कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

मान्यता प्राप्त पत्रकार से परिचालक को किराया वसूलना महंगा पड़ा

बिजनौर। मान्यता प्राप्त पत्रकार शहजाद अंसारी से यात्रा के दौरान अभद्र व्यवहार कर गंडई दिखाते हुए रोडवेज बस परिचालक को अवैध रुप से किराया वसूलना मंहगा पड़ गया। पत्रकार की शिकायत पर एआरएम बिजनौर अशोक कुमार ने परिचालक तेजपाल सिंह से माफी मगवाने के बाद परिचालक के वेतन से कटौती की कार्यवाही करते हुए फिर से शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाही करने की चेतावनी दी है जानकारी के अनुसार नगीना निवासी पत्रकार शहजाद अंसारी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बिजनौर जनपद में मान्यता प्राप्त पत्रकार है। 27 अप्रैल 2025 की शाम पत्रकार शहजाद अंसारी बिजनौर से रोडवेज बस संख्या यूपी 78 जेटी 5396 से नगीना अपने घर नगीना आ रहे थे। बस परिचालक ने रास्ते में पत्रकार शहजाद अंसारी से किराया मांगा तो उन्होंने सूचना एंव जनसम्पर्क विभाग लखनऊ द्वारा जारी अपना मान्यता प्राप्त पत्रकार का परिचय पत्र दिखाया। परिचय पत्र देखते ही परिचालक आग बबूला हो गया । पत्रकार शहजाद अंसारी ने परिचालक को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन परिचालक नही माना। शहजाद अंसारी ने जब परिचालक से कहा कि में तुम्हारी अधिकारियों से शिकायत करुंगा तो परिचालक ने अपना नाम तेजपाल सिंह बताते हुए कहा कि में किसी से नही डरता चाहे मेरी शिकायत किसी भी अधिकारी से कर देना। पत्रकार शहजाद अंसारी ने 28 अप्रैल 2025 को परिचाल तेजपाल सिंह की शिकायत एआरएम बिजनौर व दिनांक 15 मई को जिलाधिकारी बिजनौर से की। एआरएम बिजनौर अशोक कुमार ने परिचालक तेजपाल सिंह के वेतन से कटौती की कार्रवाही एंव फिर से शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाही करने की चेतावनी दी है। गुंडई दिखाने वाले परिचालक तेजपाल सिंह को मान्यता प्राप्त पत्रकार शहजाद अंसारी से माफी भी मंगनी पडी। एआरएम बिजनौर ने 22 मई 2025 गुरुवार को मान्यता प्राप्त पत्रकार शहजाद अंसारी को पत्र भेजकर कार्रवाही से अवगत भी कराया है।

रोजगार मेले का हुआ आयोजन

ललितपुर। आईटीआई परिसर में रोजगार मेला, प्लेसमेन्ट-डे का आयोजन किया गया। जिसमें मात्र 11 प्रशिक्षार्थी शामिल हुये। कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा नियोजक के रूप में प्रशिक्षार्थियों का सेवायोजन हेतु साक्षात्कार लेकर कुल सात प्रशिक्षार्थियों का चयन किया।

महिलाओं को मातृत्व, पारिश्रमिक अधिनियम की दी जानकारी

बांदा। जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के निर्देश पर गुरूवार को ह्यमहिलाओं की सुरक्षा, मातृत्व लाभ अधिनियम-1961, समान पारिश्रमिक अधिनियम-1978ह्न के बारे में शिविर का आयोजन हुआ। बड़ोखर खुर्द गांव के प्राथमिक चिकित्सालय में श्रीपाल सिंह अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने महिलाओं को प्राप्त मुफ्त कानूनी सहायता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव, देश की प्रत्येक महिला को सुरक्षा की भावना प्रदान करना, पुरुषों के समान पारिश्रमिक का लाभ के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, पीछा करना, यौन शोषण, लिंग के आधार पर परेशान करना, यौन उत्पीड़न और इनमें सबसे भयावह अपराध बलात्कार जैसे अत्याचारों का शिकार होना पड़ता है। ऐसे उत्पीड़न का शिकार असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाएं, घरेलू काम करने वाली महिलाएं, निजी या सरकारी संगठनों में कार्य करने वाली महिलाएं होती हैं। उन्होने बताया कि महिलाओं को ऐसी किसी तरह की समस्या होने पर वह अपना प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्वयं अथवा डाक से भी दे सकती हैं। उन्हे मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जायेगी। डा० दीपक यादव ने महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार की चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होने बैंक सखी, उज्जवला योजना, मातृत्व एवं शिशु हित लाभ, शादी अनुदान योजनाओं की भी जानकारी दी। सुमन शुक्ला, पराविधिक स्वयं सेवक ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आत्मचिंतन एवं स्व निर्णय की शक्ति होना अत्यन्त आवश्यक है। रमा साहू, प्रबन्धक वन स्टॉप सेण्टर ने बताया कि यदि किसी महिला के साथ कोई व्यभिचार, अश्लील ढगं से उनके कार्यस्थल अथवा घर पर किसी बाहरी अथवा घर के सदस्य द्वारा ऐसा व्यवहार किया जाता है तो उसे तुरन्त संज्ञान में लेकर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। शिविर में आलोक तिवारी के अलावा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजू रहीं।

किसान फसलों के अवशेष जलायें नहीं, खेत में सड़ाकर उपजाऊ बनायें

बांदा। कृषि विभाग ने किसानों से कहा है कि वह फसलों के अवशेष जलाये नहीं, खेत में सड़ाकर भूमि को उपजाऊ बनाएं। फसलों की कटाई के उपरान्त पर्याप्त मात्रा में पुआल, भूसा एव गन्ने की पत्तियों के अवशेष बचते हैं। इनमें गेहूँ, जौ फसल अवशेषों का भूसा पशुओं के चारे के रूप में प्रयोग किया जाता है, जब कि चारे का पुआल एवं गन्ने की सूखी पत्तियां पशुओं के चारे के साथ-साथ बिछावने के रूप में प्रयोग किया जाता है। विगत कुछ वर्षों से मजदूरों की समस्यायें एवं आधुनिक कृषि यंत्रों यथा कम्बाइन हार्वेस्टर के प्रयोग से कटाई करने पर लगभग 1 से 1.5 फिट की ऊँचाई के फसल अवशेष अथवा सूखी पत्तियां खेत में रह जाती हैं जिन्हें जलाने की प्रवृत्ति प्रदेश के कई जनपदों में होती है। इन फसल अवशेषों के जलाये जाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि खेतों में मित्र कीटो, मित्र जीवों के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य/उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव भी देखे जा रहे हैं। जलाने की बजाय फसल अवशेष को खेत में सड़ाने से फसल उत्पादन में कई लाभ होते हैं। वातावरण को विपरीत परिस्थितियों से बचाने में सहायक दलहनी फसलों के फसल अवशेष भूमि में नत्रजन एवं अन्य पोषण तत्वों की मात्रा बढ़ाने में सहायक होते हैं। प्रदेश सरकार ने फसलों के अवशेष जलाने पर प्रतिबन्ध लगाया है। फसलो की जड़ से कटाई के लिए हार्वेस्टिंग मशीन के साथ स्ट्रारीपर विद बाइण्डर के प्रयोग करने पर बल दिया गया है। प्रदेश सरकार इसके लिए विभिन्न कृषि यन्त्रों में किसानों को छूट भी दे रही है। रबी फसलों के भूसे को बेचकर किसान आय अर्जित कर सकते हैं। किसानों की पराली संग्रह कर गौशालाओं में रखने के लिए सरकार ने मनरेगा अथवा वित्त आयोग से धनराशि की व्यवस्था की है। यह गौशालाओं में चारे व बिछावन के उपयोग में लाई जायेगी, जिससे खाद भी बनेगी। प्रदेश में स्थापित सीबीजी प्लान्ट एवं अन्य फसल अवशेष आधारित जैव ऊर्जा इकाइयों द्वारा धान की पराली क्रय की जाती है। किसान इन्हें पराली देकर पर्यावरण, मृदा उर्वरक एवं सूक्ष्म जीव बचाव के साथ अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर सकते हैं।

रोडवेज बस अड्डे से चलने वाले अवैध वाहनों को सीज करने की कार्रवाही करें: डीएम

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह सहित लोक निर्माण विभाग, एआरटीओ, ट्रैफिक पुलिस, रोडवेज सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी हुई है, जिसके पेशेनजर आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा को पूर्ण मानकों के अनुसार सुरक्षित बनाया जाए।

उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों द्वारा पूर्व में चिन्हित 27 कट के सापेक्ष केवल 5 कट बंद किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी 15 जून तक चिन्हित किए गए कट्स एवं अन्य कार्यों को शत प्रतिशत रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस एवं संभागीय परिवर्तन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संयुक्त रूप से ई-रिक्शाओं की जांच करें और जो रिक्शा बिना पंजीकरण के संचालित पाई जाए उसे सीज करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ उन्होंने रोडवेज संभागीय परिवहन एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि संयुक्त रूप से टीम गठित कर जिले में स्थापित रोडवेज बस अड्डे से संचालित होने वाले अवैध वाहनों की चेकिंग करें और जो भी वहां बिना परमिट के संचालित पाया जाए उसे भी सीज करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एन एच आई एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए सड़क के दोनों ओर प्राथमिकता पर सुरक्षात्मक चिन्ह एवं रिफिलेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित जगहों पर टेबिल टाप रोड ब्रेकर भी बनवाएं तथा चालकों की सुविधा के लिए उन पर सफेद लाइन भी बनाई जाएं ताकि कम से कम दुर्घटना की सम्भावना रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर दुघर्टनायें हो रही है उन्हें चिन्हित कर उनमें तत्काल सुधार की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी बैठक के एजेंडे में ई-रिक्शा को भी शामिल किया जाए तथा बैठक में जिन बिंदुओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाए उनकी कंप्लायंस भी आगामी बैठक में शामिल करना सुनिश्चित करें।

ग्राम पंचायत अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

ललितपुर। ग्राम पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई ने ग्राम पंचायत अधिकारी को रंगे हाथ 23 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 22 मई 2025 को जनपद ललितपुर के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनारी में की गई। शिकायतकर्ता लोकेन्द्र सिंह ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन को दी गई शिकायत में बताया कि उनके पिता बलवन्त सिंह ग्राम पनारी के वर्तमान ग्राम प्रधान हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (शुगर) के चलते ग्राम प्रधान के कार्यों का निर्वहन शिकायतकर्ता द्वारा किया जा रहा है। ग्राम में अम्बेड़कर पार्क के निर्माण हेतु ग्राम विकास निधि से लगभग 8.54 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी, जो ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी (सेकेट्री) के संयुक्त खाते में जमा की गई थी। निर्माण कार्य के प्रथम चरण में लगभग 2 लाख रुपये पूर्व में स्थानांतरित किए जा चुके थे। शेष कार्य के लिए धनराशि की आवश्यकता पड ? पर शिकायतकर्ता के पिता ने ग्राम पंचायत अधिकारी उमाशंकर राजपूत से अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने पहले से जारी धनराशि में से 23 हजार रुपये कमीशन (रिश्वत) की मांग की और कहा कि इसके बाद ही अगली किस्त जारी की जाएगी।

• भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी की बड़ी कार्रवाई

शिकायतकर्ता द्वारा रिश्वत देने से इंकार करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई में शिकायत दर्ज कराई गई। संगठन की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए 22 मई 2025 को दोपहर लगभग 12.30 बजे ग्राम पनारी स्थित रामेश्वर तिवारी के मकान (जहां आरोपी किराए पर रह रहा था) में छापा मारकर ग्राम पंचायत अधिकारी उमाशंकर सिंह राजपूत को 23 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में शामिल अधिकारीगण निरीक्षक शादाब खान (नेतृत्व में), चतुर सिंह, ठाकुरदास, मोहम्मद आरिफ, इरशाद खां, राहुल कुशवाहा, ओमकार, जितेन्द्र सिंह, शिवम गुप्ता, शिवम कुमार द्विवेदी आदि शामिल रहे। इस प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में थाना कोतवाली ललितपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया है। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति का प्रमाण है और पंचायत स्तर पर पारदर्शिता की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

टैबलेट प्राप्ति के लिए 26 मई तक करायें आधार वेरिफिकेशन

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय ललितपुर में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना में टैबलेट वितरण हेतु प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने अवगत कराया कि महाविद्यालय में एम.ए. प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का डिजीशक्ति वेबसाइट पर डाटा आनलाइन कर दिया गया है जिसमें अब तक 218 छात्र-छात्राओं द्वारा अपना आधार (ई-वेरिफिकेशन) नहीं कराया गया है, जिससे उनको टैबलेट वितरित नहीं किए जा सके। उन्होंने एम.ए. के सभी विषयों के छात्रध्छात्राओं से अपील की कि वे 26 मई तक डिजीशक्ति वेबसाइट पर आधार (ई-वैरीफिकेशन) करा लें जिससे उन्हें टैबलेट प्रदान किए जा सकें।

उन्होंने एम.ए. के सभी छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया कि जो छात्रध्छात्राएं आधार वेरिफिकेशन पूर्ण कर लें वे दिनाँक 30 मई तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपना टैबलेट प्राप्त कर लें। आधार (ई-वेरिफिकेशन) न कराने पर संबंधित छात्रध्छात्राओं का डाटा वेबसाइट पर हट जायेगा जिससे उन्हें भविष्य में टैबलेट प्राप्त नहीं होगा। इसकी समस्त जिम्मेवारी संबंधित छात्र-छात्रा की होगी। उन्होंने एम.ए. सभी विषयों में अध्ययन कर रहे प्राध्यापकों को निर्देशित किया कि छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर आधार वेरिफिकेशन कराने में सहयोग प्रदान करें जिससे उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना का छात्र-छात्राओं को लाभ प्राप्त हो सके। जिनको पूर्व में किसी भी योजना में स्मार्ट फोनध्मोबाइल प्राप्त हो चुका है, उन्हें आधार वेरीफिकेशन कराने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में सहायक नोडल अधिकारी डॉ. रौशन कुमार सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. सुधाकर, डॉ. सूबेदार यादव, डॉ. शैलेन्द्र सिंह चैहान, डॉ. रामकुमार रिछारिया, डॉ. जितेन्द्र राजपूत, डा. रिचाराज सक्सेना, श्रीमती कविता पैजवार, डॉ. सुभाष जैन, सुश्री श्वेता आनन्द, डॉ. रेनू चंदेल, डॉ. रजनी उपाध्याय, ध्रुव किलेदार, फहीम बख्श, अंकित चैबे आदि उपस्थित रहे।

आंधी के कारण सड़क पर गिरे पेड से टकराकर हेड कांस्टेबल की मौके पर मौत

बजनौर। बुधवार की रात्रि तेज आंधी तूफान एंव बारिश के कारण सड़क पर गिरे पेड से टकराकर थाने में तैनात हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार थाना अफजलगढ क्षेत्र के शेरगढ़ जटपुरा बैरियर से बुधवार की देर रात हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार ड्यूटी कर वापस थाना अफजलगढ़ आ रहा था जैसे ही बाइक जटपुरा शेरगढ़ मार्ग पर पहुंची तो पहले से ही तेज आंधी तूफान बारिश के कारण सड़क पर गिरे पेड़ से बाइक टकराने से हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार सडक पर गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी, एसआई मनोज कुमार, अफजलगढ़ कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, एसआई राजीव कुमार मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने घटना की जानकारी ली। सड़क दुघर्टना में हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार की मौत से पुलिस विभाग में शोक छा गया। मृतक हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार का व्यवहार खुशमिजाज था वह जनता के बीच अपने परिवार की तरह रहते थे। मृतक हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार (35 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय जयभगवान जनपद बागपत थाना बडौत के गांव लुहारी पट्टी निवासी थे तथा उनकी भर्ती यूपी पुलिस में 2011 बैंच में हुई थी।

ई-गवर्नेंस अवार्ड 2024-25 में स्वच्छ भविष्य परियोजना के लिए डीएम को मिलेगा पीएम उत्कृष्टता अवार्ड

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिले को भारत सरकार द्वारा एक और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, यह प्रतिष्ठित पुरस्कार केवल जिले की उपलब्धी नहीं है बल्कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की लगन एवं दूरशिता के कारण संभव हुआ। उनके प्रयासों न केवल जिले को एक नई पहचान दिलायी है, बल्कि शासन-प्रशासन में आमजन की भागीदारी और विश्वास को भी नई ऊंचाईयों पर पहुचाया है। जिलाधिकारी ने अपने कार्यकाल में विकास को केवल एक आंकड़ा भर नहीं समझा बल्कि हर योजना और कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया। उन्होंने सभी विभागों के समन्वय से यह सुनिश्चित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ अन्तिम व्यक्ति तह पहुंचे। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण, खेल, पेयजल, डिजिटल सेवाएं और स्वच्छता क्षेत्र में किये गए नवाचार और सुधार कार्यों ने जिले को राष्ट्रीय पटल पर एक आदर्श के रुप में प्रस्तुत किया है। स्वच्छ भविष्य, परियोजना के क्रियान्वयन में जिलाधिकारी की भूमिका सराहनीय रही है, उन्होंने स्वयं निगरानी रखकर अधिकारियों और नगर पालिका के कर्मचारियों को प्रेरित किया, नियमित समीक्षा बैठकें कीं और स्वयं नगर क्षेत्र में जाकर निरीक्षण किया, उनकी जनसरोकार के प्रति संवेदनशीलता और सक्रिय भागीदारी ने स्वच्छता के कार्यों को गति और गुणवत्ता प्रदान की।

• नेशनल अवार्ड फॉर ई-गवर्नेंस 2024-25 के तहत ज्यूरी अवार्ड हेतु नगर पालिका परिषद हुई चयनित

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को ई-गवर्नेंस अवार्ड 2024-25 में परियोजना स्वच्छ भविष्य, के लिए पीएम उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अधीन प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा ललितपुर नगर पालिका परिषद को क्लीन फ्यूचर स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट फॉर सब्सटेनेबल ग्रोथ परियोजना के लिए नेशनल अवार्ड फॉर ई-गवर्नेंस 2024-25 के तहत ज्यूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ललितपुर को रिपलीकेशन एण्ड स्केलिंग अप ऑफ नेशनल अवार्डेड प्रोजेक्ट श्रेणी में दिया गया है। जनपद की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को मान्यता देते हुए भारत सरकार द्वारा जिलाधिकारी व नगर पालिका परिषद को आगामी 9-10 जून 2025 को विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित 28वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में ज्यूरी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा, यह ललितपुर के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि को हासिल करने में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अंकुर श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा एवं उनकी टीम की अहम भूमिका रही।

भाकियू ने विभिन्न मांगों को लेकर डीएफओ कार्यालय की तालाबंदी कर की पंचायत

बिजनौर। भारतीय किसान यूनियन की जिला स्तरीय मासिक पंचायत डीएफओ कार्यालय बिजनौर पर हुई, जिसमे जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओ के साथ ही गुलदार के मुद्दे को उठाया। ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल के गाँव ईनामपुरा मे बीते दिन किसान इकबाल के घर में एक गुलदार घुस आया था, जिसने उसके कुत्तों पर हमला किया था। किसानों ने रस्सी का फंदा डालकर गुलदार को पकड़ा और रेंजर बिजनौर का अवगत कराया। वन विभाग की टीम आई और उस गुलदार को अपने साथ ले गए। वन विभाग की टीम की देखरेख में 3 दिन बाद गुलदार मर गया। विभाग ने अपनी जान बचाने के लिए किसानों पर मुकदमा दर्ज करा दिया। भारतीय किसान यूनियन मांग करती है कि सभी निर्दोष किसानों पर मुकदमे वापस किए जाए। जब तक मुकदमे वापस नहीं होते भारतीय किसान यूनियन का धरना डीएफओ कार्यालय पर अनिश्चितकालीन चलता रहेगा। इस बीच अगर जिले में किसी भी गुलदार ने कोई अप्रिय घटना की तो भारतीय किसान यूनियन वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा लिखवाने का काम करेगी। सभी कर्मचारियों को बाहर निकाल कर 3 घंटे का डीएफओ ऑफिस का ताला बंद रखा गया। बाद में किसानों के बीच पहुंचे एसडीएम सदर में भाकियू नेताओं से वार्ता की और किसानों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन देकर डीएफओ ऑफिस का ताला खुलवाया। पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चैधरी सत्यवीर सिंह और संचालन जिला मुख्य महासचिव विजय पहलवान ने किया।

क्रॉम्प्टन, ऊषा व प्रेस्टीज कम्पनी का नकली सामान बेच रहा दुकानदार दबोचा

ललितपुर। ब्राण्डेड कम्पनियों के स्टीकर लगाकर नकली सामान बेच रहे इलैक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर सिक्योरिटी कम्पनी ने पुलिस की मदद से छापेमार कार्यवाही की। इस कार्यवाही के दौरान भारी मात्रा में ऐसा सामान मिला जो लोगों को नामचीन कम्पनियों के स्टीकर लगाकर नकली सामान ऊंचे दामों पर बेच रहे थे। प्रकरण को लेकर कोतवाली पुलिस के जरिए थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है। चण्डीगढ़ के 130/131 सेक्टर-34 स्थित स्पीड सर्च एण्ड सिक्योरिटी नेटवर्क प्रा.लि. में फील्ड ऑफीसर पद पर तैनात दीप सिंह पुत्र करन सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है। बताया कि उनकी कम्पनी आईएफएमए से लिखित रूप से अधिकार देती है कि यदि कोई उनकी अधिकृत कम्पनी का नकली माल बनाता व बेचता पाया जाये तो उसके खिलाफ पुलिस प्रशासन के साथ कार्यवाही करा सकते हैं। फील्ड ऑफीसर ने बताया कि वह 21 मई को कोतवाली क्षेत्रांतर्गत बाजार में सर्वे करने पहुंचे, तो पता चला कि एक दुकानदार उनकी कम्पनी क्रॉम्टन, ऊषा, प्रेस्टीज का नकली सामान बेचने का कार्य करता है। सूचना मिलने पर उन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचित किया और शाम करीब 6.20 बजे पुलिस टीम के साथ रवाना हुये।

सूचना के आधार पर वह रेलवे स्टेशन रोड स्थित न्यू सनराज इलैक्ट्रॉनिक पर पहुंचे। यहां पुलिस टीम की मौजूदगी में जांच की गयी, तो दुकान में क्रॉम्टन कम्पनी के स्टीकर लगे हुये 34 नकली पंखे व ऊषा कम्पनी के 30 नकली जूस मशीन, प्रेस्टीज कम्पनी के 25 नकली जूस मशीन मौके से बरामद की गयी। जांच करने पर उन्होंने पाया कि उक्त उत्पाद अधिकृत कम्पनी का न होकर नकली है।

दुकान पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम संजीव कुमार बताया। दुकानदार की मौजूदगी में माल बरामद कर फर्द बनवायी गयी और बरामद माल को थाने लाकर सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली पुलिस ने नामचीन कम्पनियों के स्टीकर लगाकर नकली माल बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) व कोपीराइट एक्ट की धारा 63/65 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पीओके को वापस लेने का यह सही वक्त

पाकिस्तानी कब्जे वाले अपने कश्मीर की वापसी का दावा हम बरसों से सियासी भाषणों में करते रहे हैं। आज अचानक ऑपरेशन सिंदूर, नेताओं के बयानों, मीडियाई ललकार के बाद फिर चहुंओर चर्चा का सबब है। सरकार इसके लिए उद्धत है और वह लगे हाथ यह काम निबटा सकती है। दरअसल ऐसे प्रचारों ने जनांक्षाओं को जगा दिया है। एक प्रमुख विपक्षी दल के नेता ने यह कहकर सरकार की आलोचना की कि यदि उसने सीजफायर स्वीकार न किया होता, तो आज पीओके हमारा होता। सारी कश्मीर समस्या एक झटके में निबट गई होती। इन सबसे ऐसी जनभावना जगी है कि तमाम क्षेत्रों से आवाज उठने लगी हैं, 'पाक अधिकृत कश्मीर को अपने साथ मिलाने का यही सही वक्त है।' देश में राष्ट्रवाद उफान पर है, इस गर्म माहौल का लाभ ले जनेच्छा को पूर्ण करना ही चाहिये। सेना जोश में है, पाकिस्तान आर्थिक तौरपर पस्त है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दुनिया का नैतिक समर्थन हमारे साथ है। पाकिस्तान का शिमला समझौता तोड़ना मतलब एलओसी की मान्यता ही खत्म होना सो सेना गुलाम कश्मीर में बिना किसी कायदे कानून की चिंता के दाखिल कर सकती है। फिर हमारे पास वहां के आतंकी शिविरों को नष्ट करने की बड़ी सैन्य कार्रवाई का सकारात्मक उद्देश्य भी है।

संजय श्रीवास्तव

> पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने का क्या यह सही वक्त है? आखिर भारत उसे कैसे हासिल कर सकता है? देश को इसकी शुरुआत कैसे करनी चाहिए? इसका रोडमैप क्या हो? क्या सरकार और सेना इसके लिए वाकई तैयार हैं? बेशक हमारे लिये यह बहुत बेहतर समय है, लेकिन महज जोशीले बयानों से यह नहीं होगा।

पीओके में पाकिस्तान के अत्याचारों के खिलाफ हिंसक असंतोष है, वहां के लोग स्वाभाविक तौर पर हिंदुस्तान के समर्थन में हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद और उससे पहले भी प्रधानमंत्री हों या रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री या फिर गृह मंत्री सभी इस बावत बयान दे चुके हैं कि वे सब अब गुलाम कश्मीर को अपने में मिलाने को कृत संकल्प हैं। सरकार के कई जिम्मेदार मंत्री, वरिष्ठ नेता इस बात को दोहरा रहे हैं कि मौजूदा सरकार अपनी कोशिशों से बहुत जल्द गुलाम कश्मीर को भारत में मिला लेगी, प्रधानमंत्री मोदी ने इसीलिए यह इशारा दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। अभी यह अपने अंजाम तक तब पहुंचेगा जब पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर के भीतर के तकरीबन सभी आतंक के अड्डे नष्ट कर दिये जाएंगे और गुलाम कश्मीर को आजाद कर लिया जाएगा। पाकिस्तान के कुछ और टुकड़ों में बांट दिया जाएगा। भले इस समवेत स्वर में सेना के



हालिया शौर्य, सरकार की साहसी पहल से प्रभावित सामान्य जन, अतिउत्साही राष्ट्रवादियों की संख्या अधिक, कूटनीति, रक्षा, सुरक्षा और सैन्य रणनीति एवं वैदेशिक मामलों के जानकारों की शिरकत अपेक्षाकृत कम हो पर अनुपस्थिति तो बिल्कुल नहीं। तो क्या मान लिया जाए कि स्थगित ऑपरेशन सिंदूर भविष्य में विस्तारित होकर गुलाम कश्मीर को आजाद कराने वाला अभियान बनेगा और विश्वास किया जाए कि इससे यह उम्मीद व्यवहारिक और तर्कपूर्ण है? क्या वाकई सरकार की मंशा इस अभियान से पहलगाम की आतंकी दुस्साहस का बदला लेना, आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के अलावा इसी बहाने पीओके को वापस लेने की कारगुजारी शुरू करने का भी था या इस लक्ष्य को बाद में शामिल किया गया। यदि यह लक्ष्य भी समाहित था तो उस लक्ष्य की ओर बढ़ने से पहले इसे स्थगित क्यों किया गया या फिर इस लक्ष्य को दूसरे चरण के खातिर जमा रखा गया है?

सामयिक

क्या बयानों के अलावा भी सरकार की किसी ऐसी चाहत का संकेत उसके किसी मूव से मिला है? क्या अपने भाषणों से इतर भी इस बात के कोई संकेत प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री अथवा विदेश मंत्री ने दिये हैं? चीन और पाकिस्तान के भरोसेमंद संचार सूत्रों से इस बावत कोई ठोस सूचना मिली है? संभवतः नहीं। निस्संदेह सरकार इस टॉप सीक्रेट रणनीति को सार्वजनिक तौर पर उजागर नहीं करेगी, न करना चाहिये। यह न तो कूटनीतिक, राजनीतिक और सामरिक, रणनीतिक तौरपर उचित है, न सियासी या व्यवहारिक स्तर पर। बेशक आर्टिकल 370 को हटवाने वाली यह सरकार विगत सरकारों के मुकाबले इस मामले में अधिक सचेत और अपने एजेंडे के प्रति प्रतिबद्ध दिखती है कि गुलाम कश्मीर को आजाद कराना ही है। इसलिये जब वह दावा करते हैं तो यकीन करना होता है। ठीक है यह जटिल काम इतनी जल्दी का तो नहीं ही है, फिर भी बयानों से इतर वह इस उद्देश्य की तरफ बढ़ती तो दिखे, इसके लिये उसकी संभावित रणनीति का अंदाजा इसी से लग जाएगा, उसकी सफलता और लगने वाला अनुमानित समय को भी कूता जा सकेगा। फिलवक्त सरकार ने अभी ऐसे कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिये हैं कि उसने गुलाम कश्मीर के लिये किसी तरह की कूटनीतिक, रणनीतिक कवायदें शुरू की हैं। संभवतः इसीलिए ऑपरेशन सिंदूर के सफल आरंभ के बाद और उसके आकस्मिक तौर पर स्थगित होने के बावजूद यह कहा जा रहा है कि इस कार्यसिद्धि का सबसे बेहतर मौका यही है। सवाल यह है कि क्या वास्तव में इसका कोई ऐसा रोड मैप सरकार के पास है, जो पाकिस्तान के अलावा अपने सीपीईसी प्रोजेक्ट, व्यापारिक मार्ग में अपने भारी निवेश, 42,735 वर्ग किलोमीटर के अपने नियंत्रण वाले इलाके को हाथ से निकलते देख चीन इसे 'स्ट्रैटेजिक खतरा' मान पाकिस्तान का समर्थन देते हुए उत्तर पूर्व में एक अलग मोर्चा खोल दे, इस परिस्थिति में इस चीनी बाधा को शामिल कर बनाया गया हो।

भारत इस उद्देश्य से खुला और पहले हमला करता है, तो विश्व जनमत का उसके विरुद्ध जाने के संशय के अलावा पाक के नाभिकीय विकल्प तक पहुंचने तथा इस्लामी देशों के समर्थन के खतरे को उसमें समाहित किया गया हो। अगर सेना 'सलामी स्लाइसिंग' स्ट्रैटजी अपनाए, जिसके तहत हवाई हमलों के साथ जमीनी आक्रमण कर थोड़े-थोड़े क्षेत्र पर कब्जा करते हुए आगे बढे, तो उसके लिए उस दुर्गम तथा अपरिचित, नितांत नये पहाड़ी क्षेत्र में एक्शन की, इस रणनीति के दुष्प्रभावों को न्यूट्रल करने की क्या योजना है? पाकिस्तान ने पूर्वशंका के तहत कई मोर्चे पर अपनी हथियारबंद घेराबंदी कर रखी है, चीन ने बंकर बना रखे हैं, उसकी क्या तोड़ है? संघर्ष में पाकिस्तान को हथियारों के अलावा जो उपग्रहीय डेटा, खुफिया जानकारी तथा तकनीक सुविधा पहुंचाएगा, उस पर रोक कैसे लगेगी, अभियान पूर्व इन पर भी विचारना होगा। पीओके को वापस लाने का सबसे तेज तरीका है सीधा युद्ध, यह बहुत खतरनाक और काफी हद तक अव्यवहारिक होने के साथ भीषण आर्थिक तथा जनहानि वाला कदम होगा। देश मजबूत है हमारी सेना भी सक्षम लेकिन इसके बावजूद यह एक कठिन विकल्प है। पाकिस्तान का संविधान पीओके को विदेशी जमीन कहता है और यह बात सरकार अदालत में स्वीकार चुकी है। वह पाकिस्तान का हिस्सा तभी होगा, जब लोग उससे जुड़ना स्वीकारेंगे।

गुलाम कश्मीर पर हमारा दावा सही है, इसलिये हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक जंग जीतने की ओर बढ़ सकते हैं। भारत इस मामले मजबूत तो है पर यह एक लंबी और अनिश्चित प्रक्रिया है। उचित यह है कि भारत मानवता के नाम पर गुलाम कश्मीर में होने वाले अत्याचारों के खिलाफ स्थानीय आंदोलनों का समर्थन कर, उदारता और आजाद कश्मीर के विकास दर्शाकर वहां के लोगों में अपनी राजनीतिक और सैन्य समर्थन बढ़ाए, आतंकी ठिकानों, संगठनों को नष्ट करे, सलामी स्लाइसिंग गतिविधि से महत्वपूर्ण इलाकों पर कब्जा करे और पाकिस्तान की सैन्य स्थिति को कमजोर। भारत संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक शक्तियों को अपने पक्ष में लाते हुए कूटनीतिक स्तर पर पाकिस्तान को अलग-थलग कर सकता है। बेशक जल्द ही पीओके के लोग दिल से भारत के साथ होंगे, पीओके भारत का होगा। पाकिस्तान में चल रहे आर्थिक और राजनीतिक संकट को ध्यान में रखते हुए बेशक हमारे लिये यह बहुत बेहतर समय है, लेकिन महज जोशीले बयानों के लिये नहीं बल्कि सुविचारित और प्रतिबद्ध जमीनी कारगुजारी के लिये।

चुनौती बन रहा बांग्लादेश

कभी पूर्वोत्तर के सेवन-सिस्टर को लैंडलॉक बताकर, कभी चिकेन नेक के पास चीन को आमंत्रित कर, बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ होने वाली हिंसा पर आंख मूंदकर, कभी अपने जिहादी साथियों के द्वारा भारत को गीदड़भभकी दिलाकर और कभी व्यापारिक समझौतों को रद कर, बांग्लादेश धीरे-धीरे भारत विरोध और भारत के समक्ष चुनौती खड़ा करने की अति कर रहा है। बांग्लादेश की वर्तमान सरकार जिसे छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ करके स्थापित किया गया था, वह अपने ही आदर्शों पर खरी उतरने में नाकाम रही है। मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के अधीन काम कर रही इस सरकार से अपेक्षा थी कि वह साफ-सुथरा और निष्पक्ष चुनाव कराने का माहौल तैयार करेगी। परंतु उसने इस दिशा में कोई काम नहीं किया। कई अवसरों पर तो उसने विरोध प्रदर्शन के दौरान और उसके बाद समाज में उभरे विभाजन को ही बढ़ावा दिया है। कुछ सप्ताह पहले अंतरिम सरकार के प्रभावी सदस्यों ने अलग होकर एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का निर्णय लिया और गत सप्ताह सरकार ने हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोकने का निर्णय लिया। कोई भी निष्पक्ष पर्यवेक्षक इसे इस रूप में देखेगा कि नया प्रतिष्ठान चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। चूंकि हसीना की प्रमुख आलोचना यही है कि उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए लोकतांत्रिक संस्थानों को प्रभावित किया इसलिए यह समझना मुश्किल है कि नया सत्ता प्रतिष्ठान वही काम करने के बाद नैतिक रूप से ऊंचे स्तर पर रहने का दावा कैसे कर सकता है? वे खुद ही चुने हुए नहीं हैं। दरअसल युनूस बांग्लादेश में चुनाव कराने के बजाय अपनी जैसे-तैसे अपनी सत्ता को चलाते रहने और अगर चुनाव कराना भी पड़ जाये तो विपक्षी आवामी लीग को चुनाव परिदृश्य से हटाकर जैसे-तैसे खुद चुनवा लिया जाये और इस तरह अवैध सरकार पर जनादेश की मुहर लग जाये। युनूस के ऐसे हथकंडों से दुनिया पहले ही परिचित है। लोकतंत्र और लोकतांत्रिक भावना के साथ हुआ चुनाव ही जनादेश माना जा सकता है। अन्यथा तो पाकिस्तान में भी चुनाव होता है। पाकिस्तान में चुनाव जीतने वाला जेल जाता है हारने वाला प्रधानमंत्री बन जाता है और सेना के इशारे पर या कहें सेना के पीआरओ की तरह काम करता है। इसी तरह का लोकतंत्र रूस, तुर्किए और कुछ अफ्रीकी देशों में भी है। दरअसल यूनुस की पहली प्राथमिकता यह होनी चाहिए थी कि देश में आर्थिक स्थिरता बहाल हो और राजनीतिक शांति का माहौल बने। बहरहाल, ऐसा नहीं हुआ। आर्थिक स्थिरता इस बात पर निर्भर करती है कि बड़े कारोबारी साझेदारों के साथ रिश्ते किस तरह सुधारे जा सकते हैं और निवेशक समुदाय को बांग्लादेश के भविष्य के बारे में सुरक्षित कैसे महसूस कराया जा सकता है। भारत के साथ बढ़ते तनाव और देश में कानून-व्यवस्था की कमजोर हालत को देखते हुए (अवामी लीग के विरुद्ध कदम उठाने के लिए न्यायिक प्रक्रिया को खुलकर धता बताया गया) यह समझ पाना मुश्किल है कि निवेशक देश की संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था को उदारता से कैसे देखेंगे। बांग्लादेश रेडीमेड कपड़ों के निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर है। ऐसे में अगले वर्ष कम विकसित अवस्था से बाहर निकलने और यूरोपीय संघ जैसे कुछ बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंच खोने पर उसे कठिन ढांचागत सुधारों से गुजरना होगा। ऐसे में उसकी प्राथमिकता अन्य साझेदारियों को बढ़ावा देना होना चाहिए न कि उन्हें खत्म होने देना चाहिए। भारत ने अब बांग्लादेश के निर्यात पर कुछ कारोबारी प्रतिबंध लागू किए हैं। ऐसा तब किया गया जब यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर इलाके को लेकर कुछ गलत टिप्पणियां कीं। भारत ने शायद पिछले कुछ सालों के अनुभव से सबक नहीं लिया। पहले उसने हसीना को खुलकर समर्थन दिया और इसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश के नागरिकों के बीच हसीना की अलोकप्रियता ने भारत के साथ उसके द्विपक्षीय रिश्तों में नकारात्मकता पैदा की। भारत समय रहते हसीना के विरोधियों के साथ पिछले रास्ते की कूटनीतिक राह निकालने में नाकाम रहा और हसीना-विरोधी आंदोलन की कामयाबी ने अजीब स्थिति में डाल दिया। बांग्लादेश भारत के लिए चुनौती खड़ी कर रहा है। इसलिए हमे बांग्लादेश के वर्तमान सच को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए।

> बांग्लादेश के वर्तमान सच को स्वीकार कर भारत को संवाद कायम करने के साथ कूटनीतिक प्रयासों से रिश्ते बहाल पुनः करना चाहिए।

विचार

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

–योगवशिष्ठ.

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

–श्रीराम शर्मा आचार्य.

सोशल मीडिया

'लोकमाता' पूज्य देवी अहिल्या बाई होल्कर जन्म त्रि-शताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अन्तर्गत लखनऊ में आज आयोजित एक संगोष्ठी में सम्मिलित हुआ। सीएम योगी.

बनारस का हॉफ एनकाउंटर देख कर जनता पूछ रही है कि फिल्म सिटी तो नोएडा में बन रही थी, और शूटिंग काशी में हो रही है! आखिर ये मामला क्या है? अखिलेश यादव.

कथित धर्मनिरपेक्षता, भाईचारा और गंगा-जमुनी तहजीब की खोखली नींव पर खड़ी कांग्रेस पार्टी के शब्द कोष में राष्ट्रवाद और राष्ट्र प्रेम का कोई स्थान नहीं है केशव प्रसाद मौर्य.

अनुभूति को स्वीकारें

अंतर्दृष्टि

अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करनाः नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्रोतों से भी प्रेरणा लें। खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है।

आइये मोटा माल बनाइये!

व्यंग्यलोक

सेठ जी की इंटरनेशनल ह्यूमन रिसोर्स कंपनी ग्रुप को कई तरह की ह्यूमन चीजें चाहिए। जल्दी आइए और इनसे करोड़ों कमाइए। 1.मॉडल ब्रांड एंकरी- हमारे टीवी न्यूज चैनल 'कल सबको खा जाऊं' (केएसकेजे) को तुरंत एंकरनियों की सख्त आवश्यकता है। जो समाचार पढ़ने का नाटक करते समय मॉडलिंग का कार्य कर सके। जो सनसनी क्वीन के रूप में प्रसिद्ध हो। जो तेज आवाज में चीख-चीख कर ड्रामा कर सके। जो रोज नए-नए ढंग के फैशनेबल व कम कपड़े पहन सके। सिर्फ वही आवेदन करें जो उपरोक्त योग्यता रखती हों। डिग्री, मीडिया आदि में काम करने का अनुभव व समाचारों में गहरी समझ जैसे दुर्गुण हमारे चैनल के सेठजी को बिल्कुल पसंद नहीं है। ऐसी एंकरी हरगिज आवेदन न करें। न्यूज चैनल द्वारा उसे लाने, ले जाने की व्यवस्था होगी। उसके क्रीम, पाउडर, उबटन आदि का व्यय चैनल के सेठजी की कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। उपरोक्त गुणों वाली, किसी भी पार्टी के नेता को वशीभूत कर हैंड-बैग में धरने वाली कन्या अभी आएं, अभी चैनल हेड बन जाएं। नोट- मेल एंकर आवेदन पत्र के हाथ भी नहीं लगाएं।

रामविलास जॉंगिड़

2.तोता छाप प्रवक्ता- हमारे राष्ट्रीय दल-दल पार्टी (आरडीडीपी) को तोता छाप प्रवक्ता-बकता की सख्त आवश्यकता है। ऐसा जानवर जो कुतर्क करने में माहिर हो। जो आलाकमान के द्वारा उछाले गए शब्दों को कंठ में धारण कर तोते जैसा व्यवहार करने में पारंगत हो। जो विपक्षी नेता व विपक्षी पार्टी की हर बात का विरोध करता हो। जो नए रंग-ढंग की गालियां देने में माहिर हो। जो न्यूज चैनलों पर घंटों बैठकर चीखने-चिल्लाने में उस्ताद हो। जो विरोधियों की निंदा व अपनी स्तुति करने में शहंशाह हो। ऐसे जिद्दी तोता-तोती शीघ्र आवेदन करें। ऐसी योग्यता धारी तोतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसी तोतियां पार्टी आलाकमान सेठजी से शीघ्र ही संपर्क कर प्रवक्ता का पद हासिल करें। प्रवक्ता को पार्टी कमीशन, कालाबाजारी, ठेके, रंगदारी, भाई-भतीजावाद, ट्रांसफर, चंदा भक्षण आदि में नियमानुसार लाभांश देने के लिए वचनबद्ध है।

3.बंदर ब्रांड लपके- हमारे अमरचंद सुखीदेवी प्रीतिकुमारी मेमोरियल हॉस्पिटल को लपकों की तुरंत आवश्यकता है। जो विभिन्न दवाइयों की कालाबाजारी करने में माहिर हो। जो नकली दवाइयों के गिरोहों से बेहतरीन संपर्क रखता हो। जो स्वस्थ व्यक्ति को मरीज बनाने में उस्ताद हो।

छोटे-छोटे उपायों से जीवन में मिलती है बड़ी कामयाबी

सेल्प-इम्प्रूमेंट

जिंदगी में कामयाब होने के एक नहीं अनेक रास्ते हैं। लेकिन हर रास्ता, हर किसी को कामयाब बना दे, यह जरूरी नहीं है। लेकिन अपवाद के तौरपर कुछ रास्ते या नियम ऐसे होते हैं, जो कभी फेल नहीं होते बशर्ते उन पर चलने के लिए हम कमर कस लें। इस लेख में हम ऐसे ही पांच सीक्रेट का पदार्फाश करेंगे, जिन पर चलकर दुनिया का कोई भी इंसान कामयाब हो सकता है।

रोज सुबह जल्दी उठना

अगर हम जीवन में 25 साल के पहले ही यह नियम बना लें कि रोज सुबह जल्दी उठेंगे तो हमें कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता। यह कोई अंधविश्वास नहीं है बल्कि इसके पीछे जबरदस्त वैज्ञानिक कारण हैं। जब हम सुबह जल्दी उठते हैं तो हमें दिनभर के अपने अनेक कामों के लिए न केवल पर्याप्त समय मिलता है बल्कि उनके बारे में सोचने, विचारने का भी हमें अच्छे से मौका मिलता है। जिस कारण हम तनाव से दूर रहते हैं। याद रखिए, तनाव का सबसे बड़ा कारण ये होता है कि हमें लगता है कि हम कोई काम कर सकते हैं, लेकिन हमारे पास समय नहीं है। इसलिए सुबह जल्दी उठने से हमें वह जरूरी वक्त मिल जाता है, जो हमारी कामयाबी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसके अलावा जब हम सुबह जल्दी उठते हैं तो हम दिनभर एक पॉजीटिव एनर्जी से भरपूर रहते हैं और ऐसे लोगों के मुकाबले डेढ़ से दोगुना परफॉर्मेंस करते हैं जो सोकर देर से जगते हैं। जब हम सुबह सही समय पर जगते हैं तो हम सुकून से नाश्ता करते हैं और बिना हड़बड़ी में आये अपने दफ्तर पहुंचते हैं। यह रिलैक्स्ड हमें ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर बनाता है।

हर महीने पैसे सेव करना: यूं तो किसी भी उम्र में पैसे सेव करना हमारी कामयाबी में कई तरह से मददगार होता है। लेकिन अगर हमने शुरू से ही नियमित रूप से पैसे बचाना अपनी आदत का हिस्सा बना लिया, तो हम उस उम्र तक आते आते जब कई दूसरे लोग गंभीरता से पैसे कमाने के बारे में सोचते हैं, हम इतने पैसे बचा सकते हैं कि चाहें तो अपना शानदार बिजनेस शुरू कर सकते हैं। फाइनेंस एडवाइजर कहते हैं कि पैसे वाला होने के लिए एक सबसे आसान तरीका यह है कि 25 की उम्र के पहले पैसे बचाना शुरू कर दीजिए और 40 की उम्र आते आते आपके पास बिना किसी तरह का कर्ज लिए या आर्थिक दबाव में आये अपना कारोबार करने के लिए जरूरी पैसें होंगे और यह कारोबार आपको कहीं से कहीं पहुंचा देगा।

कम उम्र में बिजनेस शुरू करना

दुनिया में कोई ऐसा इंसान नहीं है जिसने अपना बिजनेस शुरू करने के बाद पहले कुछ दिनों तक लड़खड़ाया न हो या दूसरे शब्दों में कहें कि उसने असफलता न देखी हो। दरअसल कुछ बातें कभी भी किताबों से नहीं सीखी जा सकती, उनमें से एक कारोबार भी है। कारोबार हमेशा करके ही सीखा जाता है, आप कितना ही उसके बारे में पढ़ लें, लेकिन आपमें वह स्मार्टनेस कभी नहीं आयेगी, जो दूरंदेशी और स्मार्टनेस आपको एक तयशुदा कारोबारी अनुभव के बाद आती है। अगर हम जिंदगी में जल्दी अपना बिजनेस शुरू कर देते हैं, तो हमें कामयाबी भी न सिर्फ जल्दी मिलती है बल्कि सौ फीसदी मिलने की गारंटी भी हो जाती है।

हर दिन अपने लक्ष्य लिखना

कामयाबी का यह सबसे बड़ा सीक्रेट है जिससे जानने या सीखने के लिए आपको एक पैसे भी नहीं खर्च करना। यह सिर्फ एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो हमें पूरी तरह से बदलकर रख देती है। अगर हम हर दिन सुबह उस दिन के अपने टारगेट लिख लें और यह संकल्प ले लें कि आज ये काम हर हाल में करना है, तो शुरू में भले आप हताश हों, लेकिन अगर ईमानदारी से इसकी कोशिश करते रहे तो जल्द ही वह समय आयेगा, जब आप हर दिन उस दिन के लिए लिखे गये लक्ष्य को पूरा करने वालों में शामिल होंगे। जब हम ऐसा करते हैं और हर दिन के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं, तो कहने की जरूरत ही नहीं रह जाती कि हम कामयाब हो गये। दरअसल यह कामयाबी की गारंटी होती है।

रोजाना एक्सरसाइज करना: इसमें कोई बहाना नहीं चलना चाहिए। हर हाल में यह मानकर चलें कि अगर स्वस्थ रहेंगे, तभी सफल होंगे और तभी सफलता के लिए हमें धैर्य होगा और नये नये विचार भी तभी आएंगे। इसलिए जरूरी है कि हर दिन सुबह एक घंटे एक्सरसाइज करना। चाहे व्यस्तता कितनी ही हो, लेकिन एक घंटे की एक्सरसाइज के लिए रास्ता निकाल ही लें, क्योंकि यह आपके जीवन, अस्तित्व और कामयाबी से जुड़ा प्रश्न है। **नरेंद्र कुमार.**

आप की बात

गांव-गरीब तक पहुंचे विकास

केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है और इस अनाज के लिए कार्ड धारकों को प्रति किलो गेहूं दो रुपये और प्रति किलो चावल तीन रुपये का भुगतान करना पड़ता है। 2020 में जब कोरोना आया और सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की जिसमें राशन कार्ड धारकों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले पांच किलो राशन के अतिरिक्त पांच किलो राशन और मुफ्त देने का फैसला किया था। उस समय एक किलो चना या दाल भी योजना के तहत दिया जाता था। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति को जिसके पास राशन कार्ड था, उसे महीने में दस किलो राशन फ्री मिलता रहा और फ्री राशन से कोरोना के दौरान गरीबों का चूल्हा जलता रहा। अगर यह योजना नहीं आयी होती तो संभव था कि कोरोना के दौरान जो आत्महत्या की घटनाओं की लगातार खतरें आ रही थीं, उसकी बाढ़ आ जाती।

प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.

शहरों में अवसरों का सृजन

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। इसलिए नियोजित शहर की बहुत अधिक जरूरत है।

मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

शराब पीने के दौरान विवाद में हुई थी कमल सिंह की हत्या

अयोध्या। थाना क्षेत्र तारून गयासपुर में 19 मई को कमल सिंह का लहूलुहान शव गांव के रास्ते में मिला था। मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया डंडा व मृतक की बाइक का चाभी मिली है।कमल सिंह का शव मिलने के बाद पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया था। एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि जांच में पता चला किमृतक ने स्थानीय दुकान से शराब खरीदी थी। सीसीटीवी फुटेज में उसके साथ दो अन्य व्यक्ति भी दिख रहे है। जिनकी पहचान लाखन उर्फ अतुल सिंह पुत्र प्रदीप सिंह नरियावां, पूराकलन्दर तथा विकास सिंह पुत्र स्व.रामधीरज सिंह निवासी मोहर्रमपुर अरती महराजगंज, अयोध्या के रूप में हुई। दोनों को हिरासत में लेकर पूछतांछ की गई। आरोपियों ने बताया कि शराब पीने के दौरान हुए विवाद के कारण उन दोनों ने कमल सिंह की डंडे व ईट से मार कर उसकी हत्या कर दी। मृतक की मोटरसाइकिल की चाभी लेकर चले गए।

हनुमत कथा मंडपम का सीएम योगी आज करेंगे लोकार्पण

जिला संवाददाता

अयोध्या। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (शुक्रवार) अयोध्या दौरे पर रहेंगे। उनके आगमन का समय प्रातः 11:25 बजे निर्धारित है। सबसे पहले वे श्रीरामलला के दर्शन करेंगे, जिसके उपरांत वे हनुमानगढ़ी परिसर में निर्मित ह्यहनुमत कथा मंडपमह्न का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम करीब दो घंटे चलेगा और इसके पश्चात दोपहर 1:25 बजे वे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

हनुमानगढ़ी क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उद्घाटन समारोह को लेकर संत समाज और प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय है। इस आयोजन में हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास जी सहित चारों पट्टियोंकृसागरिया, उज्जैनिया, बसंतिया एवं हरिद्वारी के महंत एवं पंच शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त स्थानीय व्यापारी, पंडा समाज, भाजपा पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और अयोध्यावासियों को आमंत्रित किया गया है।हनुमानगढ़ी के महंत संजय दास और डॉ महेश दास महाराज ने जानकारी दी कि श्रृंगार घाट बैरियर से लेकर मंडपम तक मुख्यमंत्री का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया जाएगा। शिलापट के अनावरण और फीता काटने के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लोकार्पण की रस्में निभाई जाएंगी। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं में अयोध्या शीर्ष पर है।वही यह मंडपम 17,000 वर्ग फीट में फैला है, जिसमें एक साथ 5,000 श्रद्धालु कथा व सत्संग का आनंद ले सकेंगे। उत्तरी और दक्षिणी छोर पर जगतगुरु रामानंदाचार्य जी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जबकि प्रवेश द्वार पर हनुमंत लला की आकर्षक प्रतिमा शोभा बढ़ा रही है। ग्रेनाइट पत्थरों से निर्मित यह सभा मंडप आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। 1,000 वर्ग फीट का मंच, रामदरबार की झलक, और दीवारों पर उकेरी गई रामकथा की झांकियां इसे विशिष्ट बनाती हैं।

इसके साथ ही 16 कमरों वाला एक सुव्यवस्थित अतिथि गृह भी निर्मित किया गया है।

अयोध्या में होगा सीनियर केयर सेंटर का निर्माण

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुजुर्गों के कल्याण के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। अयोध्या में राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत एक अत्याधुनिक सीनियर केयर सेंटर का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 288.10 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है, और निर्माण कार्य के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएनडीएस) का चयन किया गया है। इस सेंटर के निर्माण से बुजुर्गों को न केवल बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि उनकी सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों का भी ध्यान रखा जाएगा। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि सीनियर केयर सेंटर के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है। नगर निगम क्षेत्र के अब्बू सराय में निर्माण कराया जाएगा। इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह सेंटर अयोध्या को न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी एक नया आयाम प्रदान करेगा।

प्रस्तावित सीनियर केयर सेंटर एक आधुनिक और सुविधायुक्त केंद्र होगा, जिसमें बुजुर्गों की हर जरूरत का ध्यान रखा जाएगा। इस सेंटर में मुख्य भवन जी प्लस वन होगा, जिसमें कई महत्वपूर्ण सुविधाएं शामिल होंगी। इनमें रीडिंग रूम, वेटिंग हॉल, रिसेप्शन, स्टोर रूम, किचन, लीगल काउंसिल रूम, मेडिकल रूम, गार्ड रूम, पेंट्री यूनिट, कैफेटेरिया, जिम्नेशियम और मेडिटेशन रूम का निर्माण किया जाएगा। इन सुविधाओं का उद्देश्य बुजुर्गों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सक्रिय और स्वस्थ रखना है। रीडिंग रूम और मेडिटेशन रूम बुजुर्गों को मानसिक शांति और बौद्धिक उन्नति का अवसर प्रदान करेंगे, जबकि जिम्नेशियम उनकी शारीरिक फिटनेस को बनाए रखने में मदद करेगा। कैफेटेरिया और किचन सुविधा सुनिश्चित करेगी कि उन्हें पौष्टिक भोजन आसानी से उपलब्ध हो। लीगल काउंसिल रूम के माध्यम से बुजुर्गों को कानूनी सलाह और सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

ओवरलोडिंग के विरुद्ध एआरटीओ ने किया चेकिंग ऑपरेशन, 10 वाहन सीज

बाराबंकी। बिना फिटनेस, परमिट समेत ओवरलोडिंग रोकने को लेकर परिवहन विभाग ने सघन चेकिंग अभियान चलाते हुये चालान सहित 10 वाहनों को सीज कर लाखो रुपये जुमार्ना किया। इस दौरान सैकड़ों चालक वाहन छोड़कर भाग गये। इस सम्बन्ध मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि बिना फिटनेस, परमिट समेत ओवरलोड़िग के विरुद्ध लखनऊ-बाराबंकी मार्ग समेत विभिन्न मार्गो पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 10 वाहन बिना फिटनेस, परमिट, ओवरलोड़ मिलने पर माती चैकी एंव मोहम्मदपुर चैकी पर सीज किये गये। अभियान के जानकारी लेने पर एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने कहा कि जनपद में ओवरलोडिग, बिना फिटनेस, परमिट के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जोकि निरन्तर जारी रहेगा।

राष्ट्रीय आउटडोर अर्चरी चैंपियनशिप मे अभिनव को मिला कास्य पदक

बाराबंकी। फील्ड अर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 15वीं राष्ट्रीय आउटडोर अर्चरी चैंपियनशिप 2025 का आयोजन अम्बिवली एग्रो फॉरेस्ट रेंज, वाडा, मुंबई में किया गया। प्रतियोगिता की जानकारी देते अर्चरी एसोसिएशन महासचिव निधि जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश से अभिनव पटेल ने वुडन बो में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया।इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में फील्ड आउटडोर प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को जंगल में अपनी कला का प्रदर्शन करना होता है। जोकि सामान्य तीरंदाजी से बहुत अलग व चुनौतीपुण होती है। जिसमें खिलाड़ी को दूरी का पता खेल के वक्त ही दिया जाता हैं। इसमें खिलाड़ी को 7 फीट से 93 मीटर तक की दूरी पर 28 टार्गेट पर 3 दिन तक शूटिंग करनी होती है। इनडोर फील्ड अर्चरी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू दिवेदी ने बाराबंकी जनपद का नाम रोशन करने एंव कास्य पदक हासिल करने वाले खिलाड़ी अभिनव को बधाई दी।

महिलाओं-बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला रही डिजनीलैंड पार्क प्रदर्शनी

बाराबंकी। हैदरगढ़ रोड़ पर डिजनीलैंड पार्क प्रदर्शनी एंव मेला मे जनपद समेत आस-पास गांवों के लोगों द्वारा आकर्षक झूले, खानपान के स्टॉल के अलावा, बच्चों के मनोरंजन के लिए कई प्रकार के झूलो का जमकर लुफ्त उठाया जा रहा है। तो वहीं मनोरंजन के संसाधनों, बने आकर्षण सेल्फी प्वाइंटों डिजनीलैण्ड़ पार्क, फाउटेन, हाथी दांत, बुर्ज खलीफा का भी खूब आनंद समेत झूलों का बच्चो द्वारा काफी आनन्द लिया जा रहा है। प्रदर्शनी में लगी महिलाओं से संबंधित घरेलू वस्तुओ की दुकानो पर भीड़ उमड़ रही है। आयोजक मो0 सलमान सल्लू ने बताया कि गैर जनपदों से आये दुकानदारों द्वारा हर माल 100, 50, 30, 10 व 5 रुपये के स्टालो पर गरीब एंव मध्यम वर्गीय परिवारो कों उचित मूल्य पर घरेलू व जनउपयोगी वस्तुयें उपलब्ध कराई जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महोत्सव में सीसीटीवी के माध्यम से नजर भी रखी जा रही है।

नशीली चाय पिलाकर उड़ाई थी पिकअप, खुलासा

अयोध्या। थाना कैंट क्षेत्र में हुई वाहन चोरी की गुत्थी को पुलिस ने महज कुछ दिनों में सुलझा लिया है। पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी गई पिकअप, एक बाइक, नशीली गोलियां, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। वारदात को बेहद फिल्मी अंदाज में अंजाम दिया गया था, जहां आरोपियों

● तीन आरोपी गिरफ्तार, वाहन व नशीली गोलियां बरामद

ने ड्राइवर को चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश किया और वाहन लेकर फरार हो गए।एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 2 मई बाराबंकी के रहने वाले जमील की पिकअप यूपी 41 एटी 7971 को उसके ड्राइवर द्वारा भेलसर में चाय पीते समय दो अजनबी मिले। उन्होंने खुद को प्लाई बोर्ड कारोबारी बताकर फैजाबाद से माल ढोने के नाम पर गाड़ी बुक की और ड्राइवर को

जलालाबाद स्थित एक प्लाई फैक्ट्री तक ले गए। वहां एक आरोपी फैक्ट्री के अंदर गया और दूसरा ड्राइवर के साथ बाहर रुका। थोड़ी देर बाद दोनों ने ड्राइवर को चाय पीने की बात कही और नशीली चाय पिलाकर उसे बेहोश कर दिया। होश आने पर ड्राइवर ने देखा कि गाड़ी गायब थी। 7 मई को इस मामले में थाना कैण्ट में एफआईआर दर्ज की गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या के निर्देश पर थाना कैण्ट व स्वाट/सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 22 मई की रात करीब 2:50 बजे रायपुर शारदा सहायक नहर के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से चोरी की गई पिकअप, एक एचएफ डीलक्स बाइक यूपी 44 एएम 8279 व 25 नशीली गोलियां, 6 मोबाइल फोन और 700 रुपए नकद बरामद किए हैं।गिरफ्तार आरोपियों में प्रमुख नाम लक्ष्मण यादव निवासी परसा, सुल्तानपुर का है, संदीप निवा निवासी सवार्ड थाना जयसिंहपर जनपदसुलतानपुर और और दयाशंकर भारती निवासी पुरे कछुआ रोड थाना मिजार्मुराद जनपद वाराणसी के रूप में हुई है, तीनों पूर्व में भी कई गंभीर मामलों में जेल जा चुका है। उस पर धोखाधड़ी, जालसाजी, मारपीट समेत कई संगीन धाराओं में केस दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, स्वाट प्रभारी अमरेश त्रिपाठी समेत थाना कैण्ट व सर्विलांस सेल की टीम शामिल रही। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमे में धारा 123 व 317 (2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

17वे दिन भी संविदाकर्मी धरना में रहे डटे

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के तत्वाधान मे जनपद में निकाले गये 380 सविदाकर्मियो की बहाली की मांग को लेकर 17वे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। इस दौरान संविदाकर्मियो ने विद्युत विभाग एंव प्राइम वन कम्पनी के प्रबन्धक के खिलाफ नारेबाजी भी की। संघ जिला सचिव अनिकेत वर्मा ने बताया कि 380 संविदा कर्मचारियों को जब तक वापस नहीं लिया जाएगा। तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर रंजीत कुमार वर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, कमलेश कुमार, मुकेश कुमार शर्मा, शिवेंद्र कुमार, राजकुमार चैधरी, अमरेश शर्मा, रोहित कुमार, लालजी वर्मा, अनिकेत कुमार, रंजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार वर्मा, विनय वर्मा, विजय वर्मा, आलोक कुमार वर्मा, पवन यादव, माधव, हंसराज यादव, अनुज, अनूप, सत्यम विश्वकर्मा मौजूद रहे।

नशा कारोबारियो के खिलाफ आबकारी विभाग का विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू

बाराबंकी। अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वाले शराब माफियाओ पर आबकारी विभाग का विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू कर दिया गया है। विभाग द्वारा खेतो, खण्ड़रो मे छुपाकर रखी गई अवैध शराब के खिलाफ जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे आबकारी

● 18 संदिग्ध ठिकानो से छापेमारी कर बरामद की 90 लीटर कच्ची शराब

निरीक्षक ने चर्चित ग्रामो व संदिग्ध स्थानो पर छापेमारी अभियान चलाया। आज आबकारी निरीक्षक सर्किल फतेहपुर गजेन्द्र प्रसाद की टीम ने थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत चर्चित ग्राम बेहड़पुरवा, बसारा, अनवारी, थाना बड्डूपुर अन्तर्गत ग्राम भगोली, बड्डूपुर समेत 18 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी

की। मौके से लगभग 90 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। 4 अभियुक्तो के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। छापेमारी के दौरान ग्रामवासियों को अवैध शराब का सेवन न करने हेतु जागरुक भी किया। इसके अतिरिक्त समस्त देशी-विदेशी, बीयर की दुकानो का भी निरीक्षण किया। छापेमारी के दौरान प्रधान आबकारी सिपाही मसूद आलम, आबकारी सिपाही विकास सिंह, मो0 अली शामिल रहे।

आकांक्षी ब्लॉक की जिला स्तरीय समिति की बैठक

जिला संवाददाता

बहराइच । कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार की देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खण्ड एवं आकांक्षात्मक जनपद समिति की समीक्षा करते हुए आकांक्षात्मक विकास खण्ड हुजूरपुर में यूनीसेफ द्वारा किये गये पर्यवेक्षण/विजिट रिपोर्ट एवं फीडबैक के आधार पर स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा व जल जीवन मिशन

● एमओआईसी हुजूरपुर को मुख्यालय से सम्बद्ध करने के दिये गये निर्देश

के कतिपय सूचकांकों में अत्यधिक अन्तर पाये जाने, आकांक्षात्मक जनपद/विकासखण्ड कार्यक्रम के सूचकांको की प्रगति समीक्षा की गयी।यूनीसेफ द्वारा जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक के विजिट के आधार पर एबीपी हुजूरपंर के 18 संकेताकों में विकासखण्ड हूजूरपुर की स्थिति खराब पायी गयी गयी।

पंजीकरण के सापेक्ष गर्भवती की सम्पूर्ण ए.एन.सी. जांच तथा नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत यूनिसेफ के अत्यन्त ही खराब स्थिति पायी गयी।

इसी प्रकार 30 वर्ष के अधिक आयु के व्यक्ति के हाइपरटेन्शन व डाइबिटीज की जांच की स्थिति का प्रतिशत भी कम पाया गया। इन आंकड़ों की जानकारी एमओवाईसी तथा सीडीपीओ को थी परन्तु उनके स्तर से क्या कार्यवाही की गयी। बैठक में उपस्थित एमओवाईसी तथा सीडीपीओ हुजूरपुर द्वारा सन्तोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। जिसपर डीएम ने एमओवाईसी हुजूरपुर को मुख्यालय सम्बद्ध किये जाने के लिए सीएमओ को निर्देश दिये गये। इसी प्रकार अन्य संकेतांको की स्थिति यूनिसेफ के विजिट के अनुसार खराब पायी गयी है।

खण्ड विकास अधिकारी हुजूरपुर, जो आकांक्षात्मक विकासखण्ड कार्यक्रम की नोडल है, द्वारा इसकी नियमित मॉनीटरिंग नहीं की जा रही है।

इसपर जिलाधिकारी द्वारा रोष व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाते हुए खण्ड विकास अधिकारी, एमओवाईसी तथा सीडीपीओ हुजूरपुर के वेतन बाधित करने तथा सम्बन्धित संकेतांको में एक माह में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिये गये। बैठक में विकास खण्ड स्तरीय एवं जिलास्तरीय अधिकारियों को एबीपी व एडीपी के संकेतांको से सम्बन्धित स्टाफ के साथ माइक्रो लेवल पर स्ट्रेटजी बनाकर संकेतांको में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख

य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, पीडीडीआरडी अरूण कुमार सिंह, डीएचआईओ अर्चना सिंह, आयुष चिकित्सक डॉ पीयूष तथा जनपद स्तरीय अधिकारी, सम्बन्धित एसडीएम, तहसीलदार, एमओवाईसी, कार्यदायी संस्था अधिकारी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

निर्माणधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण

बाराबंकी। जिला चिकित्सालय मे निर्माणधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने संयुक्त रुप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गति बहुत धीमी होने पर नाराजगी जताई। तथा कार्य में तेजी लाने व कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु कार्यदायी संस्था यू0पी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अवधेश यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 विनोद पाल सिंह, राजकुमार वर्मा मौजूद रहे।

प्रदेश में 30 लाख ओबीसी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर स्थापित किया गया नया रिकॉर्ड

बहराइच । उ०प्र० सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग को सशक्त बनाने और विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये है. इस कड़ी में मा० यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के प्रगतिशील मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विगत वर्षों में पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की यह सबसे बड़ी योजना है, जिसके लिए 2024-25 में प्राप्त बजट 02 हजार, 475 करोड़ रुपये से लगभग 30 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति उपलब्ध करायी गयी, जो एक रिकार्ड है। वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 05 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभ प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को 2250 रुपये प्रति वर्ष एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को चार श्रेणियों में क्रमशः 10 हजार, 20 हजार, 30 हजार एवं 50 हजार रुपये दिया जाता है।शादी अनुदान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में 200 करोड रुपये के बजटीय प्रबंधन से एक लाख गरीब बेटियों की शादी का अनुदान उपलब्ध कराया गया तथा इसी वर्ष में करीब 6 हजार गरीब बेटियों की शादी का अनुदान 12 करोड़ रुपये दिया गया है, जबकि वर्ष 2023-24 में केवल 105 करोड़ रुपये के बजटीय प्राविधान से 52 हजार, 553 बेटियों को शादी अनुदान से अनुदानित किया गया था। इस योजनान्तर्गत एक लाख आय सीमा के अन्तर्गत जीवन यापन करने वाले ग्रामीण अथवा शहरी ओ०बी०सी० परिवारों को 20 हजार रुपये की धनराशि शादी अनुदान के रूप में जारी की जाती है। कंप्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु बजटीय प्राविधान रुपये 32.92 करोड़, था जिसमें 29 हजार, 769 ओ०बी०सी० प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित किया गया, जबकि वर्ष 2023-24 में रू0 22.52 करोड़ के बजट से 23 हजार, 697 ओ०बी०सी० प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस योजना के अन्तर्गत 5 हजार रुपये से ह्यट्रिपल सीह्न के प्रशिक्षण हेतु तथा 15 हजार रुपये से ह्यओ लेवलह्न के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं को दिया जाता है।

राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर राजस्व की वसूली तथा राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला स्तरीय बैठक से पूर्व सभी विभाग अपनी समीक्षा बैठक कर जारी कार्यवृत्त तथा पूर्व की प्रगति के डाटा के साथ बैठक में प्रतिभाग करें। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बकाया राशि के सापेक्ष वसूली में तेजी लायी जाय तथा आंधी और वर्षा के कारण जिन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होती है उनकी तत्काल आपूर्ति बहाली कराना सुनिश्चित करें साथ ही इस हेतु सभी आवश्यक उपकरण व तैयारियां पूर्ण रखें। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारियों को प्रभावी पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये गये।

सरकारी व गैर सरकारी परियोजनाओं के लिए भू-आवंटन कार्य की समीक्षा करते हुए डीएम ने रूपईडीहा में कृषि उत्पादन मण्डी, गन्ना विकास परिषद परसेंडी तथा रिलायन्स के लिए भूमि का चिन्हांकन करने के निर्देश देते हुए कहा कि भूमि आवंटन से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित किया जाय। डीएम

ने निर्देश दिया कि जिन विभागों को पूर्व में जमीन आवंटित की गई है और उनके द्वारा कई वर्ष बीत जाने के बावजूद संबंधित परियोजना की शुरूआत नहीं की गई है, तो ऐसे विभागों से भूमि वापस लेकर नवीन परियोजनाओं हेतु अन्य विभागों को आवश्यकता के अनुरूप नियमानुसार आवंटन की कार्यवाही की जाये। लम्बित गन्ना मूल्य भुगतान में शिथिलता पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए जिला गन्ना अधिकारी को बकाया मिलों से समन्वय कर शीघ्रातिशीघ्र भुगतान कराये जाने का निर्देश दिया।

डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि इस माह के अंत तक सभी कार्यालयों में पूरी तरह से ई-आफिस स्थापना संबंधी समस्त कार्य पूर्ण करते हुए ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य की शुरूआत की जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार नहरों के संचालन हेतु सभी तैयारी पूर्ण कर ली जाएं। नगर निकायों को निर्देश दिया गया कि वर्षा ऋतु से पूर्व नाली-नालों की समुचित साफ-सफाई करा दी जाये ताकि कहीं भी जलभराव की समस्या न आए। डीएम ने निर्देश दिया कि खनन अथवा अन्य कारणों से बनने वाले गड्ढ़ों को तत्काल भरवा दिया जाय। उन्होंने कहा कि यदि गड्ढ़ों के कारण कोई अप्रिय घटना होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। डीएम ने 45 दिन से अधिक के वादों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी उप जिलाधिकारी नियमित समीक्षा करते हुए वादों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

ओला वृष्टि से किसानों को हुआ भारी नुकसान

सोहावल-अयोध्या। क्षेत्र में बुधवार की रात आए आंधी तूफान और बारिश के साथ हुई बोला वृष्टि में किसानों की शब्जी की फसल लौकी करेला तरोई आदि को भारी नुकसान हुआ है। कहीं विद्युत विभाग के खंभे उखड़ कर गिर गए तो कहीं पर छत पर लगी टीम से उड़कर दूर जा पड़ी कुछ ग्रामीणों की कच्ची दीवारें भी बारिश की चपेट में आने से गिरी हालांकि कोई जान और धन हानि नहीं हुई नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज के मजरे उचितपुर में नगर पंचायत द्वारा लगाया गया विद्युत विभाग का खंभा उखड़ कर रोड पर गिरा। इस संबंध में पूछे जाने पर तहसीलदार सोहावल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र में अब तक कहीं से भी जन और धन हानि की सूचना नहीं मिली है। यदि कहीं से सूचना मिलती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

4-जी सिम सेल कैंप का आयोजन 23 से 25 मई तक

बहराइच । प्रचालन क्षेत्र प्रमुख ने बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल बहराइच द्वारा 23 से 25 मई 2025 जनपद बहराइच एवं भिनगा (श्रावस्ती) के विभिन्न स्थानों पर सिम-सेल कैंप का आयोजन कर रहा है। इस कैंप में इच्छुक व्यक्ति नए 4जी सिम लेकर अथवा एमएनपी कराकर बीएसएनएल के आकर्षक व किफायती प्लानों को लेकर तीव्र इन्टरनेट सुविधा का लाभ उठा सकते है तथा वर्तमान ग्राहक अपने 2जी/3जी सिम को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के 4-जी में अपग्रेड करा सकते है।

10 लाभार्थियों को सौंपे गये स्वीकृति पत्र

बहराइच । बुधवार को जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने सहायक श्रमायुक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण योजना अन्तर्गत 05-05 श्रमिकों को मातृत्व शिशु एवं बालिका आशीर्वाद योजना के अंतर्गत रू. 1,53,125 तथा कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत रू. 2,75,000 कुल धनराशि रू. 4,28,125 के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव श्रीमती पूजा यादव, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उपश्रम आयुक्त मुख्यालय शमीम अख्तर, उपश्रम आयुक्त देवीपाटन मण्डल अनुभव वर्मा, सहायक श्रम आयुक्त बहराइच सिद्धार्थ मोदियानी सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

जाम से निजात के लिए व्यापारियों ने की बैठक

सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)। व्यापार मंडल अध्यक्ष वीके अग्रहरि विजय के नेतृत्व में हुई बैठक में शामिल व्यापारियों ने जाम से होने वाली परेशानी पर चर्चा कीसहालग के समय बाजार में जाम लगना प्रतिदिन की समस्या बनती जा रही है। लोग लिंक मार्ग के सहारे किसी तरह अपनी मंजिल तय कर ले रहे हैं। जिससे बाजार में व्यापार प्रभावित हो रहा है। बुधवार की देर शाम मुड़िला रोड पर सेफ्टी लाइफ सेंटर पर बैठक में शामिल व्यापारियों ने माना सूरापुर चैक पर जाम लगने का कारण ट्रैफिक पुलिस का न होना। डग्गामार वाहन व फुटपाथ पर अतिक्रमण की प्रशासन द्वारा अनदेखी है। छोटे बड़े वाहनों को बाजार से बाहर कर फुटपाथ अतिक्रमणकारियों से खाली कराने के साथ रोडवेज बस बाजार के बाहर सवारी बैठाए व उतारे और स्थानीय पुलिस प्रशासन सक्रिय रहें तो जाम के झाम से निजात मिल सकती है। जिसके लिए व्यापर मंडल की तरफ से उच्चाधिकारियों से डिवाइडर, फुटपाथ पर अतिक्रमण, ई-रिक्शा, टैम्पो स्टैंड व माल वाहक का बाजार में माल सुबह, या फिर शाम को उतारने सहित चार पहिया वाहनों को बाजार के बाहर खड़ी करने के लिए ज्ञापन देकर मांग किया जाएगा। इस मौके पर शीलेश बरनवाल, सुरेन्द्र साहू, कृष्णा चौरसिया, सूरज विश्वकर्मा, अजय उपाध्याय, पवन सोनी, अमित जायसवाल, नीरज पाठक, गोविंदा सोनी, ओपी चैरसिया, राम नयन वर्मा, शिव गुप्ता, मनोज गुप्ता, जगदम्बा सोनी, एसपी मौर्य आदि मौजूद रहे।

राकेष तिवारी बने बार अध्यक्ष

रायबरेली। सेंट्रल बार कार्यकारिणी की मतगणना बुधवार की सुबह नौ बजे शुरू की गई, जो करीब 12 घंटों तक चली। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए राकेष तिवारी ने सुरेष यादव को दोमतों से हराकर जीत दर्ज की। वहीं योगेंद्र दीक्षित ने अपने प्रतिद्वंद्वी संजय प्रताप सिंह को शिकस्त देते हुए महामंत्री पद का सेहरा अपने नाम कर लिया। वरिष्ठ कार्यकारिणी के 13 प्रत्याशियों में हिमांशु धर सिंह, मुकेश कुमार सिंह, संजय मिश्रा, अनुराग उपाध्याय, करुणेंद्र मिश्रा व कमलेश यादव



विजयी हुए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सर्वेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विवेक कुमार श्रीवास्तव को 100 वोटों से हराया। उपाध्यक्ष के दो पदों पर मुकेश कुमार बाजपेयी व राघवेंद्र प्रताप सिंह विजयी घोषित हुए। संयुक्त मंत्री के तीन पदों पर गोविंद सिंह, शुभम अवस्थी व सुभाष श्रीवास्तव ने बाजी मारी। कोषाध्यक्ष के पद पर सुनील कुमार तिवारी ने निकटतम प्रतिद्वंदी राधेश्याम चैधरी को हराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संतोष शुक्ला ने संतोष पाल को हराकर जीत हासिल की। शाम को आए परिणाम में योगेंद्र दीक्षित महामंत्री घोषित किया गया। दीक्षित को 568 मत मिले और निकटतम प्रतिद्वंदी संजय प्रताप सिंह को 361 मत मिले। योगेंद्र दीक्षित ने 207 मतों से विजय हासिल की। वहीं रात 11 बजे तक अध्यक्ष पद का अध्यक्ष पद के परिणाम घोषित नहीं किए जा सके। दोबारा गिनती होने के बाद राकेष तिवारी को विजयी घोषित किया।

भारतीय सेना के पराक्रम को विश्व ने देखा : विनोद सिंह

भाजपा कटका मण्डल ने निकाली सिंदूर शौर्य तिरंगा यात्रा

गोसाईगंज, सुलतानपुर। भाजपा कटका मण्डल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, महामंत्री राजेश पांडेय की अगुवाई में पहलगाम घटना के बाद सेना द्वारा चलाए गए आपरेशन सिन्दूर की सफलता और सेना की प्रशंसा में सिंदूर शौर्य तिरंगा यात्रा गुरुवार को निकाली गई। अयोध्या प्रयागराज मार्ग के द्वारिकागंज चैकी परिसर के पास से शुरू हुई सिंदूर शौर्य तिरंगा यात्रा कटका बजार होते हुए सेमरी मोड पर समाप्त हुई। इस दौरान भारत माता की जय के साथ पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए गए। यहां पर सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह ने कहा मोदी सरकार व भारतीय सेना ने आतंकवादियों को पाकिस्तान में घुसकर माकूल जवाब दिया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सेना ने 9 आतंकी अड्डों व 100 से अधिक आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, महामंत्री विजय त्रिपाठी, दीपक मिश्र, सूर्य नारायण पांडेय, राम अभिलाख सिंह, मनोज श्रीवास्तव, उमाकांत शुक्ल, मिंटू सिंह, विधायक प्रतिनिधि पवन सिंह, राजेश पांडेय, सुभाष वर्मा, दान बहादुर तिवारी काली सहाय पाठक, आशुतोष शुक्ल आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय, चैकी प्रभारी द्वारिकागंज द्विवेश त्रिवेदी समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

अधेड़ का शव मिलने से फैली सनसनी

जगदीशपुर, अमेठी। संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ का शव मिलने से स्थानीय लोगो मे सनसनी फैल गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज कर छानबीन मे जुटी। थानाक्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली मार्ग पर स्थित श्रीरामगंज चौराहे के समीप हाइवे पुल के निकट उस समय अफरा तफरी मच गई जब राहगीरों ने एक अधेड़ का शव पुल के समीप पड़ा देखा जिसकी जानकारी होने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव की पहचान कराने के लिए घंटो जूझती रही लेकिन खबर लिखे जाने तक पहचान नहीं हो सकी अंतोगत्वा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नही हो सकी शव को पोस्टमार्टम भेज कर आवश्यक कार्रवाई जारी है ।

एनएसपीएस त्रिपुला के छात्रों ने किया आनंदी वाटर पार्क का भ्रमण

जिला संवाददाता (vol)

- तपती गर्मी में बच्चों ने लिया वाटर स्लाइड का आनंद, मचाया धमाल

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला के विद्यार्थियों को लखनऊ स्थित आनंदी वाटर पार्क का भ्रमण कराया गया। वाटर पार्क में बच्चों ने जमकर मस्ती की और खूब आनंद उठाया साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रकार की वाटर स्लाइडों एवं झूलों का आनंद लिया, इस दौरान उन्होंने मौज-मस्ती के साथ-साथ केयरिंग और शेयरिंग का सबक भी सीखा। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को प्रेरणादायक, रोमांचकारी और अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि आज का दिन उनके लिए यादगार रहा।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को शैक्षिक और व्यावहारिक भ्रमण कराये जाते हैं। जिसके माध्यम से उन्हें स्कूल से इतर जानकारियां प्राप्त होती हैं साथ ही खेल व अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग करने से उनका सर्वांगीण विकास होता है । बच्चों में मनोरंजन के अलावा जोश व उमंग भर देने वाला यह स्वछंद भ्रमण उनके मन को सुखद अनुभव और ज्ञान प्रदान करने वाला रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के साथ उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, कामरान, पिंकी जायसवाल, महेंद्र, सविता मिश्रा, अशोक कुमार, नीतू, अली इमाम, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल सेम्भुई का डीएम ने किया निरीक्षण

अमेठी। डीएम संजय चौहान ने गुरुवार को गौरीगंज अंतर्गत संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल, सेम्भुई का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, उनके आहार, चिकित्सा और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गौशाला में संरक्षित 140 गोवंशों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कुछ गोवंशों की ईयर टैगिंग नहीं की गई है, जिस पर उन्होंने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीमार गोवंशों के उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वर्तमान में एक गोवंश बीमार है, और पशु चिकित्सक समय-समय पर आकर आवश्यक चिकित्सा सेवा प्रदान करते हैं। हरे चारे की उपलब्धता के संबंध में जानकारी देते हुए केयरटेकर ने बताया कि कुछ दिनों से हरा चारा उपलब्ध नहीं हो पाया है। हालांकि, गौशाला में 350 कुंतल भूसा तथा 45 बोरी पशु आहार वर्तमान में उपलब्ध है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गोवंशों को नियमित मात्रा में भूसा एवं पशु आहार उपलब्ध कराया जाए और हरे चारे की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा/भूसा रजिस्टर एवं केयरटेकर के भुगतान की स्थिति का भी अवलोकन किया और सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि सभी गोवंशों की समुचित देखभाल की जाए, विशेष रूप से कमजोर और बीमार गोवंशों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने गौशाला परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को बेहतर बनाए रखने हेतु भी आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

बैंक से 90 हजार निकालकर युवक हुआ लापता, घटना की जांच जारी

अमेठी । एक युवक बैंक से रुपये निकालने के बाद लापता हो गया. पीपरपुर थाना क्षेत्र के घरभरवा नेवढ़िया निवासी जीतलाल पाल 19 मई को बहन की शादी के लिए बाइक खरीदने निकला था. जीतलाल ने सोमवार दोपहर में अपने छोटे भाई लवकुश को फोन कर बताया कि उसने संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी स्थित भारतीय स्टेट बैंक से 70 हजार रुपये निकाले हैं. घर से लिए 20 हजार रुपये मिलाकर कुल 90 हजार रुपये लेकर वह दोस्त के साथ अमेठी जा रहा था । देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की. जीतलाल की बाइक टीकरमाफी पुलिस चौकी से बरामद हुई. पिता दयाराम पाल ने बेटे के अपहरण की शिकायत संग्रामपुर थाना में की. संग्रामपुर प्रभारी निरीक्षक ने दो दिन तक टालमटोल की और फिर पीपरपुर थाना क्षेत्र का निवासी बताकर केस दर्ज करने से मना कर दिया । अंत में पीपरपुर पुलिस ने 28 वर्षीय जीतलाल की गुमशुदगी का केस दर्ज किया. पीपरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा ने बताया कि घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र की है, लेकिन वहां केस दर्ज न होने के कारण उन्हें मामला दर्ज करना पड़ा. घटना की जांच जारी है ।

ट्रक ने टेलर को मारी साइड

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज-इन्हौना मार्ग पर औसेरी के पुरवा के पास गिट्टी लदा टेलर को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में साइड मार दी, जिससे गिट्टी भरा टेलर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में जाकर पलट गया। घटना में ड्राइवर के सिर पर गहरी चोट आई है। क्लीनर की मदद से उसे महराजगंज के एक निजी डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले जाया गया जहां उसका इलाज किया गया। घायल ड्राइवर राज नारायण पुत्र जग प्रसाद निवासी मोहिद्दीनपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी, महोबा के कबरई से 65 एमएम गिट्टी टेलर पर लोड करके आ रहे थे। तभी महराजगंज इन्हौना रोड पर स्थित पासिन की बगिया के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में साइड मार दी, जिससे टेलर सड़क के नीचे खाई में पलट गया। हादसे में ट्रेलर ड्राइवर को गंभीर चोटें आई हैं। क्लीनर घनश्याम ने घायल ड्राइवर को लेकर महराजगंज में निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां उनका इलाज किया गया।

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा गंगागंज-अचलेश्वर मार्ग

रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का जिले में खुलेआम मखौल उड़ाया जा रहा है। जिले के हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गंगागंज से अजमतउल्लागंज होते हुए अचलेश्वर (रहवा) को जोड़ने वाली सड़क और पुलिया का हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा डामरीकरण और निर्माण कार्य किया गया था। लेकिन पहली बारिश में ही यह सड़क और पुलिया बह गई, जिसने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और ठेकेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल लोनिवि की लापरवाही और भ्रष्टाचार को उजागर करती है, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों और नेताओं की जवाबदेही पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है।

सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और लापरवाही का खुलासा : गंगागंज से अजमतउल्लागंज होते हुए अचलेश्वर (रहवा) तक जाने वाली यह सड़क स्थानीय निवासियों के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ती है और दैनिक आवागमन के लिए उपयोगी है। जानकारी के अनुसार, इस सड़क का निर्माण कार्य हाल ही में पूरा हुआ था, जिसमें लाखों रुपये की लागत आई थी। लेकिन पहली बारिश में ही सड़क की सतह धंस गई और डामरीकरण उखड़ गया, जिससे सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए। साथ ही, इस मार्ग पर बनी पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और

मानकों की पूरी तरह से अनदेखी की गई। स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकताओं ने इस मामले में ठेकेदारों व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। करणी सेना के जिलाध्यक्ष मोनू सिंह ने कहा, हमने कई बार इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। भ्रष्टाचार इस कदर चरम पर है कि जनता के टैक्स के पैसे को खुले तौर पर लूटा जा रहा है। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि यह सड़क पिछले 15 सालों से खराब थी। जब नया निर्माण शुरू हुआ तो हमें उम्मीद थी कि अब सुविधा होगी, लेकिन ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने मिलकर इतना घटिया काम किया कि सड़क दो महीने भी नहीं टिक पाई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गिट्टी और अन्य सामग्री का सही उपयोग नहीं किया गया, जिसके कारण सड़क की नींव कमजोर रही और वह पहली बारिश में ही ढह गई।

लोनिविकी कार्यशैली पर पहले भी कई बार सवाल उठ चुके हैं। रायबरेली में सड़कों की खराब स्थिति कोई नई बात नहीं है। ठेकेदारों और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग और जनता के साथ धोखा हुआ है। ग्रामीणों ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार जारी रहेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। करणी सेना के जिलाध्यक्ष मोनू सिंह ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस सड़क की मरम्मत और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो हम सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि भविष्य में सड़क निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी नियुक्त की जाए ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। गंगागंज-अचलेश्वर मार्ग का पहली बारिश में बह जाना न केवल एक स्थानीय समस्या है, बल्कि यह पूरे सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही का प्रतीक है। यह घटना सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर सवाल उठाती है और यह दशार्ती है कि जिम्मेदार विभागों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय किए बिना जनता को बेहतर सुविधाएं नहीं मिल सकतीं।

विपक्षियों ने दलित परिवार पर जानलेवा हमला, तीन घायल, छह पर मुकदमा दर्ज

दूबेपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के कुड़वार थानाक्षेत्र अंतर्गत शादीपुर महराजगंज गांव में सोमवार रात लगभग 08:00 बजे दलित परिवार पर जानलेवा हमले की घटना सामने आई है। पीड़ित रितेश राणा के अनुसार, पहले से रंजिश रखने वाले विपक्षियों ने घात लगाकर चाकू, लाठी और डंडों से हमला किया। इस हमले में रितेश राणा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या के प्रयास) समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आदर्श शासन की शिल्पकार थीं अहिल्या बाई होल्कर

गौरीगंज,अमेठी। गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी 300 वीं जयंती स्मृति अभियान को लेकर बृहस्पतिवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने ने अहिल्याबाई होल्कर को धर्म,न्याय व राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताया। उन्होंने कहा वह सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थीं। यह भी कहा कि विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक देश के अनेक तीर्थस्थलों का पुनरोद्धार कराया वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है, अहिल्याबाई होल्कर आदर्श शासन की शिल्पकार रही हैं जिनकी प्रशासनिक दक्षता उन्होंने खुद ही लगान वसूली न्याय और प्रजा की समस्याओं का समाधान प्रारंभ किया और राजकोष को जनता का धन समझते थी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमद नगर जनपद स्थित चांडी ग्राम में हुआ था अहिल्याबाई प्रारंभ से ही विलक्षण प्रतिभा और प्रखर बुद्धि की ढाणी थी उनके पिता मैंकोजी शिंदे मराठा साम्राज्य में पाटिल के पद पर कार्यरत थे उन्होंने अपनी पुत्री को मयार्दा नीति और धर्म का संस्कार बचपन में ही दिया था विवाह के उपरांत अहिल्याबाई मालवा राज्य की बहू बनी और कालांतर में राज्य की महारानी यह मार्ग सरल ना था युद्ध में पति खंडेराव की मृत्यु फिर ससुर मल्हा राव का निधन और अंततः इकलौते पुत्र वाले राव की आशा माइक मृत्यु यह सारे आघात अहिल्याबाई पर एक के बाद एक टूटे परंतु उन्होंने इन्हें दुर्बलता नहीं बल्कि दायित्व का आवाहन समझा 11 दिसंबर 1767 को जब उन्हें विधिवत राज्याभिषेक कर राज सिंहासन सोपा गया तब उन्होंने न केवल राज्य को स्थाई तो दिया बल्कि अपनी दूर दृष्टि न्याय प्रियता और धर्म निष्ठा से उसे समृद्धि की ओर अग्रसर कियाउन्होंने देश भर में मंदिरों को धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण कराया जिनमें काशी गया सोमनाथ द्वारिका रामेश्वरम जैसे तीर्थ स्थलों का विशेष उल्लेखनीय स्थान है अहिल्याबाई न केवल धर्म प्रेमी थी बल्कि उत्कृष्ट शासन भी वह सैनिक रणनीति में निपुण थी राज्य की आय पर प्रणाली को व्यवस्थित करती थी और महिला सशक्तिकरण का मूर्ति मां प्रेरणा थी उनके शासनकाल में मालवा ना की और राजनीतिक रूप से स्थिर रहा बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उन्नयन का भी केंद्र बना 13 अगस्त 1795 को जब अहिल्याबाई लोक से विदा हुई तब वह अपने पीछे एक आदर्श राज्य मॉडल छोड़ गई जिसमें शक्ति सेवा आयोग और संयम का प्रतीक माना जाता है अहिल्याबाई किसने की समस्याओं को प्राथमिकता दी और सिंचाई के लिए नेहरू तालाबों और जलाशयों का निर्माण कराया और उन्होंने राज्य में रहने वाले सभी को 20-20 वृक्ष लगाने की जिम्मेदारी भी दी और उनके राज्य में कोई भूखा नहीं सोएगा इसकी पूरी चिंता की अस्पताल की व्यवस्था किया और समृद्ध वातावरण में 30 साल तक शासन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने अहिल्याबाई के जरिए आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए पार्टी बूथ स्तर तक अभियान चला रही है।

प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते बताया कि गोष्ठी का संचालन जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने किया कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी महामंत्री केशव सिंह जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी रविंद्र प्रताप सिंह अमेठी योगेंद्र सिंह अध्यक्ष सहकारी बैंक अमेठी सुल्तानपुर बिंदेश्वरी दुबे पूर्व जिला महामंत्री उमा रमन सिंह जिला मंत्री प्रभात शुक्ला जिला मंत्री संतोष द्विवेदी कार्यक्रम सहसंयोजक अतुल सिंह जिला मंत्री महेश सोनकर जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अशोक मौर्य जिला मंत्री उमेश सिंह ब्लाक प्रमुख गौरीगंज प्रकाश मिश्रा वेद तिवारी आशा बाजपेई व सभी प्रमुख कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

दो गांवों में अवैध निर्माण हुआ कब्जा मुक्त

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। तहसील प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्रामसभा की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर कब्जा मुक्त करा लिया। यह कार्रवाई अमिलिया बिसुई और सुरौली गांवों में की गई, जिससे अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया। सुरौली गांव में जनार्दन पाण्डेय द्वारा सार्वजनिक मिलन केंद्र के नाम से दर्ज जमीन पर पक्का निर्माण कर कब्जा किया गया था। जिसको लेकर हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया था। वहीं अमिलिया बिसुई में दीनानाथ यादव ने बंजर भूमि पर पशुशाला बनाकर और छप्पर डालकर अवैध कब्जा जमा रखा था। दोनों मामलों में पहले भी कई बार नोटिस जारी किया गया था। जिस पर कब्जा नही हटाया गया। गुरुवार को एसडीएम शिवप्रसाद और तहसीलदार मयंक मिश्रा की अगुवाई में तहसील प्रशासन ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर सुरौली में और अमिलिया बिसुई में तहसीलदार ने अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से गिरवा दिया। तहसीलदार मयंक मिश्रा ने बताया कि ग्रामसभा की जमीन पर हुए अवैध कब्जों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई है और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक विनोद तिवारी, लेखपाल विजय कुमार शुक्ला, चकबंदी लेखपाल दीपक कुमार मौजूद रहे।

शास्त्रीय संगीत पर आधारित गायन व नृत्य की कार्यशाला की मंच प्रस्तुति

लालगंज, रायबरेली। लालगंज क्षेत्र के श्री विश्वेश्वर देवराज इंटर कॉलेज गंगागंज में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के संयोजन और समन्वयक सुनील कुमार दीक्षित की देखरेख में गत सात मई से चल रही 15 दिवसीय गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति परक कार्यशाला का समापन शिक्षार्थियों के द्वारा मंच प्रस्तुति एवं प्रमाण पत्र वितरण के साथ समापन हो गया है। मुख्य अतिथि सुशील शुक्ला के द्वारा 55 शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शास्त्रीय संगीत की समापन कार्यशाला में बोलते हुए मुख्य अतिथि भाजपा विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने शास्त्रीय संगीत के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए संगीत सीख रहे छात्र-छात्राओं को सुप्रसिद्ध नृत्यांगना एवं गायिका मालिनी अवस्थी से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कार्यशाला का आयोजन कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी कार्य कियाहै। ऐसी शास्त्रीय संगीत की कार्यशालाओं से बच्चों में पुरातन संस्कृति और नृत्य व गायन के प्रति रुचि बढ़ती है। 15 दिवसीय इस कार्यशाला में विशेषज्ञ अंकुर श्रीवास्तव ने शास्त्रीय संगीत की बारीकियों और इसके महत्व को बच्चों को अभ्यास के द्वारा बहुत ही बेहतरीन ढंग से निपुण करने का कार्य किया है। प्रधानाचार्य क्षमा शंकर पांडे ने कार्यशाला में शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा और इसके इतिहास पर चर्चा की । प्रशिक्षक अंकुर श्रीवास्तव ने राग, ताल और सुर की विधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक सुनील कुमार दीक्षित ने कार्यशाला में प्रसिद्ध संगीतकारों के बारे में जानकारी दी गई, जिन्होंने शास्त्रीय संगीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संचालन कर रहे जयशंकर त्रिवेदी ने शास्त्रीय संगीत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर जोर दिया।

गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार , एक फरार

रायबरेली। सलोन थाना क्षेत्र में पुलिस ने गौकशी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एक आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। मुठभेड़ में दो आरोपी घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से अवैध हथियार, गोवंश, और गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। सलोन थाना क्षेत्र में एक गोवंश का अवशेष (सिर) बरामद हुआ था। इस घटना के आधार पर थाना सलोन में मुकदमा संख्या 183/2025, धारा 3/5(ख)/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए और इस दिशा में सघन जांच शुरू की। इसी क्रम में थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश ब्लॉक के पीछे तालाब के निकट गौकशी की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर सलोन थाना प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तालाब के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। अपनी आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो

आरोपी घायल हो गए। घायल आरोपियों की पहचान दिलशाद पुत्र सफीक, निवासी अत्ता नगर, थाना सलोन, और मो. शहबान पुत्र मो.निजाम, निवासी कस्बा महराजगंज, थाना महराजगंज के रूप में हुई। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तीसरा आरोपी रमजान पुत्र हमीम खान, निवासी अत्ता नगर, थाना सलोन, मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसकी तलाश में व्यापक छापेमारी शुरू कर दी है। आरोपियों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी सलोन ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम का कोई भी सदस्य घायल नहीं हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि यह कार्रवाई गौकशी और पशु तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आरोपी दिलशाद और मोहम्मद शहबान गौकशी की घटनाओं में लंबे समय से सक्रिय थे। फरार आरोपी रमजान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हैं और जल्द ही उसे भी पकड़ लिया जाएगा।

जनमानस में जहर घोल रही भाजपा

ऊंचाहार,रायबरेली। आम जनमानस मूलभूत जरूरत के लिए जद्दोजहद में लगा हुआ है। सरकार उनकी जरूरत को पूरी करने में नाकाम है। भाजपा सरकार केवल समाज में जहर खोलकर बांटो और राज करो कि नीति पर चल रही है। यह विचार कांग्रेस के प्रदेश सचिव और विधानसभा में पूर्व प्रत्याशी रहे अतुल सिंह ने क्षेत्र के कई गांव में आयोजित सभाओं में व्यक्त किया। उन्होंने ऊंचाहार के जसौली, चकमिलिन का पुरवा, कोटरा, पूरे व्यास बाग आदि गांव में नुक्कड़ सभा, चैपाल एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की नीति और रीति बताते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, बिजली की कटिंग से लोग परेशान हैं, लोगों का बिजली का बिल अनाप-शनाप आ रहा है जिसकी शिकायत अधिकारियों से करूंगा।

कार ने बाइक सवार अधिवक्ता को मारी टक्कर , मौत

सुलतानपुर । जिले में गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में अधिवक्ता नवीन शुक्ला की मौत हो गई। वह अपने बेटे को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। पर्यावरण पार्क के पास हनुमान मंदिर के निकट एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अधिवक्ता नवीन शुक्ला (45) और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने नवीन शुक्ला को मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्चे की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। टक्कर मारने वाली सफेद कार पर विश्व हिंदू परिषद अयोध्या-महानगर लिखा हुआ था। कार चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन भीड़ ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक अधिवक्ता डीएम आवास के निकट कला भवन के पास रहते थे। घटना कोतवाली नगर क्षेत्र के कान्वेंट स्कूल के पास हुई। अधिवक्ता समुदाय में इस घटना को लेकर शोक और आक्रोश है। स्कूल और सार्वजनिक स्थलों के पास तेज गति से वाहन चलाने पर प्रतिबंध के बावजूद ऐसी घटनाएं हो रही हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में भी घटना को लेकर रोष व्याप्त है। कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिवार से तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

चोरी किये आभूषणों सहित चोर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना नारखी पुलिस टीम ने चोरी की घटना का 24 घंटे के अन्दर अनावरण करते हुए शातिर चोर को चोरी किए गए जेवरात आभूषण व घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। धर्मेन्द्र कुमार निवासी नगला बंशी ने घर में चोरी की घटना के सम्बन्ध में थाना नारखी पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना नारखी पुलिस टीम ने 24 घण्टे के अन्दर चोरी गये जेवरात आभूषण को बरामद कर चोरी करने वाले अभियुक्त योगेन्द्र कुमार पुत्र चरन सिंह निवासी इब्राहिमपुर नगरिया थाना रिजोर जिला एटा को ग्राम मोहम्मदपुर को जाने वाले रास्ते मेन सडक पर थाना नारखी क्षेत्र से मय जेवरात आभूषण व एक स्प्लेन्डर मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार शातिर चोर को आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग टीम का अभियान जारी

मथुरा। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह के आदेश के अनुपालन में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के निर्देशन तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञान पाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जन्मभूमि व जयसिंहपुरा क्षेत्र से मिश्रित दूध के एक-एक नमूना एवं सादाबाद रोड, राया स्थित मधु डेयरी से घी, पनीर एवं मिश्रित दूध का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया, कुल 05 नमूने संग्रहित किये गए। उक्त संग्रहित खाद्य नमूने विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सचल दल में दलवीर सिंह, भरत सिंह एवं मोहर सिंह कुशवाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

पीएम ने किया गोवर्धन रेलवे स्टेशन का वर्चुयल लोकार्पण

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर इलाके में विकास का नया आयाम लिख रहे है इसी क्रम में मथुरा के गोवर्धन रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प कर पर्यटन के क्षेत्र में गोवर्धन को विकसित करने का कार्य किया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवर्धन रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत,16=34 करोड़ की लागत से विकसित कर जनता को वर्चुयल माध्यम से लोकार्पण किया। इस नए रेलवे स्टेशन से यात्रियों के लिए कई नई आधुनिक सुविधा जोड़ी गई है।जिसमें 3800 वर्गमीटर का पार्किंग क्षेत्र व 5134 वर्ग मीटर का प्लेटफार्म शामिल है, स्टेशन पर 2520 वर्ग मीटर का प्लेटफार्म शेल्टर बनाया गया है। यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए 12 मीटर चैड़ा फुटओवर ब्रिज बनाया गया है, इसके अलावा यात्री प्रतीक्षालय का विस्तार किया गया है दिव्यांग यात्रियों की भी सुविधा का पूरा ध्यान रखते हुए विशेष सुविधाएं प्रदान की गई है, इसमें शौचालयों के साथ साथ पार्किंग, टिकिट विंडो, रैम्प भी शामिल किए गए हैं। पहले इस रेलवे स्टेशन की स्थिति दयनीय थी, नई विकास कार्य को देखते हुए ब्रजवासियों में सरकार के प्रति उत्साह का जोश दिखाई दे रहा है। यह रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के पहले चरण में चिन्हित किया गया था इस योजना के तहत किए गए अन्य रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया गया।

दबंगों ने दलित बारातियों को पीटा, दूल्हे को बग्गी से खींचा

पुलिस की मौजूदगी में हुई फेरे और जयमाला की रस्म

मथुरा। थाना नौहझील क्षेत्र के एक गांव में बारात चढ़ने के दौरान दबंगों ने बीतीरात अनुसूचित जाति के दूल्हे को न केवल बग्गी से उतार दिया बल्कि डीजे भी बंद करा दिया। आरोप है कि दुल्हन के घर जाकर उसके परिजनों को पीटा और जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस की मौजूदगी में किसी तरह से बारात चढ़ सकी। पुलिस और भीम आर्मी के कार्यकताओं की मौजूदगी में ही फेरे और जयमाला की रस्म अदा की गई। दुल्हन के चाचा ने 3 नामजदों सहित 20-25 लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। सीओ गुंजन सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

गुरुवार सुबह गांव भूरेका निवासी पूरन सिंह ने बताया कि उनकी भतीजी की शादी अलीगढ़ स्थित थाना चंडौस के गांव नगला पदम निवासी आकाश से तय हुई थी। बारात मंगलवार 20 मई की रात भूरेका गांव पहुंची। रात लगभग साढ़े 12 बजे बारात चढ़ रही थी कि पड़ोसी गांव नावली व अलीगढ़ के गांव महाराम गढ़ी निवासी जाट बिरादरी के 3 युवक अपने 20-25 साथियों के साथ यहां पहुंच गए। उन्होंने बरात को रोक लिया और जातिसूचक गालियां देते हुए डीजे बंद करा दिया। कहा कि बग्गी पर बैठकर अनुसूचित जाति के दूल्हे की बारात नहीं चढ़ेगी। तुम्हारी इतनी मजाल कैसे हो गई कहते हुए बारातियों को गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीटा। चेतावनी दी कि दोबारा डीजे बजाया या बग्गी पर बैठकर बारात निकाली तो दूल्हे को गोली मार देंगे। पीड़ितों ने डायल 112 पर सूचना दी तो चैकी प्रभारी हसनपुर अशेष कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अपनी देखरेख में बारात निकलवाई और जयमाला व फेरे कराए। बुधवार सुबह 6 बजे पुलिस गांव से लौट गई। आरोप है कि इसके बाद लगभग 8 बजे 6 बाइकों पर सवार होकर युवक कपड़े से चेहरा ढक कर आए। एक बाइक पर तीन-तीन युवक सवार होकर आए थे। सभी के पास तमंचे, चाकू व लाठी-डंडे थे। उन्होंने दुल्हन के घर में घुसकर परिजन को गालियां दीं और मारपीट की। इसमें पूरन, मनीष कुमार, प्रहलाद, धीरज, सुरेश चंद व सूरजमुखी आदि घायल हो गए हैं। आरोप है महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी और घर के बाहर खड़ी ईको गाड़ी, बाइक, चारपाई व कुर्सियों को भी तोड़ दिया। सूचना मिलते ही भीम आर्मी के कार्यकर्ता गांव पहुंचे और परिजन को सांत्वना दी। पुलिस भी फिर से मौके पर पहुंच गई। पुलिस व भीम आर्मी के कार्यकताओं की मौजूदगी में दुल्हन को दोपहर में विदा कराया गया। पुलिस दूल्हा-दुल्हन को अलीगढ़ जिले की सीमा तक छोड़कर आई। पुलिस ने आरोपियों के घर दबिश भी दी, मगर कोई भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

मां ने बस्ती के सहयोग से की शादी

दुल्हन के पिता की मौत हो चुकी है व उसका कोई भाई भी नहीं है। मां ने मेहनत मजदूरी कर बेटी को पाला-पोसा व बस्ती के सहयोग से बेटी की शादी की। मां ने बताया कि घटना के बाद से परिवार भयभीत है और घरों के बाहर के ताले लगाकर किसी तरह से रिश्तेदार व अन्य परिजन को बचाया। रिश्तेदार भी इस आशंका में रहे कि कहीं लौटते समय दबंग उन्हें रास्ते में पीट न दें। उधर, बरात चढ़ाकर लौट रहे घोड़ा बग्गी संचालक को दबंगों ने ईखू नहर पर रोक लिया। आरोप है कि उसे पीटकर रुपये छीन लिए। हालांकि पुलिस ने रुपये छीनने की घटना से इन्कार किया है।

सिम्स हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क नवजात और बालरोग स्वास्थ्य शिविर

मथुरा। सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, सिम्स हॉस्पिटल में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए एक निःशुल्क नवजात एवं बालरोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस पीडियाट्रिक हेल्थ कैम्प में उल्टी दस्त, डायरिया, पेटदर्द, खाना ना खाना, गले में दिक्कत, कम बोलना, शारीरिक ग्रोथ ना होने की समस्या के बच्चे देखे गये। वरिष्ठ बालरोग विशेषज्ञ डॉ. रितेन गोयल ने 35 से अधिक बच्चों को निःशुल्क परामर्श दिया, इसके साथ रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी जाँचों पर 25 प्रतिशत की छूट दी गई।

इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ नवजात एवं बालरोग विशेषज्ञ डॉ. रितेन गोयल ने कहा कि इस पीडियाट्रिक हेल्थ कैम्प से लगभग 35 से अधिक मरीज लाभांवित हुये। और मैं ये कहना चाहता हूँ कि गर्मी का मौसम चल रहा है ऐसे में बच्चों के शरीर का तापमान नियंत्रण में रखना बहुत जरूरी है, पानी की कमी ना होने दें, बीच बीच में पानी पिलाते रहें। इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि हमारे लिए बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य बहुत जरूरी है, इसलिये सिम्स हॉस्पिटल में नवजात एवं बालरोग हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया है। इस शिविर में बृजवासियों ने बढ-चढ़ कर भाग लिया।

चिह्नित 446 पशुतस्कर पुलिस के निशाने पर

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र में हुईं घटनाओं के बाद पुलिस एक्शन मोड में है। 29 थानों पर 446 पशुतस्कर चिह्नित कर लिए गए हैं और कार्रवाई के लिए 10 टीमों का गठन हो चुका है। ज्ञात कि हर थाने के टॉप 10 तस्कर निशाने पर हैं। जलालपुर और चंदवक में हुई घटना के बाद सक्रिय पुलिस ने कमर कस ली है। जिले के 29 थानों पर चिह्नित 446 पशुतस्करों के खिलाफ पुलिस सख्त रवैया अपनायेगी। सभी थानों से टॉप 10 पशुतस्कर पुलिस के टारगेट पर हैं। इनकी हिस्ट्रीशीट खोलने के साथ ही इन पर कार्रवाई होगी। इसके लिए 10 टीमों का गठन किया गया है। जिले में पशु तस्करों का आतंक बढ़ गया है। हौसले इतने बुलंद हैं कि ये अब पुलिसकर्मियों को ही अपना निशाना बना रहे हैं। हाल ही में जलालपुर और चंदवक थाना क्षेत्र में हुई घटना इसका प्रमाण हैं। हालांकि पुलिस इनके हौसले तोड़ने के लिए कड़ी कार्रवाई में जुटी है। पशुतस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जौनपुर पुलिस ने 10 टीमें बनाई हैं। ये टीमें शहर और ग्रामीण क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में काम करेंगी। पुलिस के अनुसार जिले भर में कुल 446 पशु तस्कर चिह्नित किये गए हैं। इन सभी के पुराने आपराधिक इतिहास और वर्तमान में सक्रियता को देखते हुए हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी। इसके लिए सभी थानाध्यक्षों और प्रभारियों को एसपी ने निर्देश दिए हैं। जिले में पशुतस्करों ने बीते सप्ताह तीन दिन के अंतराल पर पांच पुलिसकार्मियों को निशाना बनाया। इसमें जलालापुर थाना अंतर्गत पराऊगंज चैकी इंचार्ज एसआई प्रतिमा सिंह और तीन सिपाहियों को गंभीर रूप से घायल किया। वहीं चंदवक थाने में तैनात हेड कांस्टेबल दुर्गेश सिंह की पिकअप से कुचल कर हत्या कर चंदवक में शनिवार को कांस्टेबल दुर्गेश की हत्या के बाद पुलिस ने रविवार की भोर से लेकर मंगलवार की रात तक 22 पशु तस्करों पर कार्रवाई की है। इसमें तीन पर रविवार की भोर में कार्रवाई हुई। इसमें एक की मौत हो गई और दो मुठभेड़ में घायल हुए थे। इसके बाद सोमवार की भोर में बक्शा और तेजी बाजार की संयुक्त मुठभेड़ में दो पशुतस्कर गिरफ्तार हुए। उसी दिन जलालपुर पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया। सोमवार को ही शाहगंज पुलिस ने भी 14 पशु तस्करों का चालान किया। मंगलवार को शाहगंज में एक और सिरकोनी में एक गिरफ्तार किया गया। वहीं एक फरार हो गया। एसपी डॉ. कौस्तुभ, ने कहा है कि पशुतस्कारों की खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शादी अनुदान के लिए पात्रों को अधिक से अधिक किया जाये लाभान्वित : डीएम

- पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान स्वीकृति समिति की डीएम ने की बैठक

सोनभद्र। डीएम बीएन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान स्वीकृति समिति की बैठक की गयी, बैठक के दौरान डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान हेतु जो भी आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उन आवेदन पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित एसडीएम, बीडीओ निर्धारित समय अवधि में सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जायें, उन्होंने कहा पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान हेतु जो भी पात्र लाभार्थी हों अधिक से अधिक संख्या आवेदन कराना सुनिश्चित किया जाये। पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान के लिए वेबसाइट shadianudan-upsdc-gov-inपर शादी की तिथि के 90 दिन पूर्व व 90 दिन बाद तक आनलाईन आवेदन कर सकते हैं, आवेदक तथा उसकी पुत्री का आधार द्वारा ई-के0वाई0सी0 किया जाता है, फाईनल रूप से सबमिट आवेदन के प्रिन्ट आउट के साथ आवेदक का आय, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाते का विवरण, वर वकन्या का आय प्रमाण-पत्र, शादी का कार्ड संलग्न कर सम्बन्धित विकास खण्ड तहसील में जमा करना आवश्यक होता है, ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदनों का सत्यापन बीडीओ के स्तर से एवं शहरी क्षेत्र के आवेदनों का सत्यापन एसडीएम के स्तर से किया जाता है,

शादी अनुदान के अन्तर्गत 20 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाती है, एक परिवार में अधिकतम 2 पुत्रियों को शादी हेतु वित्तीय सहायता अनुमन्य होती है, इस अनुदान हेतु व्यक्ति को उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए तथा आवेदक की वार्षिक आय 1 लाख रुपए से अधिक न हो, शादी की तिथि से पुत्री की आयु 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो, साथ ही आवेदक का मो. नम्बर आधार कार्ड से लिंक हो, इस योजना में दिव्याग निराश्रित, दैवीय आपदा से ग्रसित भूमिहीनों को प्राथमिकमा प्रदान की जाती है, लाभार्थी को ई-कुबेर प्रणाली के माध्यम से धनराशि प्रेषित की जाती है।

गोवर्धन तहसील प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

- मुख्य अतिथि डीपीआरओ का पत्रकारों ने किया भव्य स्वागत

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। गोवर्धन तहसील प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी गुरुवार को होटल गोविंद रेजीडेंसी में घोषित हुई। यहां मुख्य अतिथि जिला पंचायतराज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने पत्रकारिता की प्रशंसा कर इसे दुरूह सामाजिक कार्य एवं स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी बताया। यहां उनका क्लब के अध्यक्ष पं. श्याम जोशी एवं महासचिव राम पंडित ने माला दुपट्टा उढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम अध्यक्ष वनबिहारी भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये जिसमें पत्रकारों की एकजुटता पर बल देते हुए दौर को लेकर चर्चा की गई. उन्होंने कहा पत्रकारता का भविष्य गर्त में चला जाएगा। सबको एक साथ मिलकर कार्य करना होगा तभी पत्रकारों के हितों की रक्षा हो सकती है। आपसी मतभेदों को बुलाकर एक दूसरे की टांग खींचना बंद करना होगा. अन्यथा आपसी मतभेदों का लाभ भ्रष्ट अधिकारी उठाते रहेंगे. सम्मान समारोह में गोवर्धन, राधाकुंड जतीपुरा अड़ींग नंदगांव, बरसाना साहर आदि क्षेत्रों के पत्रकारों ने सहभागिता की।

कार्यकारिणी में संरक्षक गिरधारी लाल श्रोत्रिय, सुभाष चन्द्र अग्रवाल, उमेश तिवारी, सलाहकार मनीष लम्बरदार, हरेकृष्ण कुम्हेरिया, योगेन्द्र छौंकर, सौरभ शर्मा, संयोजक राकेश श्रोत्रिय, हरिओम चैधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर नारायण शर्मा, उपाध्यक्ष खन्ना सैंनी, अनिल अग्रवाल, यतेन्द्र तिवारी, सुमित श्रोत्रिय, सचिव राघव श्रोत्रिय, भूपेन्द्र चौधरी, सतेन्द्र यादव, मनोज शर्मा, कृष्ण दयाल गौड़, कोषाध्यक्ष डॉ. कमल सिंह यदुवंशी, संगठन मंत्री दीपक शर्मा, कृष्णगोपाल दुवे, दीनदयाल शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार, अनुशासन अधिकारी बृजविहारी कौशिक, गौरव कौशिक, उत्तम शर्मा, मोहित गोस्वामी, प्रवक्ता नरेश उपाध्याय, राजन सिंह, भारत उपाध्याय, जगदीश गोकुलिया, मीडिया प्रभारी अमित गोस्वामी और नरेश ठाकुर, तेजपाल सिंह, एजेण्डा प्रभारी कोमल चौधरी, दाऊदयाल शर्मा, हीरालाल, मुकेश जोगी और विवेक अग्रवाल, विक्की भैया, सदस्य राजू ठाकुर, जीतेन्द्र पांचाल, महेश गौड, ऋषभ कौशक, अशोक यादव, नितिन गुप्ता, रवि वर्मा, ओमप्रकाश लवानिया और पवन पाठक, राजेश लवानियां, हरवीर चौधरी, राधाबल्लभ पुरोहित को बनाया है।

राया और जमुनापार थाना का एसएसपी ने किया निरीक्षण

मथुरा। एसएसपी श्लोक कुमार ने थाना जमुनापार और राया थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। एसएसपी के अचानक पहुंचने से पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के बाद उन्होंने कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसएसपी सबसे पहले थाना जमुना पर पहुंचे। वहां थाना प्रभारी से जानकारी लेकर निरीक्षण किया। लक्ष्मी नगर क्षेत्र में पैदल गश्त के दौरान लोगों से संवाद किया। राया थाने के निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेख महिला हेल्पडेस्क मलखाना हवालात मेस बेरक और विवेचना कक्षा का जायजा लिया। उन्होंने थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी ने शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा- उन्होंने चेतावनी दी कि पुलिस कर्मियों और थाना प्रभारी की लापरवाही पर कार्यवाही होगी।

विप्रा की टीम ने बिना मानचित्र स्वीकृत दो मंजिला भवन को किया सील

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। अवैध निर्माण पर विप्रा के सचिव अरविन्द कुमार द्विवेदी गंभीर नजर आ रहे है। प्रतिदिन मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की कार्यवाही तेज चल रही है। आज विप्रा की टीम ने दो मंजिला भवन पर सीलिंग की कार्रवाई की है। गुरुवार को वृंदावन गेट पुलिस चैकी के समीप लाल दरवाजा वाटी वाली गली कुंज पर दो मंजिला भवन भूतल पर हाल प्रथम तल पर कमरे बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण करने की शिकायत मिलने पर सहायक अभियंता अशोक चैधरी अवर अभियंता अनिल सिंघल के नेतृत्व में मौके पर पहुंच गई। इस संबंध में प्राधिकरण ने मालिक हेमेंद्र गर्ग एवं नीरज गर्ग को पूर्व में नोटिस भी जारी किया था। गोविन्द नगर थाना पुलिस की मौजूदगी में समूचे परिसर को सील कर दिया। प्राधिकरण सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी का कहना है कि अवैध निर्माण किसी भी हाल में नहीं होने दिया जायेगा। आम नागरिकों से अपील है कि बिना नक्शा पास कराये निर्माण न करें।

भारत की सांस्कृतिक एकता की आधारशिला हैं अहिल्या बाई

फिरोजाबाद। भाजपा द्वारा जिला भाजपा कार्यालय पर भारत की महान वीरांगना त्याग व न्याय की प्रतिमूर्ति एवं पुण्यश्लोक लोकमाता रानी अहिल्या बाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान-2025 के निमित्त आयोजित जिला संगोष्ठी जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिला संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अंजुला सिंह माहौर विधायक हाथरस व प्रदेश मंत्री भाजपा ने कहा कि ऐसी नारी शक्ति जिन्होंने मातृत्व नेतृत्व और धर्मसत्ता तीनों का संतुलन साधकर भारतीय इतिहास में अपनी अमिट छाप छोड़ी। वे राजसिंहासन पर नहीं, जनमानस के हृदय में विराजमान थीं। काशी से केदारनाथ तक, सोमनाथ से रामेश्वरम् तक जहाँ श्रद्धा रुकी वहाँ अहिल्याबाई पहुँचीं। उनका शासन न्याय का प्रतीक और उनका जीवन सेवा का व्रत था। वे भारत की सांस्कृतिक एकता की आधारशिला हैं। आज भी हर युग उन्हें स्मरण कर लोकसेवा की प्रेरणा पाता है। न्याय, त्याग, सुशासन और जनसेवा की प्रतीक अहिल्या बाई का चरित्र प्रकाशपुंज की तरह आने वाली कई पीढ़ियों को प्रकाशित करता रहेगा। उनके जीवन की सबसे बड़ी सीख यही है कि परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन हों, अगर संकल्प अडिग है तो विजय निश्चित है। असफलताओं से सीखना, हर क्षण ज्ञान अर्जित करना और समाज में बदलाव की पहल करना उनकी ये शिक्षाएँ आज भी महिलाओं को आत्मनिर्भरता और नेतृत्व की ओर प्रेरित करती हैं। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा अहिल्याबाई ने केदारनाथ से रामेश्वरम और द्वारका से गया तक सांस्कृतिक विरासतों का पुनरोद्धार व लोकसेवा के समानांतर कार्य किये। अनेक तीर्थों, घाटों व सड़कों का निर्माण व जीर्णोद्धार करने वाली महारानी ने युद्ध के मैदान में मुगल आक्रांताओं के दाँत भी खट्टे किये। लोकमाता का जीवन नारी सशक्तीकरण सुशासन व सेवा के पथ पर दिशा दिखाता रहेगा, मालवा राज्य की महारानी व काशी विश्वनाथ का जीर्णोद्धार जैसे अपने धार्मिक योगदानों, महिला सशक्तिकरण व जनहितकारी कार्यों के कारण देवी समान पूजे जानी वाली लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का भारत के इतिहास में अविस्मरणीय योगदान सदैव आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम में हनुमंत सिंह बघेल, हरीश घनगर जिपं सदस्य महावीर सिंह बघेल पूर्व ब्लाक प्रमुख, योगेंद्र सिंह घनगर आदि ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक सतीश बघेल ब्लाक प्रमुख टूण्डला डॉ अमित गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, अजय बघेल प्रधान महावीर बघेल, ओमेन्द्र बघेल बन्टू बघेल रेनु उपाध्याय नीलम दिवाकर निहारिका वर्मा प्रधान गीता दिवाकर चेयरमैन मक्खनपुर, मुन्नी देवी अवनीश गुप्ता राघवेंद्र सिंह संदीप पाल वीरेंद्र प्रताप सिंह सचिन जैन, दिनेश गुप्ता निर्दोष कुमार बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु व प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

सिंचाई विभाग संघर्ष समिति ने किया विरोध प्रदर्शन

फिरोजाबाद। नलकूप खंड कार्यालय फिरोजाबाद नलकूप कॉलौनी आसफाबाद फिरोजाबाद के सभी सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी काला फीता बांधकर शासन द्वारा 14-05-2025 को दिए गये शासनादेश का विरोध जताया। साथ ही सिंचाई विभाग के अन्य कार्यालयों शिकोहाबाद जसराना, सिरसागंज व टूंडला सहित सभी कायिलयों में विरोध प्रकट किया गया। राज्य कर्मचारी संगठन परिषद जिलाध्यक्ष प्रमोद कमार शर्मा ने कहा कि सरकर दारा सिंचाई विभाग के 17 संवर्ग समात करके सरकार ने बेरोजगारी को बढ़ावा दिया है। सिंचाई कीं जनसुविधा तथा गरीबकसान के बेटों की नौकरी छीनने का काम किया है, जबकि एक तरफ सरकार का कहना है, कि भारत आर्थिक स्थिति में काफी मजबूत है। लिकन इसके बाद भी सरकार बेरोजगारी को बढावा देती जा रही है तथा राम शंकर प्रधान सहायक ने अपने वंक्तव्य में कहा कि सरकर ने 17 संवर्ग को वापस नहीं लिया तो मिनिस्ट्रीयल ऐशोसिएशन इसका पुरजोर विरोध करेगी। इसके लिए सरकार से हम पूरी तरह से लड़ाई लडने के लिए तैयार हैं। लिपिक संबर्ग के मंडल अध्यक्ष अजय कुमार भदौरिया ने कहा कि सरकार को सिंचाई सुरक्षा स्वास्थ्य पर आय-व्यय का ध्यान नहीं देना चाहिये। बल्कि देश की मजबूती इनके द्वारा है। इन्हें तो सरकारो को और ज्यादा अधिक मजबूत करना चाहिये। लेकिन एनजीओ और ठेकेदारी प्रथा में कार्य कराकर सरकार देश को गर्त में ले जाने का कार्य कर रही है, जो कर्मचारी संवर्ग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। विरोध प्रकट करते समय सैकड़ों कर्मचारियों ने अपने-अपने अलग-अलग वक्तव्य दिये। विरोध प्रदर्शन के दौरान दिनेश कुमार सहायक अभियन्ता अरविन्द कुमार, प्रधान सहायक, रामशंकर प्रधान सहायक राजपाल सिंह, वरिष्ठ सहायक उदयभान सिंह, वरिष्ठ सहायक ओम प्रकाश उपाध्याय वरिष्ठ सहायक विशेष कुमार, कनिष्ठ सहायक, संजेश कुमार, मुंशी सुमन कुमारी कनिष्ठ सहायक उजागर सिंह मेट नरेन्द्र कुमार मेट सुनील कुमार पवन वाटर सप्लाई ऑपरेटर, कार्तिकिय हेल्पर धर्वेन्द्र कुमार नलकूप चालक भंवर सिंह, सींचपर्यवेक्षक कमल किशोर, सींचपर्यवेक्षक नीरज शर्मा, सींचपर्यवेक्षक श्रीनिवास सींचपर्यवेक्षक, सुनील कुमार टैगोर नलकूप चालक आदि लोग उपस्थित रहे।

डीएम की स्क्रैचिंग तस्वीर से ही 12वीं की खूश्बू ने किया उनका अभिनन्दन

आजमगढ़। आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अरविन्द मोदनवाल के नेतृत्व में डीएम से मुलाकात किया और इस मौके पर कलाकार खुशूब मोदनवाल ने माउण्ट एवरेस्ट फतह करने वाले जिलाधिकारी की उकेरी गई पेंसिल स्क्रैच छवि को उन्हें प्रदान कर उनका अभिनन्दन करते हुए अपने कला से रूबरू कराया। 12वीं की छात्रा खूशबू के हाथों से बनी तस्वीर की उन्होंने सराहना किया। इसके बाद आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति, आजमगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को एक पत्र सौंपा गया। जिसमे बताया कि विजयादशमी पर्व के मौके पर आजमगढ़ नगर में प्रमुख रूप से हथिया और सिधारी तट के आस-पास वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जाता है और हर बार स्थायी विसर्जन स्थल बनाने की वादा किया जाता हैं इस पर महासमिति ने हर हाल में स्थायी विसर्जन स्थल बनाने का अनुरोध किया। इतना हीं नहीं महासमिति ने यह भी मांग किया कि गौरीशंकर घाट के सामने स्थित हथिया की ओर भी पक्के तट का नवनिर्माण कराने को लेकर आवाज उठाई व आजमगढ़ शहर में सभी तमसा पुलों के ऊपर सुरक्षा और प्रदूषण के लिहाज से जाली लगवाकर सुरक्षित करने की मांग किया। इस दौरान अरविन्द मोदनवाल ने कहाकि जिलाधिकारी पूरे आजमगढ़ वासियों के अभिभावक है और उनसे मिलकर पूजा महासमिति ने अपने समस्याओं से अवगत कराया है, उन्होंने आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में विकास वर्मा युवा सरार्फा अध्यक्ष, गोलू मिश्रा, नन्हे पंडित, सुधीर गुप्ता, ऋषि गुप्ता, लिली मौर्या, विशाल गुप्ता, हरिओम मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

अंगुली पकड़ के ले आया मुझे, खाटू नगरी घुमाया मुझे : संजीव शर्मा

सोनभद्र। शरणागत श्री श्याम महोत्सव में उमड़ी जन सैलाब सप्तम श्री श्याम महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ होटल अरिहंत के प्रांगण में संगीत मय कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगर में सप्तम श्री श्याम महोत्सव शरणागतम बुधवार की देर शाम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। इसके साथ ही विशेष रूप से बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही खाटू श्याम बाबा को छप्पन भोग लगाए गए। श्री श्याम भक्त मंडल जिसमें श्याम बाबा के लाडले खाटूश्यामजी के श्याम सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा, राबर्ट्सगंज से भजन गायक संजीव शर्मा ने भक्तों को भजन सुनाए जिसमें अंगुली पकड़ के ले आया मुझे, खाटू नगरी घुमाया मुझे, श्याम ओ मेरे श्याम मैं तेरा लाडला..., हारे हारे हारे हारे के सहारे, बैठा जो खाटू में उस से कहना है, श्याम मेरे श्याम श्याम मेरे श्याम... व अन्य भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। वही, रायपुर छत्तीसगढ़ से रेशमी शर्मा, कोलकाता से सौरभ शर्मा, संजू शर्मा, दिल्ली से शीतल पाण्डेय, आदि कोलकाता, खाटू धाम, राबर्ट्सगंज से आए भजन प्रवाहक पूरी रात बाबा रिझाए। श्याम का ज्योत के लिए भक्तों की अपार भीड़ लगी रही। आयोजक पुनीत जैन, पवन कुमार जैन, रवि केजरीवाल, परमेश जैन, अशोक मिश्रा, डॉ रोहित केडिया, संजय अग्रवाल उर्फ शैलू, अमित जैन, दुर्गा परशुराम पुरिया, मनोज परशुराम पुरिया ने कार्यक्रम को लेकर आयोजक का सहयोग किया। दरबार में बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने लंबी लाइन में लगकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वहीं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर बैठक

मथुरा। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने ईद-उल-जुहा (बकरीद) त्यौहार की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि विद्युत विभाग निरंतर विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करे। खम्बों पर प्लास्टिक कवर लगाये तथा ट्रान्सफार्मर की बैरीकैटिंग कराना सुनिश्चित करें। नगर निगम सभी स्ट्रीट लाईटों को सुचारू रखें तथा सफाई हेतु कर्मचारियों की रोस्टर बनाकर डयूटी लगायें। श्री सिंह ने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि त्यौहार के एक दिन पूर्व से ही पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। प्रमुख स्थानों पर टैंकरों की व्यवस्था करें। लोनिवि के अधिकारियों से कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत तथा गढ़ढामुक्त किया जाये। नगर निगम, नगर पंचायत, नगर पालिका तथा ग्राम पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मस्जिदों के आस-पास सफाई करें, समय से सैनेटाईजेशन, छिड़काव आदि किया जाये। क्षेत्रों में नालियों की सफाई करायें तथा जलभराव की समस्या का निस्तारण सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी एक दिन पूर्व अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करें तथा सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। नगर निगम को निर्देश दिये कि आवारा पशुओं को पर्व से पूर्व में ही पकड़ लिया जाये। आवश्यकतानुसार बैरीकेडिंग आदि लगाना सुनिश्चित करें। यातायात व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त फोर्स लगाई जाए और यातायात को व्यवस्थित करते हुए पहले से ही रूट प्लान बना लिया जाए, नए रूट का अधिकाधिक प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे किसी को कोई असुविधा न हो।

संक्षेप

ऑल-न्यू ऑल्ट्रोज लॉन्च

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज ऑल-न्यू ऑल्ट्रोज को 6.89 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर लॉन्च करने की घोषणा की। अपने आकर्षक डिजाइन, शानदार इंटीरियर और एडवांस्ड फीचर्स के साथ, यह कार प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है। ऑल-न्यू ऑल्ट्रोज प्रीमियम डिजाइन, बेजोड़ सुरक्षा, आधुनिक तकनीक और रोमांचक प्रदर्शन पर आधारित है।

रोडसाइड असिस्टेंस कवरेज ऐड-ऑन की लोकप्रियता बढ़ी

वाराणसी। किसी भी वाहन चालक के लिए वाहन को चलाते समय सुरक्षा और आराम उनकी पहली प्राथमिकता होती है। रोडसाइड असिस्टेंस कवरेज ऐड-ऑन, किसी भी टू-व्हीलर या कार की इंश्योरेंस पॉलिसी के साथ लेना महत्वपूर्ण है। रोडसाइड असिस्टेंस कवरेज ऐड-ऑन पूरे देश में वाहन मालिकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह इमरजेंसी के दौरान तुरंत सहायता प्रदान करता है, जिसमें समय पर मरम्मत, टोइंग, इमरजेंसी की स्थिति में फ्यूल की डिलीवरी कराना या फ्लैट टायर होने पर मिलने वाली मदद शामिल हो सकती है। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अधिकारी ने बताया सुपर और क्रूजर बाइक के मालिकों सहित सीसी मोटरसाइकिल मालिकों ने भी कॉम्प्रिहेंसिव आरएसए पैकेज चुनने की ओर अधिक प्राथमिकता दिखाई है। जैसे-जैसे उपभोक्ता अधिक शिक्षित होते जा रहे हैं, वे न केवल किफायती आरएसए विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

बायोटेक्नोलॉजी और जीन एडिटिंग से टिकाऊ खेती को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर जोर देते हुए, टेक्नोलॉजी को कृषि विकास का मुख्य इंजन बताया गया। अचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयमें हुए राज्यस्तरीय वर्कशॉप फसल सुधार के लिए बायोटेक्नोलॉजी का उपयोग में डॉ. के. वी. राजू ने कहा कि अब समय है जब विज्ञान और टेक्नोलॉजी के सहारे हम कृषि में अगली क्रांति लाएं। डॉ. राजू ने कहा कि पिछले आठ सालों में उत्तर प्रदेश ने कृषि में जबरदस्त तरक्की की है। राज्य की जीडीपी अब करीब 30 लाख करोड़ तक पहुँच गई है, और यह 14% की दर से बढ़ रही है। इसमें कृषि एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। लेकिन चावल और गेहूं जैसी फसलों की उत्पादकता में रुकावट चिंता का विषय है। अब पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर को मिलकर वैज्ञानिक समाधान देने होंगे।

राणा नायडू सीजन 2 का प्रीमियर 13 जून को

नई दिल्ली। हैदराबाद के मशहूर प्रसाद सिनेमा में आज एक खास सेलेब्रेशन देखने को मिला, जहां फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके की मेजबानी की सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने, जिनके साथ मौजूद थे वर्सेटाइल और डायनैमिक अभिनेता अर्जुन रामपाल। ये इवेंट नेटफ्लिक्स की जबरदस्त सीरीज राणा नायडू के दूसरे सीजन की वापसी का सेलेब्रेशन था। दोनों सितारों ने बड़े ही शानदार अंदाज में ग्रैंड एंट्री ली और राणा नायडू सीजन 2 का एक विशाल पोस्टर अनावरण किया, जिससे आने वाले धमाके की झलक मिल गई। राणा नायडू सीजन 2 का प्रीमियर 13 जून को नेटफ्लिक्स पर राणा नायडू सीजन 2 में दमदार स्टारकास्ट है – राणा दग्गुबाती, वेंकटेश दग्गुबाती, अर्जुन रामपाल, सुरवीन चावला, क्रिती खरबंदा, सुशांत सिंह, अभिषेक बनर्जी और डिनो मोरिया।

ओंकार ने जीता द मनीमेकर टूर्नामेंट

नईदिल्ली। उत्तरप्रदेश के चंदौली जिले से ताल्लुक रखने वाले 30 वर्षीय सॉफ्टवेयर डेवलपर ओंकार नाथ ने मानसिक खेलों के प्रति अपनी गहरी रुचि को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने पोकरबाजी के प्रतिष्ठित द मनीमेकर टूर्नामेंट में शानदार जीत दर्ज कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना ली है। 1000 से अधिक प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए, ओंकार ने अपना पहला मार्की खिताब जीता और अपने करियर की अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि 15 लाख रुपये हासिल की।

जेनएस लाइफ का नया गान कहानी अभी बाकी है रिलीज

मुंबई। 60 साल के बाद के जीवन के लिए समर्पित उद्देश्य पर केंद्रित जेनएस लाईफ ने अपना नया गान, कहानी अभी बाकी है रिलीज किया है। यह गीत विभिन्न पीढ़ियों के बीच गुंजायमान हो रहा है। यह केवल एक गीत नहीं है, बल्कि यह महान कलाकार ऊषा उथुप की आवाज में भावनाओं को जगाते हुए उन लोगों की कहानियों को गौरवान्वित कर रहा है, जिनकी ऊर्जा और व्यक्तित्व उम्र के मायने बदल रहे हैं।

सेंसेक्स में 645 अंकों की गिरावट



मुंबई। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों से पैदा हुए बिकवाली के दबाव में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार खासी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 645 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 204 अंकों की गिरावट रही।

विश्लेषकों के मुताबिक, बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और अमेरिका में ऋण चिंताओं का असर भारतीय बाजारों पर देखा गया। खासकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), तेल और दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली हावी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,951.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,106.71 अंक गिरकर 80,489.92 के स्तर तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 203.75 अंक यानी 0.82 प्रतिशत गिरकर 24,609.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से 27 नुकसान में रहीं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका में प्रस्तावित बजट विधेयक से राष्ट्रीय ऋण में खासी बढ़ोतरी होने और बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने की आशंका हावी होने से मानक सूचकांकों में गिरावट देखी गई। एक प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा अमेरिकी ऋण परिदृश्य को घटाने से भी एशियाई बाजारों में व्यापक रूप से बिकवाली हुई। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल पांच प्रतिशत के ऊपर पहुंच गया जबकि जापानी बॉन्ड प्रतिफल बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गया। इस वजह से अधिक जोखिम वाली परिसंपत्तियों और भारत जैसे उभरते बाजारों में बिकवाली का दबाव देखा गया। बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से वैश्विक बाजारों की तर्ज पर घरेलू निवेशकों ने कम जोखिम वाली परिसंपत्तियों का रुख किया और बड़ी बिकवाली देखी गई। मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.33 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक 0.17 प्रतिशत चढ़ गया।

सोना 200 रुपये मजबूत, चांदी 2,040 रुपये चढ़कर एक लाख रुपये के पार

नयी दिल्ली। आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की मांग बढ़ने के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 98,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

बृहस्पतिवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वहीं, स्थानीय बाजारों में चांदी की कीमतें बृहस्पतिवार को 2,040 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के महत्वपूर्ण स्तर को पार कर 101,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गईं। एसोसिएशन ने कहा कि मजबूत वैश्विक रुझानों और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने भी स्थानीय कीमतों का समर्थन किया। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, आर्थिक स्थिरता को लेकर नई चिंताओं के बाद डॉलर के दबाव में रहने से सोने की कीमतों में तेजी जारी रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 0.50 प्रतिशत गिरकर 3,298.69 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर रहा। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में तीव्र गिरावट और अमेरिकी ऋण को लेकर नई चिंताओं के कारण सोने की कीमतों में सकारात्मक कारोबार हुआ। कमजोर डॉलर और चल रही वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने सुरक्षित-संपत्ति के रूप में सोने में निवेशकों की रुचि को बनाए रखा है। अमेरिका और चीन के बीच नए तनाव के बीच सुरक्षित-संपत्ति की मांग के कारण बृहस्पतिवार को सोने में बढ़त जारी रही। इससे जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों के लिए निवेशकों की रुचि कम हुई और सुरक्षित-संपत्ति की मांग में वृद्धि हुई।

फिच ने भारत की वृद्धि क्षमता को बढ़ाकर किया 6.4 प्रतिशत

नयी दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने 2028 तक भारत की औसत वार्षिक वृद्धि क्षमता का अनुमान बढ़ाकर बृहस्पतिवार को 6.4 प्रतिशत कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने नवंबर 2023 में इसके 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

फिच ने पांच साल के संभावित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमानों को अद्यतन करते हुए कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023 की रिपोर्ट के समय की हमारी अपेक्षा से अधिक मजबूती से वापसी की है। इससे वैश्विक महामारी के झटकों के कम प्रतिकूल प्रभाव के संकेत मिलते हैं। अपने अद्यतन पूर्वानुमान में फिच ने 2023-2028 के लिए भारत की औसत वृद्धि दर का अनुमान 6.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। इसमें कहा गया, फिच रेटिंग्स ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (जीईओ) में शामिल 10 उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए अगले पांच वर्षों के लिए अपने मध्यम अवधि संभावित जीडीपी अनुमानों को थोड़ा कम कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया, हमारा नया अनुमान जीडीपी भारित आधार पर 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जो नवंबर 2023 के हमारे पिछले आकलन चार प्रतिशत से कम है।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 37 पैसे टूटा

मुंबई। आयातकों एवं विदेशी बैंकों की डॉलर की लगातार बढ़ती मांग के बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 37 पैसे टूटकर 85.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी बॉन्ड पर बढ़ता प्रतिफल वैश्विक निवेशकों को परेशान कर रहा है। इसके अलावा, भारत और अमेरिका के बीच घटते प्रतिफल के अंतर के कारण भारतीय परिसंपत्तियां कम आकर्षक हो रही हैं। वहीं पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने निवेशकों की धारणा को और भी प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 85.59 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 85.58

के उच्च और 86.11 के निम्न स्तर को छुआ। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 37 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 85.59 पर बंद हुआ था। पिछले तीन सत्र में रुपया 54 पैसे टूटा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि आयातकों की डॉलर मांग के बीच भारतीय रुपये में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई है...जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के साथ-साथ जापानी येन से जुड़े कैरी ट्रेड ने भी घरेलू रुपये पर दबाव डाला। कैरी ट्रेड विदेशी मुद्रा विनिमय से जुड़ी रणनीति है। इसके तहत मुनाफा कमाने के लिए विभिन्न मुद्राओं के बीच ब्याज दर के अंतर का लाभ उठाया जाता है। इसमें कम ब्याज दर वाली मुद्रा में पैसा उधार लेकर उच्च ब्याज दर वाली मुद्रा में निवेश किया जाता है, जिसका उद्देश्य ब्याज दर के अंतर से लाभ कमाना है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.80 पर रहा।

ओएनजीसी के जनवरी-मार्च तिमाही के शुद्ध लाभ में 35 प्रतिशत की गिरावट

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के जनवरी-मार्च तिमाही के शुद्ध लाभ में 35 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है।

कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 6,448 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2023-24 की इसी तिमाही में यह 9,869 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी को कच्चे तेल के उत्पादन और पेट्रोल व डीजल प्रसंस्करण के लिए रिफाइनरियों को बिक्री के लिए प्रति बैरल 73.72 डॉलर की कीमत प्राप्त हुई, जो एक वर्ष पूर्व के 80.81 डॉलर प्रति बैरल से कम है। इस दौरान राजस्व एक प्रतिशत बढ़कर 34,982 करोड़ रुपये हो गया। ओएनजीसी ने इस तिमाही में 47 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन किया, जो जनवरी-मार्च 2024 के 47.14 लाख टन से थोड़ा कम है। प्राकृतिक गैस का उत्पादन (जिसका उपयोग बिजली बनाने, उर्वरक बनाने और सीएनजी में बदलने के साथ-साथ रसोई में खाना पकाने के लिए किया जाता है) चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 4.951 अरब क्यूबिक मीटर से घटकर 4.893 अरब क्यूबिक मीटर हो गया। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में ओएनजीसी का शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत घटकर 35,610 करोड़ रुपये रहा।

तेल मांग में चीन को पछाड़ देगा भारत

नयी दिल्ली। पिछले दशक में वैश्विक तेल मांग में वृद्धि को गति देने का काम भले ही चीन ने किया था लेकिन अगले दशक में भारत यह भूमिका निभाएगा।

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। चीन दुनिया में दूसरे नंबर का तेल उपभोक्ता है जबकि भारत तीसरे स्थान पर है। लेकिन दोनों देशों की मांग वृद्धि में उल्लेखनीय अंतर है। मूडीज रेटिंग्स ने कहा, "भारत में मांग की वृद्धि और आयात पर निर्भरता अधिक होगी। अगले दशक में भारत में मांग चीन की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ेगी, क्योंकि चीन की आर्थिक वृद्धि सुस्त हो रही है और नए ऊर्जा वाहनों का प्रवेश तेज हो रहा है। चीन में कच्चे तेल की खपत अगले तीन से पांच वर्षों में चरम पर होगी, जबकि भारत में मूडीज को इसी अवधि में तीन-पांच प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि दोनों देश तेल और गैस आयात पर बहुत अधिक निर्भर हैं लेकिन मांग में सुस्त वृद्धि और घरेलू उत्पादन बढ़ने से चीन की तेल आयात पर निर्भरता कम होने का अनुमान है। मूडीज ने कहा कि यदि भारत कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन में गिरावट को नहीं रोक पाता है।

आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण की घोषणा

नई दिल्ली। इन्फोसिस की परोपकारी कार्य करने वाली और सीएसआर इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन ने अपने आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण को लॉन्च करने का एलान किया है। भारत में सोशल इनोवेशन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इन्फोसिस फाउंडेशन ने इस अवार्ड में हिस्सा लेने के लिए देशभर से इनोवेटर्स एवं सामाजिक उद्यमियों को आमंत्रित किया है। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड 2025 का उद्देश्य व्यक्तिगत स्तर पर ऐसे लोगों को, टीमों को, एनजीओ को और सामाजिक उद्यमियों को चिह्नित एवं पुरस्कृत करना है, जो टेक्नोलॉजी आधारित ऐसे अनूठे समाधान विकसित कर रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर देश के वंचित समुदायों पर उल्लेखनीय प्रभाव डालने में सक्षम हैं।

प्रमुख खाद्य फसलों की मंडी में औसत कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम

मुंबई। खरीफ और रबी फसलों की भारी पैदावार से गेहूं को छोड़कर प्रमुख खाद्य फसलों की मंडी में औसत कीमत, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा बुलेटिन के अनुसार, मई माह के अब तक (19 मई तक) खाद्य मूल्य आंकड़ों से अनाज और दालों दोनों की कीमतों में व्यापक आधार पर नरमी दिखी है। केंद्र

सरकार 23 फसलों (14 खरीफ, सात रबी और दो वाणिज्यिक फसलों) के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करती है। हालांकि, यह खाद्य सुरक्षा के उद्देश्य से राशन दुकानों से वितरण के लिए कुछ वस्तुओं, खासकर गेहूं और चावल की खरीद करती है। आरबीआई के मई बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर प्रकाशित लेख में कहा गया कि दूसरी ओर, सोयाबीन, सूरजमुखी और सरसों तेल के दाम में बढ़ोतरी के कारण खाद्य तेल की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही। हालांकि, पाम और मूंगफली तेल की कीमतों में नरमी आई। प्रमुख सब्जियों में प्याज की कीमतों में और सुधार हुआ जबकि आलू तथा टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई।

टेक्नो 29 मई को कर रहा है पोवा कर्व 5जी का लॉन्च

लखनऊ। टेकप्रेमियों और डिजिटल नेटिव्स का दिल जीतने वाली टेक्नो की डायनामिक सीरीज, पोवा का अगला स्मार्टफोन एक बार फिर मानकों को और अधिक बढ़ाने वाला है। स्पेस की थीम वाले टीजर्स पेश करके काफी उत्सुकता जगाने के बाद टेक्नो 29 मई, 2025 को पोवा कर्व 5जी पेश करना वाला है, जो स्मार्टफोन की क्षमताओं और मानकों को बदल देगा। पोवा ने कभी भीड़ का अनुसरण नहीं किया और पोवा कर्व 5जी ने यह बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। स्पेस की थीम वाले टीजर्स से काफी उत्सुकता पैदा करने के बाद टेक्नो एक ऐसा डिजाईन पेश कर रहा है, जो सबसे खास है। स्टारशिप्स के प्रारूप और कर्व्ड डिस्प्ले से प्रेरित पोवा कर्व 5जी फ्यूचरिस्टिक फ्रेम में खूबसूरती और व्यवहारिक आराम का बेहतरीन मिश्रण पेश कर रहा है। पोवा सीरीज की विरासत पर निर्मित पोवा कर्व 5जी ने एक फ्यूचरिस्टिक बैक पैनल डिजाईन पेश किया है, जिसने इस श्रेणी में स्मार्टफोन के लुक और एहसास को बदल दिया है। स्टारशिप्स के एयरोडायनामिक डिजाईन से प्रेरित यह बैक पैनल एक स्लिम, कर्व्ड फ्रेम में है, जो कम्फर्ट और स्टाईल, दोनों के लिए बना है।

फ्लिपकार्ट ने कृषि विभाग के साथ किया गठजोड़

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के साथ मिलकर अपनी फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि पहल के तहत वाराणसी, उत्तर प्रदेश में एफपीओ के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। आयोजन का उद्देश्य किसान उत्पादक संगठनों को क्वालिटी स्टैंडर्ड, सोर्सिंग प्रोसेस और डिजिटल इंटीग्रेशन से जुड़ी इनसाइट्स के माध्यम से सशक्त करना था, जिससे सतत कारोबारी विकास एवं राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच को सुगम बनाया जा सके। फ्लिपकार्ट में हमारा मानना है कि ग्रामीण कृषि व्यवसायों को डिजिटल कॉमर्स से जोड़ने से समावेशी एवं सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

पेज एक का शेष

यूपी एटीएस

शुरू की तो पता चला कि तुफैल निवासी पाकिस्तान के कई लोगो के संपर्क में है। तुफैल पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो व्हाट्सएप ग्रुप मे शेयर करने के साथ 'गजवा ए हिन्द' करने, बाबरी मस्जिद का बदला लेने और भारत मे शरीयत लागू करने सम्बन्धी संदेश साझा करता था।एटीएस नें बताया कि तुफैल ने भारत के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानो जैसे राजघाट, नमोघाट, ज्ञानवापी, रेलवे स्टेशन, जामा मस्जिद, लाल किला, निजामुद्दीन औलिया, इत्यादि के चित्र और उनसे जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी नम्बरों पर शेयर की थी।

राहत कार्यों

कन्हैया और गौरव के साथ खेत से लौट रहा था तभी उस पर पेड़ गिर गया। मेरठ से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार व बृहस्पतिवार की मध्यरात्रि को तेज आंधी-तूफान और बारिश की वजह से हुई दुर्घटनाओं में एक डॉक्टर समेत तीन लोगों की मौत हो गयी तथा आठ अन्य घायल हो गये। तेज आंधी के कारण जिले में जगह-जगह पेड़ और बिजली के खम्बे गिरने से बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की चमन कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय डॉक्टर सुबहान सैफी देहरादून से कार से मेरठ लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि मोदीपुरम क्षेत्र में रुड़की रोड पर उनकी कार पर तेज आंधी के दौरान एक खम्बा गिर गया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे में उनके मामा और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, एक अन्य घटना में दौराला क्षेत्र के रुहासा गांव निवासी 32 वर्षीय किसान अमित चौधरी अपने नौ वर्षीय पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि बड़कली गांव के पास बारिश से बचने के लिए वह एक पीपल के पेड़ के नीचे रुके, तभी पेड़ गिरने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसका बेटा सुरक्षित है। इसके अलावा मोदीपुरम फ्लाईओवर के पास कजरिया शोरूम के बाहर बनी दीवार आंधी के दौरान ढह गई। अधिकारियों ने बताया कि उसी दौरान वहां से गुजर रहा मजदूर मंसूर मलबे में दब गया और उसका शव बृहस्पतिवार सुबह बरामद हुआ। उनके मुताहिक, शहर के विभिन्न हिस्सों में दीवारें, पेड़, होर्डिंग और अवैध यूनिपोल गिरने से कम से कम आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सहारनपुर जिले में पिछली रात आये आंधी-तूफान और भारी वर्षा के बीच देवबंद क्षेत्र में गिरी बिजली की चपेट में आने से खेत पर काम कर रहे अनिल (65) और उसके 35 वर्षीय भतीजे की मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति झुलस गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कुरडी गांव निवासी 30 वर्षीय अंकित अपने मकान की छत पर टहल रहा था तभी उस पर बिजली गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

विनय शंकर

बैंक आफ कामर्स, आईडीबीआई बैंक, एक्सिस बैंक व सेंट्रल बैंक आफ इंडिया से करीब 754 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप है। सीबीआई पहले ही अभियुक्तों के खिलाफ साजिश व धोखाधड़ी में आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। 8 अक्टूबर, 2020 को सीबीआई ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसके पश्चात ईडी ने भी मनी लॉड्रिंग का मामला पाते हुए, अभियुक्तों के विरुद्ध परिवाद दाखिल किया। मामले की शिकायत बैंक आफ इंडिया के तत्कालीन जोनल मैनेजर यादवेंद्र नारायण द्विवेदी द्वारा दर्ज कराई गई थी। मामले के सह अभियुक्त अजीत पांडेय को भी गुरूवार को जमानत मिल गई।

भारतीय सेना

का नया रूप है और पाकिस्तान के साथ कोई व्यापार या बातचीत नहीं होगी, केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बारे में बात होगी। पाकिस्तान को सख्त संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि भारत परमाणु धमकियों से डरने वाला नहीं है और अगर देश पर आतंकवादी हमला होता है तो वह उसका मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय कर दिए हैं। पहला- भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो करारा जवाब मिलेगा। समय हमारी सेनाएं तय करेंगी, तरीका भी हमारी सेनाएं तय करेंगी, और शर्तें भी हमारी होंगी। दूसरा-एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। और तीसरा- हम आतंक के आकाओं और आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे, उन्हें एक ही मानेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का ये स्टेट और नॉन-स्टेट एक्टर वाला खेल अब नहीं चलेगा। ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी, और तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने बीकानेर में नाल एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन उसे रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा सका। मोदी ने कहा यहां से कुछ ही दूर सीमा पार पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस है, पता नहीं आगे कब खुलेगा, आईसीयू में पड़ा है। भारत की सेना के अचूक प्रहार ने, इस एयरबेस को तहस-नहस कर दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत से कभी सीधी लड़ाई जीत ही नहीं सकता। प्रधानमंत्री ने कहा जब भी सीधी लड़ाई होती है तो पाकिस्तान को बार बार मुंह की खानी पड़ती है। इसलिए पाकिस्तान ने आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाया है। मोदी ने 2019 के बालाकोट हवाई हमले के बाद राजस्थान के चूरू में अपनी सार्वजनिक रैली को याद किया और कहा कि उन्होंने तब कहा था, "सौगंध मुझे इस मिट्टी की, मैं देश नहीं मिटने दूंगा, मैं देश नहीं झुकने दूंगा। उन्होंने कहा आज राजस्थान की धरती से मैं देशवासियों से कहता हूं जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, आज (उन्होंने) कतरे कतरे का हिसाब चुकाया है। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे आज मलबे के ढेर में दबे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा यह शोध प्रतिशोध का खेल नहीं, ये न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। ये सिर्फ आक्रोश नहीं है ये समर्थ भारत का रौद्र रूप है। ये भारत का नया स्वरूप है। साल 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने पहले घर में घुसकर किया था वार, अब सीधा सीने पर किया प्रहार है। उन्होंने कहा, पिछले कई दशकों से यही चला आ रहा था।

गति व गौरव

इस योजना के तहत नया स्वरूप दिया गया है। इन स्टेशनों का पुनर्विकास यूपी में रेल यात्रियों के लिए सुगम और सुखद अनुभव सुनिश्चित करेगा। उत्तर प्रदेश के पुनर्विकसित स्टेशनों में आधुनिक सुविधाएं जैसे आधुनिक वेटिंग रूम, एस्केलेटर, लिफ्ट, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, डिजिटल डिस्प्ले, हरित ऊर्जा आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर और स्थानीय वास्तुशिल्प की झलक जैसे कई नवाचार किए गए हैं। ये स्टेशन न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन देंगे। बीकानेर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के बाद लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा आज राष्ट्र को समर्पित किए गए उत्तर प्रदेश के 19 अमृत स्टेशनों समेत देश के सभी 103 अमृत स्टेशन 'नए भारत' में विरासत के संरक्षणए विकास के संकल्प तथा 'गति एवं गौरव' के उत्तम समन्वय के नए प्रतीक हैं। देश भर में पुनर्विकसित ये अमृत स्टेशन ऐसे 'नए भारत' की संकल्पना को साकार करते हैं, जहां सुविधाएं, तकनीक और सांस्कृतिक गौरव एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। निश्चित ही ये अमृत स्टेशन क्षेत्र के विकास, स्थानीय संस्कृति के उन्नयनए पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार में सहायक सिद्ध होंगे। सीएम योगी ने यात्रियों को एकीकृत आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुलभ और आत्मीय यात्रा का अनुभव देने वाले इन अमृत स्टेशनों के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार जताया है। बता दें कि देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित इन 103 स्टेशनों को 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1,300 से अधिक स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय वास्तुकला को दर्शाने और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। मोदी सरकार में पिछले 11 वर्षों में 34 हजार किमी रेल पटरियां बिछाई गई हैं।

एक मतदान

ने भाग लिया। निर्वाचन आयोग ने आम आदमी पार्टी, भाजपा, बसपा, माकपा और एनपीपी समेत कई राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय दलों के प्रमुखों से विशेष बैठकें कीं। साथ ही, बिहार, तमिलनाडु और पुडुचेरी में राजनीतिक दलों के बूथ स्तर एजेंटों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। निर्वाचन आयोग ने एकीकृत डैशबोर्ड इकीनेट शुरू किया है, जो एकल एप्लिकेशन के माध्यम से 40 से अधिक ऐप्स और वेबसाइट्स को प्रतिस्थापित करेगा। साथ ही, डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबर की समस्या के समाधान के लिए एक नई प्रणाली लागू की गई है जिससे प्रत्येक मतदाता को विशिष्ट ईपीआईसी नंबर सुनिश्चित किया जा सके। मतदाता सूची तैयार करने और निर्वाचन संचालन में शामिल 28 हितधारकों की पहचान की गई है, जिनमें मतदाता, अधिकारी, राजनीतिक दल, उम्मीदवार इत्यादि शामिल हैं। इन सभी हितधारकों के लिए संबंधित अधिनियमों, नियमों और आयोग के निर्देशों पर आधारित प्रशिक्षण प्रस्तुतियां तैयार की जा रही हैं। बूथ स्तर अधिकारियों को मानक फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

आतंकवाद के

साजिशों और आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया के बारे में बताने के लिए विदेश दौरा करने का काम सौंपा है। ये प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों की यात्रा करेंगे। अल नुएमी ने कहा, "आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। बुद्धिमान लोगों को इसके खिलाफ बोलना चाहिए" उन्होंने इस खतरे से निपटने के लिए अमीरात की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। भारत के साथ गहरे द्विपक्षीय संबंधों को रेखांकित करते हुए यूएई के नेता ने कहा, "हम आतंकवाद से लड़ने के प्रयासों में पहले से ही भारत के साथ सहयोग कर रहे हैं। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

श्री हेमकुण्ड

बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने यात्रा मार्गों पर की गई व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की सराहना की। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्लास्टिक मुक्त यात्रा को अपनाएं और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा दें। उन्होंने यात्रा आयोजन में लगे गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, सेवादारों, प्रशासनिक अधिकारियों और सुरक्षा बलों के प्रयासों के लिए आभार जताया।

मिट्टी का

को बताया कि जिले के छपिया थाना क्षेत्र के पिपरा माहिम गांव में बुधवार देर रात मासूम-ए-मिल्लत मजार के दोनों तरफ जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई की जा रही थी तभी अचानक टीला ढह गया। उन्होंने बताया कि टीला ढहने से मजार की देखरेख करने वाले फरजान रजा (38), शकील मोहम्मद (50), असद (14) और फकीर मोहम्मद (20) मिट्टी में दब गए। ग्रामीणों की मदद से चारों को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने शकील, अशद और फकीर को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल फरजान को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

लखनऊ ने गुजरात को दिया 236 रन का लक्ष्य

आईपीएल 2025 : मिचेल मार्श को पहला आईपीएल शतक, पूरन ने फिफ्टी लगायी

एजेंसी

अहमदाबाद। लखनऊ सुपरजायंट्स ने आईपीएल के 64वें मैच में गुजरात टाइटंस को 236 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने बॉलिंग चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में दो विकेट पर 235 रन बनाए। निकोलस पूरन 27 बॉल पर 56 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान ऋषभ पंत 6 बॉल पर नाबाद 16 रन बनाए। ओपनर मिचेल मार्श ने 64 बॉल पर 10 चौके और 8 छक्कों के सहारे 117 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने आईपीएल में पहला शतक लगाया है। वे मौजूदा सीजन में शतक बनाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बने हैं। सीजन में अब तक 7 शतक लग चुके हैं। मार्श के अलावा, ऐडन मार्करम ने 24 बॉल पर 36 रन बनाए। अरशद खान और साई किशोर को एक-एक विकेट मिला। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे कगिसो रबाडा ने 14 रन दिए। इसके सहारे लखनऊ ने 20 ओवर में 235 रन का स्कोर खड़ा किया है।

निकोलस पूरन 56 और ऋषभ पंत 16 रन पर नाबाद लौटे। 19वें ओवर में लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां मिचेल मार्श 64 बॉल पर 117 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अरशद खान ने शेरफेन रदरफोर्ड के हाथों कैच कराया। अरशद ने शतकीय साझेदारी को तोड़ा। 18वें ओवर में निकोलस पूरन ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 23 बॉल पर अर्धशतक बनाया। इसी ओवर में लखनऊ ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। मार्श ने प्रसिद्ध कृष्णा के ओवर में लगातार दो छक्के लगाए। 17वें ओवर में मिचेल मार्श ने 56 बॉल पर शतक पूरा कर लिया है। यह उनका पहला कढछ शतक है। वे इस सीजन में शतक बनाने वाले पहले विदेश खिलाड़ी बने हैं। सीजन में अब तक 7 शतक लग चुके हैं। 15वें ओवर में लखनऊ की टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। निकोलस पूरन ने साई किशोर के ओवर की दूसरी बॉल पर चौका लगाकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। पूरन और मार्श ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। टीम ने 91 रन पर पहला विकेट गंवाया था। 14वें ओवर में मिचेल मार्श और राशिद खान ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। राशिद खान के ओवर की पहली बॉल पर निकोलस पूरन ने छक्का लगाकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। राशिद खान ने इस ओवर में 11 रन खर्च किए। वे अपने दो ओवर में 36 रन दे चुके हैं। मिचेल मार्श ने 12वां ओवर डाल रहे राशिद खान की बॉल पर लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। मार्श ने राशिद खान के इस ओवर से 25 रन लिए। 10वें ओवर में मिचेल मार्श ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 33 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने साई किशोर की दूसरी बॉल पर छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया। ओवर की 5वीं बॉल पर ऐडन मार्करम 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें साई किशोर ने शाहरुख खान के हाथों कैच कराया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मजबूत शुरूआत की है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में बिना नुकसान के 53 रन बना लिए हैं। ऐडन मार्करम और मिचेल मार्श की जोड़ी क्रीज पर है। छठे ओवर में कगिसो रबाडा की बाउंसर ऐडन मार्करम के कंधे पर लगी। इसी ओवर में मार्करम ने रबाडा की बॉल पर लगातार दो छक्के लगाए। इनकी मदद से मार्करम-मार्श ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली। रबाडा के इस ओवर से 15 रन आए। पारी का 5वां ओवर डाल रहे मोहम्मद सिराज ने महज 5 रन दिए।

इस ओवर की तीसरी बॉल पर मिचेल मार्श ने चौका लगाया था। लखनऊ की पारी का दूसरा ओवर डाल रहे अरशद खान अपने बॉलिंग रनअप में दो बार फिसलकर गिरे। उन्हें कुछ देर के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा। हालांकि, ट्रीटमेंट के बाद वापस लौटकर अपना ओवर भी पूरा किया। इस ओवर से 14 रन आए। पहली बॉल पर ऐडन मार्करम ने चौका लगाया। फिर तीसरी बॉल पर मार्श ने छक्का मारा। मैच के पहले ओवर में मोहम्मद सिराज ने 8 रन खर्च किए। उनके ओवर की पहली बॉल पर ऐडन मार्करम ने चौका लगाकर टीम का खाता खोला।

आईपीएल प्ले-ऑफ के लिए बेथेल की जगह लेंगे सिफर्ट

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्ले-ऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा। न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे। वह दो करोड़ रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे। बयान में कहा गया है, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टिम सिफर्ट से करार किया है क्योंकि जैकब बेथेल 23 मई 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए 24 मई 2025 को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 की टीम घोषित

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की जो सात जून से नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेली जाएगी। भारतीय टीम अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो दो मैचों के साथ करेगी।

इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन में अर्जेंटीना के खिलाफ डबल हेडर खेला जाएगा। फिर टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए एंटवर्प की यात्रा करेगी और 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ मैच के बाद अपना अभियान समाप्त करेगी।

भारत ने इस साल के शुरू में भुवनेश्वर में प्रो लीग का घरेलू चरण खेला था जिसमें टीम ने आठ मैच में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए और अब अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा हम इस बार टीम में थोड़ा और अनुभव चाहते थे और मैं टीम चयन से बहुत खुश हूं।

उन्होंने कहा टीम अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और हम जितना संभव हो सके उतना प्रयास करने और प्रो लीग जीतने की कोशिश कर रहे हैं। विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम खुद को इसके लिए अच्छी स्थिति में लाने के लिए अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने का प्रयास करना चाहते हैं। भुवनेश्वर चरण के बाद से भारत ने अपनी टीम को 32 से घटाकर 24 सदस्य कर दिया है। जिन खिलाड़ियों को टीम में नहीं चुना गया है उनमें डिफेंडर वरुण कुमार, मिडफील्डर मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह और फॉरवर्ड बॉबी सिंह धमी, अरिजीत सिंह हुंडल, उत्तम सिंह, अंगद बीर सिंह और अर्शदीप शामिल हैं।

संक्षेप

श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

कुआलालंपुर। भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर के मैच में आयरलैंड के एनहाट गुयेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन एच एस प्रणय सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। श्रीकांत ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी गुयेन के खिलाफ 59 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-17 से जीत हासिल की। श्रीकांत अंतिम आठ मुकाबले में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। प्रणय को पुरुष एकल प्री क्वार्टरफाइनल में जापान के युशी टनाका से 9-21, 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दिन में अन्य प्री क्वार्टरफाइनल मैच में भारतीयों में आयुष शेट्टी और सतीश करुणाकरण भी हार गए। पोपोव ने दूसरे दौर के मैच में शेट्टी को 21-13, 21-17 से हराकर बाहर कर दिया। वहीं करुणाकरण को उन्हें टोमा के भाई और युगल जोड़ीदार क्रिस्टो पोपोव से 14-21, 16-21 से पराजय मिली। युगल स्पर्धा में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने फ्रांस के ली पालेर्मो और जूलियन मैयो की जोड़ी के खिलाफ 21-17, 18-21, 21-15 से जीत के साथ मिश्रित स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पीएसएल के मैच हॉक आई व डीआरएस के बिना : सूत्र

लाहौर। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बचे मैच हॉक आई और डीआरएस तकनीक के बिना आयोजित किए जाने की तैयारी है क्योंकि इसके ज्यादातर तकनीशियन भारत से हैं और दोनों देशों के बीच हाल में हुए सैन्य संघर्ष के बाद उनके लौटने की उम्मीद नहीं है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के चलते पीएसएल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। पीसीबी ने पीएसएल के बचे मैच संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित करने की कोशिश की लेकिन अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। इसके बाद पीएसएल के 10वें चरण को पूरा करने में पीसीबी को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

मुकेश पर आचार संहिता के उल्लंघन का लगा जुर्माना

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मुकेश को अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक के उल्लघंन के लिए एक डिमेरिट अंक भी दिया गया।

पोलैंड में फिर आमने- सामने चोपड़ा व वेबर

एजेंसी

चोरजोव (पोलैंड)। पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया। 2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। पीटर्स दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन माडरि (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। चोपड़ा 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि यह तो बस शुरुआत थी और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे।

इस सत्र की अहम प्रतियोगिता सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप होगी जहां वह अपना खिताब बचाएंगे। अब चोपड़ा को कमर की समस्या नहीं हैं जिसने पिछले कुछ वर्षों में उनके प्रदर्शन को प्रभावित किया है। सबसे लंबे थ्रो का विश्व रिकॉर्ड रखने वाले महान एथलीट जान जेलेजनी से ट्रेनिंग लेने के बाद वह और भी अधिक आश्वस्त हैं। चोपड़ा ने दोहा में कहा था, मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ मिलकर काम करना शुरू किया है। उन्होंने कहा इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप तक आने वाले टूर्नामेंट में और अधिक 90 मीटर थ्रो कर सकता हूं। पोलैंड में होने वाली यह प्रतियोगिता चोपड़ा के लिए इस सत्र की तीसरी प्रतियोगिता होगी।



सौ मीटर की बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी पुरानी तकनीक पर लौटी, एशियाई स्वर्ण पर नजरें

नयी दिल्ली। भारत की एशियाई खेल रजत पदक विजेता सौ मीटर की बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी ने चोट लगने के बाद अपनी रनिंग तकनीक में बदलाव का इरादा छोड़ दिया है और अब उनकी नजरें पुरानी तकनीक के साथ एशियाई चैम्पियनशिप खिताब बरकरार रखने पर लगी हैं। याराजी दक्षिण कोरिया के गुमी में 27 से 31 मई तक होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप में भाग ले रही भारत की 59 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने 2023 में बैंकॉक में 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण जीता था। उन्होंने टीम की रवानगी से पहले मीडिया से कहा मैने 2024 ओलंपिक से पहले तकनीक में बदलाव किया था लेकिन दो बार चोट लग गई।

एनसी क्लासिक की तैयारी कर रहा था : सचिन यादव

नयी दिल्ली। उभरते हुए भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव शुक्रवार को होने वाले पहले एनसी क्लासिक के स्थगित होने से थोड़े निराश हैं क्योंकि उन्हें इस खेल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा का फायदा उठाकर अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने की उम्मीद थी। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण प्रतियोगिता को स्थगित किए जाने से पहले सुपरस्टार और मेजबान नीरज चोपड़ा और यादव सहित कुल पांच भारतीयों को टूर्नामेंट के पहले सत्र में हिस्सा लेना था। बेंगलुरु में होने वाली इस प्रतियोगिता की नई तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है। उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों और कोच्चि में फेडरेशन कप राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले 25 वर्षीय यादव ने कहा कि वह एनसी क्लासिक में मजबूत प्रदर्शन के साथ इस साल होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करना चाहते थे। यादव ने दक्षिण कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से पहले कहा, मैं एनसी क्लासिक के लिए तैयारी कर रहा था। टूर्नामेंट में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को हिस्सा लेना था और जब आप दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं तो आप बेहतर प्रदर्शन करते हैं। मैं एनसी क्लासिक के दौरान विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग स्तर को हासिल करने की उम्मीद कर रहा था।

भारत के अंडर-19 की अगुआई करेंगे आयुष, सूर्यवंशी भी शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुंबई के आयुष म्हात्रे को बृहस्पतिवार को अगले महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैच की युवा वनडे श्रृंखला और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच शामिल होंगे।

सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शानदार सत्र के बाद हुआ है। बिहार के समस्तीपुर के इस युवा खिलाड़ी ने आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर पूरे देश का दिल जीत लिया था और पिछले महीने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद में बनाया गया उनका शतक भी लीग का दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने बिहार के लिए पांच प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले हैं लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में शतक बनाया था। दूसरी ओर 17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज ने इस सत्र के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे। मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे की जगह उप कप्तान बनाया गया है। एक और दिलचस्प चयन केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान का है जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

एशियाई चैंपियनशिप के लिए 22 खिलाड़ियों के वीजा मुद्दे सुलझा : एएफआई

नयी दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि दक्षिण कोरिया में 27 मई से शुरू होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए जाने वाले 22 खिलाड़ियों के वीजा मुद्दे सुलझा लिए गए हैं जिससे दल समय पर पहुंच जाएगा। एएफआई ने गुमी में 27-31 मई को होने वाली महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए 59 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी जिसमें दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को छोड़कर ज्यादातर शीर्ष स्टार खिलाड़ी शामिल होंगे। चोपड़ा के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद नहीं थी क्योंकि इस सत्र में उनका ध्यान डायमंड लीग प्रतियोगिता और सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप पर ही लगा है। एएफआई महासचिव संदीप मेहता ने टीम के रवाना होने से पहले मीडिया से कहा खेल मंत्रालय और दक्षिण कोरिया दूतावास के प्रयासों से हमें खिलाड़ियों के वीजा बृहस्पतिवार शाम को मिल जाएंगे।

सनराइजर्स हैदराबाद व आरसीबी का मुकाबला आज

एजेंसी

लखनऊ। पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का लक्ष्य शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर नौ साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने का होगा। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी टीम 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत शीर्ष दो स्थान को सुरक्षित कर सकती है। शुक्रवार का मैच मूल रूप से बेंगलुरु की टीम का घरेलू मैच था लेकिन मानसून की शुरुआत के कारण इसे स्थानांतरित कर दिया गया।

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के हुए व्यवधान से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी और टीम ने लगातार चार जीत हासिल की थी। लेकिन लीग के फिर शुरू होने के बाद पहले मैच के बारिश से धुलने के कारण उसकी लय में बाधा आ गई। 20 दिन के ब्रेक के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम अपनी लय और प्रतिस्पर्धी बढ़त बरकरार रख पाती है या नहीं। आईपीएल खिताब जीतने की दौड़ में शामिल आरसीबी ने हाल के दिनों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमेशा की तरह टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने 11 पारियों में सात अर्धशतक बनाए हैं। कप्तान रजत पाटीदार, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने समय-समय पर पावरहिटिंग करके उनका अच्छा साथ दिया है। हालांकि ब्रेक से ठीक पहले पाटीदार की फॉर्म में गिरावट आई। वह अपने पहले पांच मैचों में 37.2 की औसत के बाद अगले पांच मैचों में 10.6 के औसत से सिर्फ 53 रन ही बना पाए। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान लगी उंगली की चोट से उबरने के बाद अब वह फिर नेट्स पर खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं जो आरसीबी के लिए अच्छा संकेत है। क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा की स्पिन जोड़ी बहुत प्रभावी रही है जबकि जोश हेजलवुड और यश दयाल ने तेज गेंदबाजी विभाग में मुश्किल ओवरों को आसानी से पूरा किया है। हेजलवुड हालांकि अपने कंधे की चोट से उबरने की वजह से मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। आरसीबी के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी इस मैच और उसके बाद के लिए उपलब्ध हैं। पिछले साल फाइनल तक पहुंची सनराइजर्स हैदराबाद की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। टीम इसी लय को जारी रखने और इस सत्र को जीत से समाप्त करने की कोशिश करेगी।

एसआरएच के अभियान में विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने बीच बीच में अच्छी पारियां खेली लेकिन लगातार अच्छा नहीं कर सके जिसके कारण टीम तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है। कप्तान पैट कमिंस और भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उनकी गेंदबाजी इकाई संघर्ष करती दिखी है। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

खिलाड़ियों के साथ आशीष नेहरा का संवाद शानदार: गिल

नयी दिल्ली। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने मौजूदा आईपीएल में टीम के शानदार प्रदर्शन का श्रेय बृहस्पतिवार को मुख्य कोच आशीष नेहरा के खिलाड़ियों के साथ शानदार संवाद को दिया और कहा कि पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज को पता था कि टीम को कैसे तैयार करना है। आईपीएल 2022 में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने वाली गुजरात की टीम मौजूदा सत्र में 12 मैच में नौ जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है।

जियो हॉटस्टार के साथ बातचीत के दौरान गिल ने टीम की पहचान बनाने और गेंदबाजी इकाई को सशक्त बनाने का श्रेय पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज नेहरा को दिया। गिल ने कहा मुझे लगता है कि जब गुजरात टाइटंस पहले साल में खेल रही थी तब आशीष नेहरा के पास एक स्पष्ट दृष्टिकोण था - वह जानते थे कि वह टीम को कैसे तैयार करना चाहते हैं और खिलाड़ियों की भूमिकाएं कैसे परिभाषित करना चाहते हैं। मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह खिलाड़ियों के साथ उनका संवाद बेहतरीन रहा है। उन्होंने कहा हमेशा ऐसे विभाग होते हैं जिनमें सुधार किया जा सकता है। और जिस तरह से वह खिलाड़ियों के साथ व्यक्तिगत रूप से काम करते हैं - विशेषकर गेंदबाजों के साथ- वह सबसे अलग है।

टोटेनहम ने जीता यूरोपा लीग खिताब

एजेंसी

बिलबाओ। टोटेनहम ने बुधवार को मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर यूरोपा लीग फाइनल जीता और चार दशक से अधिक समय में अपनी पहली यूरोपीय ट्रॉफी हासिल की। इस तरह टोटेनहम का खिताब का सूखा आखिरकार खत्म हो गया। 2008 में इंग्लिश लीग कप जीतने के बाद टोटेनहम का पहला बड़ा खिताब है और 1984 में अपना दूसरा यूएफा कप जीतने के बाद यूरोपीय लीग में पहली जीत है। टोटेनहम के लिए ब्रेनन जॉनसन ने पहले हाफ के अंत में विजयी गोल दागकर जीत सुनिश्चित की। जॉनसन ने कहा इस क्लब ने 17

ट्रॉफी का सूखा खत्म किया

साल से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है। यह ट्रॉफी बहुत मायने रखती है। टोटेनहम एक अच्छी टीम है, लेकिन कभी भी जीत नहीं पाती। हमने जीत हासिल की। इस खिताब से टीम को अगले सत्र की चैंपियंस लीग में जगह मिलने की गारंटी मिली। टोटेनहम ने यूरोपा लीग में अपना अभियान 10 जीत, तीन ड्रॉ और दो हार से खत्म किया।

मूसा ने भारतीय अंडर-23 टीम के लिए 29 संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की

नयी दिल्ली। भारतीय अंडर-23 पुरुष टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने बृहस्पतिवार को अगले महीने ताजिकिस्तान के दुशांबे में होने वाले मैत्रीपूर्ण मैचों के लिए 29 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की। टीम का शिविर कोलकाता में एक जून से शुरू होगा।

भारत अंडर-23 टीम 18 जून और 21 जून को क्रमशः दो मैचों में ताजिकिस्तान अंडर-23 और किर्गिज गणराज्य अंडर-23 टीमों का सामना करेगी जो सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है। टीम का शिविर कोलकाता में एक जून से शुरू होगा और टीम 16 जून को दुशांबे के लिए रवाना होगी। भारत अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय टीम के संभावित खिलाड़ियों की सूचीः

गोलकीपरः साहिल, प्रियांश दुबे, मोहम्मद अरबाज।

डिफेंडरः निखिल बारला, दिप्पेंदु बिस्वास, बिकाश युमनाम, प्रमवीर, क्लेरेंस फर्नांडीस, सज्जाद हुसैन पों, मुहम्मद साहीफ, शुभम भट्टाचार्य, सुमन डे।

मिडफील्डरः विबिन मोहनन, लालरेमत्लुआंगा फनाई, विनिथ वेंकटेश, हर्ष पात्रे, राहुल राजू, लालरिनलियाना हनामटे, मैकर्टन लुइस निकसन, मंगलेंथांग किपगेन, चिंगंगबाम शिवाल्डो सिंह, मोहम्मद ऐमेन, हुइड्रोम थोई सिंह।

फॉरवर्डः पार्थिब सुंदर गोगोई, एमडी सुहैल, कोरू सिंह थिंगुजम, मोहम्मद सनन के, एलन शाजी, जोसेफ सनी।

आतंकवादियों का होगा पूर्ण सफाया

ऑपरेशन सिंदूर के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया कड़ा संदेश: धनखड़

पणजी। ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे उदंड पड़ोसियों और वैश्विक समुदाय को संदेश दिया है कि आतंकवाद को दंडित किया जाएगा और आतंकवादियों का ढूंढ -ढूंढ कर सफाया किया जाएगा। छह मई की आधी रात और 10 मई के बीच इस अभियान के दौरान भारतीय सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए यह अभियान चलाया था। पहलगाम में 22 अप्रैल को भीषण आतंकी हमले में 26 लोग मारे गये थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब बदल हुआ है, वह विश्वास और साहस से भरा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल हमारे उदंड पड़ोसियों को, बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय को यह संदेश दिया है कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इससे भी आगे बढ़कर आतंकवादियों को दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे (आतंकवादी) जहां भी हों, ढूंढ-ढूंढ कर उनका सफाया किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत थी और यह जारी है। हमें इसे पूरा करने के लिए अपने प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता को सलाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया ने भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत को स्वीकार किया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निशाना सटीक और संतुलित था। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के प्रभाव पर कोई असहमति नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी ने सबूत नहीं मांगे क्योंकि जब ताबूत ले जाये गये तो (पाकिस्तानी) सेना मौजूद थी, आतंकवादी मौजूद थे, (पाक) सरकार मौजूद थी। और इसलिए, देश को गौरवान्वित करने के लिए हमारे सशस्त्र बलों को सलाम। उपराष्ट्रपति गोवा राजभवन के वामन वृक्षकला उद्यान में प्राचीन भारतीय चिकित्सक चरक और सुश्रुत की कांस्य प्रतिमाओं का अनावरण करने के बाद बोल रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लै, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दामोदर नाइक भी मौजूद थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसानों को कृषि उपज के विपणन के साथ-साथ मूल्य संवर्धन में भी पूरी तरह शामिल किया जाना चाहिए और साथ ही इस क्षेत्र से लाभान्वित होने वाले उद्योगपतियों को भी इसमें योगदान देना चाहिए। वह ओल्ड गोवा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में कृषिविदों को संबोधित कर रहे थे। किसानों को कृषि उपज के विपणन के साथ-साथ मूल्य संवर्धन में भी पूरी तरह से शामिल किया जाना चाहिए। किसान की आय में बड़ा बदलाव तभी आएगा जब किसान कृषि के व्यवसाय से भी जुड़ेगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृषि उपज पर आधारित कई कारखाने हैं।

टकराव समाप्त करने को लेकर भारत पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सहमति बनी



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष समाप्त करने को लेकर सहमति दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी है।

जयशंकर ने यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे की पृष्ठभूमि में कही है कि वाशिंगटन ने सहमति बनाने में भूमिका निभाई थी। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत भविष्य में पहलगाम जैसे किसी भी आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में आतंकवादियों पर फिर से हमला करेगा। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है। नीदरलैंड के प्रसारक एनओएस को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि सरकार इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है कि यदि ऐसा कोई हमला होता है, तो जवाब दिया जाएगा। जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी के दौरे के तहत नीदरलैंड के हेग शहर में थे। उन्होंने कहा कि यह अभियान जारी है क्योंकि इसमें एक स्पष्ट संदेश है - कि अगर 22 अप्रैल जैसी हरकतें फिर होती हैं तो इनका जवाब दिया जाएगा, हम आतंकवादियों पर हमला करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर आतंकवादी पाकिस्तान में हैं, तो हम उनपर वहीं प्रहार करेंगे, जहां वे हैं। इसलिए, ऑपरेशन जारी रखने में एक संदेश है, लेकिन ऑपरेशन जारी रखना एक-दूसरे पर गोलीबारी करने के समान नहीं है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत छह और सात मई की दरम्यानी रात आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। भारतीय कार्रवाई के बाद, पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारत के सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। पाकिस्तानी प्रयासों का भारत ने पूरी कड़ाई से जवाब दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 10 मई को घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान भूमि, वायु और समुद्र पर सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रोकने पर सहमत हो गए हैं। जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि टकराव समाप्त करने की व्यवस्था पर भारत और पाकिस्तान दोनों ने मुहर लगाई। जब दो देश संघर्ष में उलझे होते हैं।

संक्षेप

वक्फ मामले में अंतरिम आदेश सुरक्षित रखा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद बृहस्पतिवार को तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति भी शामिल है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संशोधित वक्फ कानून का विरोध करने वालों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक सिंघवी तथा केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें लगातार तीन दिन तक सुनीं, जिसके बाद अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया। केंद्र ने इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और संवैधानिकता की धारणा के इसके पक्ष में होने के मद्देनजर इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वहीं, याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे सिब्बल ने इस कानून को ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन तथा गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने का जरिया बताया।

पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी गिरफ्त से दूर

पहलगाम। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय खच्चर वाले की मौत के एक महीने बाद भी इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी सुरक्षा बलों की गिरफ्त से दूर हैं। आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कश्मीर घाटी में शुरू किये गये व्यापक अभियान के बावजूद सुरक्षा बल खाली हाथ हैं।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बैसरन इलाके में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के बाद शुरू किए गए विभिन्न अभियानों में कई कुख्यात आतंकवादी मारे गए हैं लेकिन इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी सुरक्षा बलों की पकड़ से दूर हैं। मामले की जांच का जिम्मा संभालने वाली राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस आतंकी हमले में शामिल हो सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों से पूछताछ की गई है, उनमें वे लोग भी शामिल हैं जो बैसरन में पर्यटकों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करते थे, जैसे कि खाद्य पदार्थ स्टॉल मालिक, जिपलाइन संचालक और खच्चरवाले।

ट्रंप के दावे का संसद में जवाब दें प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताजा बयान को लेकर बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिल्मों जैसे खोखले संवाद बोलने के बजाय संसद का विशेष सत्र बुलाकर सदन के पटल पर स्पष्टीकरण देना चाहिए तथा सभी दलों के नेताओं से भी बातचीत करनी चाहिए।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों को विभिन्न देशों के दौरे पर भेजना दिखावे की निरर्थक कवायद है और फिलहाल यह जरूरी है कि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर को रोके जाने से जुड़े सवालों का सरकार जवाब दे तथा संसद से एक सामूहिक संकल्प दुनिया के सामने रखा जाए। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक फिर यह दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य तनाव को व्यापार समझौते के जरिए सुलझाया है। उन्होंने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से व्हाइट हाउस में मुलाकात के दौरान यह दावा किया। रमेश ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री अपने करीबी दोस्त द्वारा बार-बार किए जा रहे इन दावों पर पूरी तरह मौन हैं। विदेश मंत्री जयशंकर भी अपने मित्र, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा दिए गए बयानों पर पूरी तरह खामोश हैं। रुबियो ने तो यहां तक दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी तटस्थ स्थान पर बातचीत होगी। उनका कहना था, जब हम प्रतिनिधिमंडलों को दुनिया भर में भेज रहे हैं तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने आठवीं बार इस तरह का दावा किया है...अब तो भारत और पाकिस्तान को बराबरी पर रखा जा रहा है। रमेश ने यह दावा भी किया, कुछ खबरों में कहा गया है कि पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार ये आतंकवादी कुछ महीने पहले हुए तीन आतंकी हमलों में भी शामिल थे।

वाशिंग्टन में इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या

वाशिंगटन। वाशिंगटन स्थित इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की बुधवार शाम एक यहूदी संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम से बाहर निकलते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना के संबंध में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है जिसने फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाए थे।

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने मृतकों की पहचान यारोन लिशिंस्की और सारा मिलग्रिम के रूप में की। लिशिंस्की शोध सहायक थे और मिलग्रिम इजराइल में यात्राओं और मिशनों का आयोजन करती थीं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कैपिटल यहूदी संग्रहालय में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एक पुरुष और एक महिला बाहर निकल रहे थे तभी 30 वर्षीय संदिग्ध चार लोगों के एक समूह के पास पहुंचा और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। स्मिथ ने बताया कि संदिग्ध की पहचान शिकागो निवासी एलियास रोड्रिग्ज (30) के रूप में हुई है। उसे गोलीबारी से पहले संग्रहालय के बाहर घूमते हुए देखा गया था, गोलीबारी के बाद वह संग्रहालय के अंदर गया जहां सुरक्षाकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया। स्मिथ ने कहा कि जब उसे हिरासत में लिया गया तो उसने फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाए। स्मिथ ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसा नहीं लगता कि समुदाय के लिए कोई खतरा है। इस हमले के बाद इजराइली दूतावासों ने अपनी सुरक्षा बढ़ा दी है। गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय में हुई है जब इजराइल ने हमास के साथ युद्ध में गाजा पट्टी में एक और बड़ा हमला किया है, जिससे पश्चिम एशिया में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सुबह सोशल मीडिया पर लिखा, ये हत्याएं स्पष्ट रूप से यहूदी विरोधी भावना पर आधारित हैं, ये अब समाप्त होनी चाहिए। नफरत और कट्टरपंथ के लिए अमेरिका में कोई स्थान नहीं है। पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना। बहुत दुख की बात है कि ऐसी चीजें हो सकती हैं भगवान, आप सभी का भला करे।

ट्रंप ने रामाफोसा को भी दिखाये तेवर

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यालय ओवल ऑफिस को एक तरह से अखाड़े में तब्दील कर दिया है और इसी तरह का एक और नाटकीय दृश्य बुधवार को भी देखने को मिला जो ट्रंप के हिसाब से भी असाधारण था।

अमेरिका आए अपने मेहमान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा की मौजूदगी में ट्रंप ने बत्तियां बुझाने और वहां लाए गए एक टीवी पर वीडियो चलाने का आदेश दिया तथा इसी के साथ ओवल की कहानियों में एक नया प्रसंग जुड़ गया। ट्रंप टीवी पर दक्षिण अफ्रीका से जुड़ा एक वीडियो देख रहे थे जबकि रामाफोसा ने मुंह फेर रखा था। लगभग चार मिनट के वीडियो में अश्वेत नेताओं को श्वेत दक्षिण अफ्रीकी लोगों पर हमला करने के संबंध में रंगभेद विरोधी नारे लगाते दिखाया गया। इनमें एक भी नेता रामाफोसा की सरकार या राजनीतिक दल का नहीं था। वीडियो के अंत में पंक्तियों में लगे सफेद क्रॉस को दिखाया गया। ट्रंप ने कहा कि ये क्रॉस मारे गए श्वेत किसानों का प्रतीक हैं। ट्रंप ने कहा कि यह एक भयानक दृश्य है। मैंने पहले ऐसा कुछ कभी नहीं देखा। रामाफोसा नए व्यापार समझौते करने की उम्मीद लेकर आए थे लेकिन ट्रंप बैठक में इन आधारहीन आरोपों पर बात करना चाहते थे कि रामाफोसा के देश में श्वेत किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है एवं उनकी हत्याएं की जा रही हैं। रामाफोसा ने वीडियो पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि यह कहां हुआ? क्योंकि मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। इस घटना ने ओवल ऑफिस में लगभग तीन महीने पहले हुई ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की बैठक की याद दिला दी जिसमें दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई थी। हालांकि रामाफोसा और ट्रंप के बीच यह नाटकीय घटनाक्रम कटुता में नहीं बदला। ट्रंप ने वीडियो के अलावा कुछ कागज भी दिखाए और कहा कि ये श्वेत किसानों पर हमलों संबंधी रिपोर्ट के प्रिंटआउट हैं। ट्रंप ने कहा, मौत। मौत। भयानक मौत। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने दर्जनों श्वेत अफ्रीकी लोगों का शरणार्थी के रूप में अमेरिका में स्वागत किया है।

रूस और यूक्रेन में शांति वार्ता निर्धारित नहीं: क्रेमलिन

मॉस्को। रूस और यूक्रेन ने तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए आगे कोई प्रत्यक्ष वार्ता तय नहीं की है। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2022 के बाद से दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच आमने-सामने की पहली वार्ता के लगभग एक सप्ताह बाद क्रेमलिन के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। कुछ दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की थी कि वे तुरंत संघर्ष विराम वार्ता शुरू करेंगे। अगली बैठकों के बारे में कोई ठोस समझौता नहीं हुआ है। इस संबंध में अभी सहमति बननी बाकी है।

इंटरटेनमेंट...

कान्स 2025 में ऐश्वर्या राय बच्चन का देसी अंदाज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन 21 मई को कान्स के रेड कार्पेट पर लौटीं। जिसके बाद कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में अपने लुक को लेकर ऐश्वर्या राय बच्चन चर्चा में आ गईं। इस बार उनकी ड्रेस से ज्यादा लोगों की नजर उनके मांग में सजे चमकते लाल सिंदूर पर गई। आईवरी रंग की बारीक बुनी बनारसी साड़ी, हाथ से तैयार टिशू का दुपट्टा और गले में 500 कैरेट से ज्यादा माणिक और अनकट हीरों से बना हार, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा हो रही उनके सिंदूर की, जो भारतीयता का प्रतीक बनकर उभरा। ऐश्वर्या की साड़ी मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ??ने डिजाइन की है। ऐश्वर्या ने पहले भी पहनी थी साड़ी इस साल ऐश्वर्या की कान्स में यह 22वीं उपस्थिति रही। साल 2002 में उन्होंने फिल्म 'देवदास' की स्क्रीनिंग के दौरान

❍ **मांग में सजा लाल सिंदूर बना चर्चा का केंद्र ऑपरेशन सिंदूर के बीच सामने आया लुक**

पहली बार कान्स रेड कार्पेट पर कदम रखा था। उस समय उन्होंने नीता लुल्ला की डिजाइन की हुई पीले-गोल्ड रंग की साड़ी पहनी थी और वह एक रथ में बैठकर पहुंची थीं, जैसे कोई रजवाड़ी राजकुमारी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने आई हो। उनके साथ शाहरुख खान और निर्देशक संजय लीला भंसाली भी मौजूद थे। साथ ही 2003 में ऐश्वर्या ने कान्स में साड़ी पहनकर अपनी खूबसूरती से जलवा बिखेरा था। खास बात ये है कि ऐश्वर्या का ये लुक ऐसे समय में सामने आया है जब भारत सरकार 33 देशों में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बातचीत करने जा रही है। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शुरू हुआ था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए 33 देशों में 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है।

द कश्मीर फाइल्स के बाद बदल रहा करिअर गॉफ: दर्शन कुमार

मुंबई। दर्शन कुमार ने 'मैरी कॉम' से लेकर 'द कश्मीर फाइल्स' और वेब सीरीज 'आश्रम' तक अपने हर किरदार से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। कुछ बहुत अच्छे कॉन्सेप्ट पर काम चल रहा है और दो फिल्मों की शूटिंग तो लगभग पूरी हो चुकी है, जिनमें मैं लीड रोल में हूं।

फिलहाल नाम नहीं रिवील करने की इजाजत है। अभी प्रोड्यूसर्स से बातचीत चल रही है। बड़े निर्देशकों के साथ काम करने में बजट थोड़ा ज्यादा होता है क्योंकि उनकी फीस और टॉप लेवल की टीम शामिल होती है। 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी मेरी पिछली फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे मेकर्स को हिम्मत मिल रही है कि अगर कॉन्सेप्ट और फिल्म अच्छी हो तो कम बजट में भी अच्छा काम किया जा सकता है। निर्देशकों की तरफ से सकारात्मक संकेत हैं, बस उन्हें थोड़ा और आत्मविश्वास दिखाने की जरूरत है। मैं इस बात को लेकर श्योर हूं कि निर्देशक अब मुझे लीड रोल में लेने के लिए तैयार हैं।

सलमान के घर में जबरन घुस रहा शख्स गिरफ्तार

मुंबई। सलमान खान को लॉरेंस गैंग की धमकियां मिलने के बाद प्लस सिक्योरिटी मिली है। सलमान खान के घर में एक बार फिर एक शख्स के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 20 मई की है। खुलासा गुरुवार को हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 23 साल के आरोपी का नाम जीतेंद्र कुमार है और छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। 2 दिन में यह दूसरी घटना थी। बीती रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। दोनों मामलों की जांच जारी है।

बड़े पर्दे दिखेगी भारत के 'मिसाइल मैन' की कहानी

मुंबई। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में एक बेहद खास फिल्म का ऐलान हुआ है। इस फिल्म में भारत के 11वें राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जिंदगी को बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। इस फिल्म में नेशनल अवॉर्ड विनर और साउथ के सुपरस्टार धनुष डॉ. कलाम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन ओम राउत करेंगे, जिन्होंने 'तानाजीः द अनसंग वॉरियर' जैसी फिल्म बनाई है। वहीं, फिल्म को अभिषेक अग्रवाल (द कश्मीर फाइल्स फेम) और टी-सीरीज के भूषण

❍ **धनुष निभायेंगे डॉ. अब्दुल कलाम का रोल 'तानाजी' फेम ओम राउत करेंगे निर्देशन**

कुमार प्रोड्यूस करेंगे। रॉकेट साइंटिस्ट से राष्ट्रपति बनने का सफर गौरतलब है कि डॉ. कलाम का जीवन एक प्रेरणा है। रामेश्वरम के एक सामान्य परिवार से निकलकर उन्होंने करफड और ऊफऊड जैसी संस्थाओं में बड़ा योगदान दिया। मिसाइल प्रोग्राम में अहम भूमिका निभाई और भारत को न्यूक्लियर ताकत बनाया। बाद में वे देश के राष्ट्रपति बने और हमेशा लोगों के बीच रहे। अब कलाम का किरदार निभाएंगे धनुष धनुष ने अब तक कई बेहतरीन किरदार निभाए हैं। उनकी 'असुरन', 'मारी', 'वेलैला पट्टाधारी' (वीआईपी) जैसी फिल्में साउथ सिनेमा में ब्लॉकबस्टर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड में भी 'रांझणा' में अपने किरदार ने सभी का दिल जीत लिया।

उन्होंने 'अतरंगी रे' में भी काम किया। फिल्म को लेकर ओम राउत का कहना है कि इस फिल्म को बनाना उनके लिए एक कलात्मक चुनौती और सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। फिल्म की स्क्रिप्ट और मेकिंग इस फिल्म की स्क्रिप्ट साइविन क्वाड्रास ने लिखी है, जिन्होंने 'नीरजा', 'मैदान' और 'परमाणु' जैसी बायोपिक लिखी हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी में सिर्फ राष्ट्रपति कलाम नहीं, बल्कि एक शायर, शिक्षक और सपने देखने वाले इंसान की झलक भी देखने को मिलेगी। प्रोड्यूसर्स का क्या कहना है? अभिषेक अग्रवाल ने कहा, कलाम जी की कहानी को पर्दे पर लाना हमारे लिए सम्मान की बात है। ये फिल्म हर भारतीय के लिए गर्व का विषय होगी। भूषण कुमार ने भी कहा, ये सिर्फ फिल्म नहीं, एक श्रद्धांजलि है। डॉ. कलाम ने दिखाया कि कैसे सपने, समर्पण और सादगी से एक राष्ट्र बनाया जा सकता है।



Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com